वर्ष- 13 अंक - 240
लखनऊ, रविवार 3 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





धरने पर बैठी दलित पीड़िता से मिले सपा नेता, कार्यवाही की मांग 10

एलपीजी कीमतों में भारी उछाल पर मायावती ने जताई चिंता 03


-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = | 1,51,230/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = | 1,38,500/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = | 1,13,500/10 ग्राम |
| चांदी | = | 2,65,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### रोहित जैन नियुक्त हुए आरबीआई के नए डिप्टी गवर्नर

**नई दिल्ली।** सरकार ने रोहित जैन को तीन साल के कार्यकाल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। जैन, टी रबी शंकर का स्थान लेंगे, जिनका विस्तारित कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो गया। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने तीन मई या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन साल के लिए उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

### बेअदबी रोधी कानून के तहत श्री मुक्तसर साहिब में दर्ज किया गया पहला मामला

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने श्री मुक्तसर साहिब जिले की एक झुग्गी बस्ती में एक धार्मिक ग्रंथ के फटे पन्ने मिलने के बाद नए बेअदबी-रोधी कानून के तहत पहला मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि श्री मुक्तसर साहिब के मलोट स्थित कुचियां मोहल्ला में सुखमनी साहिब गुटका के फटे पन्ने मिलने की शिकायत के बाद बृहस्पतिवार रात मामला दर्ज किया गया। पुलिस उपाधीक्षक हरजीत सिंह ने बताया कि इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि गुटका साहिब के पन्ने गुरुद्वारे को सौंप दिए गए हैं। प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 और जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026 की धारा पांच के तहत दर्ज की गई है।

### अंडमान में बना नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**श्री विजय पुरम।** अंडमान निकोबार प्रशासन ने शनिवार को राधानगर बीच पर पानी के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यह विशाल तिरंगा स्वराज द्वीप (हैवलॉक द्वीप) में समुद्र के भीतर एक जटिल और सटीक समन्वित अभियान के तहत फहराया गया, जिसमें कई एजेंसियों और प्रशिक्षित गोताखोरों ने भाग लिया। इस तिरंगे की लंबाई 60 मीटर है जबकि चौड़ाई 40 मीटर है। कार्यक्रम को देखने के लिए उपराज्यपाल डी के जोशी, मुख्य सचिव चंद्र भूषण कुमार और पुलिस महानिदेशक एचएस धालीवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अंडमान निकोबार पुलिस, वन विभाग, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के कर्मियों के साथ-साथ विभिन्न गोताखारी केंद्रों के गोताखोरों ने पानी के भीतर ध्वज फहराने के इस जटिल अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। सुबह 10:35 बजे, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के निर्णायक ऋषि नाथ ने औपचारिक रूप से इस उपलब्धि की पुष्टि की और जोशी को प्रमाणपत्र प्रदान किया।

### राजस्व मामले निस्तारण में लखनऊ अव्वल

**लखनऊ।** प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। सीएम योगी हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा भी करते हैं। योगी सरकार की विशेष पहल के तहत तेजी से मामलों के निपटारे की रणनीति को अपनाया गया, जिससे राजस्व विवादों के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली आरसीसीएमएस की अप्रैल माह की जारी रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक लखनऊ में मामलों को निस्तारित किया गया है जबकि जनपद स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व वादों के निस्तारण में पिछले 16 माह से जौनपुर टॉप फाइव जिलों में बना हुआ है।

# देशभर में 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का परीक्षण, आपदा होने पर तुरंत मिलेगी सूचना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों तक त्वरित सूचना पहुंचाने के उद्देश्य से 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का आज यहां परीक्षण किया जिसमें सभी प्रकार के मोबाइल के स्क्रीन पर एक ही समय में एक मैसेज बॉक्स में आपात स्थिति का संदेश उभरता है तथा ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक विशिष्ट प्रकार की बीप ध्वनि के साथ वाइबेट करता है।

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह एक कार्यक्रम में रिमोट के माध्यम से इसके देशव्यापी परीक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

परीक्षण के तहत लगभग 11:45 बजे देशभर में मोबाइल फोन पर एक साथ बीप ध्वनि के साथ इमरजेंसी अलर्ट संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में स्पष्ट किया गया कि यह एक परीक्षण है और जनता को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है। यह



Extremely severe alert

India, launches Cell Broadcast using indigenous technology, for instant disaster alerting service for its citizens. Alert citizens, safe nation. No action is required by the public upon receipt of this message. This is a test message. - Government of India.

भारत ने स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए सेल ब्रॉडकास्ट सेवा शुरू की है, जिससे नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना मिल सकेगी। सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र। इस संदेश को प्राप्त करने पर जनता को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है। यह एक परीक्षण संदेश है। - भारत सरकार.

India, launches Cell Broadcast using indigenous technology, for instant disaster alerting service for its citizens. Alert citizens, safe nation. No action is required by the public upon receipt of this message. This is a test message. - Government of India.

India has launched SAIL broadcast service using indigenous technology, which will provide immediate

OK

अत्याधुनिक प्रणाली संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सहयोग से विकसित की गई है, ताकि आपदा के समय नागरिकों तक महत्वपूर्ण सूचनाओं का समय पर प्रसार सुनिश्चित किया जा सके।

### संवेदनशील परिस्थितियों में विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी प्रणाली

आपदा चेतावनी तंत्र को और सशक्त बनाने के लिए एसएमएस के साथ-साथ अब सेल ब्रॉडकास्ट (सीबी) तकनीक को भी शामिल किया गया है। इस तकनीक के जरिए किसी निर्धारित भौगोलिक क्षेत्र में सभी मोबाइल उपकरणों पर एक साथ अलर्ट प्रसारित किए जा सकते हैं, जिससे लगभग वास्तविक समय में सूचना पहुंचाना संभव हो जाता है। सुनामी, भूकंप, बिजली गिरने, गैस रिसाव और अन्य रासायनिक खतरों के साथ साथ युद्ध या सैन्य हमले जैसी समय-संवेदनशील परिस्थितियों में यह प्रणाली विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। सेल ब्रॉडकास्ट आधारित इस स्वदेशी सार्वजनिक आपातकालीन अलर्ट सिस्टम के विकास और कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सी-डॉट को सौंपी गई है। पहले अभ्यास के तहत दिल्ली-एनसीआर सहित सभी राज्यों की राजधानियों में मोबाइल उपयोगकर्ताओं को अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में एक परीक्षण संदेश भेजा गया। संदेश में कहा गया, भारत द्वारा स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए अपने नागरिकों के लिए त्वरित आपदा चेतावनी सेवा हेतु सेल ब्रॉडकास्ट का शुभारंभ। सचेत नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र। इस संदेश की प्राप्ति पर किसी प्रकार की कार्रवाई अपेक्षित नहीं है। यह एक परीक्षण संदेश है।

### अलर्ट आने से कुछ समय के लिए लोगों में भ्रम और घबराहट की स्थिति देखी गई

परीक्षण के दौरान मेट्रो, बसों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर एक साथ अलर्ट आने से कुछ समय के लिए लोगों में भ्रम और घबराहट की स्थिति देखी गई, लेकिन बाद में संदेश पढ़ने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली और स्थिति सामान्य हो गई। सरकार ने इसे 'सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए नागरिकों से अपील की है कि ऐसे परीक्षण संदेशों से घबराएं नहीं, क्योंकि इनका उद्देश्य केवल आपदा के समय त्वरित सूचना तंत्र को परखना और मजबूत करना है।

एनडीएमए ने दूरसंचार विभाग के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास केंद्र, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डॉट) द्वारा विकसित एकीकृत अलर्ट सिस्टम 'सचेत' को सफलतापूर्वक चालू किया है। यह प्रणाली अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा अनुशंसित कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) पर आधारित है। वर्तमान में यह देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संचालित है और भौगोलिक रूप से लक्षित क्षेत्रों में मोबाइल उपयोगकर्ताओं को एसएमएस के माध्यम से आपदा एवं आपातकालीन अलर्ट प्रदान कर रही है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस प्रणाली के माध्यम से अब तक प्राकृतिक आपदाओं, मौसम चेतावनियों और चक्रवाती घटनाओं के दौरान 19 से अधिक भारतीय भाषाओं में 134 अरब से अधिक एसएमएस अलर्ट प्रसारित किए जा चुके हैं।

# आईईडी निष्क्रिय करते समय विस्फोट से चार जवान शहीद

**एजेंसी, कांकेर।**

छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले की सरहद पर छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आदनार गांव के पास के जंगल में शनिवार को डी-माइनिंग और एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट हो गया। इसमें सुरक्षा बल के चार चार जवान बलिदान हो गए। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है।

इस अभियान के दौरान दुर्घटनावश आईईडी विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से कांकेर डीआरजी के 4 जवान घायल हो गए। इनमें इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले अत्यधिक ज़ख्मी होने से वे घटना स्थल पर ही बलिदान हो गए। जबकि गंभीर रूप से घायल बस्तर फाइटर का जवान परमानंद कोर्राम को बेहतर उपचार हेतु रायपुर ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उनका भी निधन हो गया है।

इस संबंध में बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने




बताया कि पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पित माओवादी कैडरों द्वारा दी गई जानकारी और अन्य इनपुट के आधार पर, माओवादियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गए सैकड़ों आईईडी बस्तर रेंज में पुलिस एवं सुरक्षाबलों द्वारा बरामद कर निष्क्रिय किए जा रहे हैं। लेकिन आज की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, जब कांकेर जिला पुलिस दल आईईडी को निष्क्रिय कर रहा था, तभी वह आकस्मिक रूप से विस्फोटित हो गया, जिसके कारण चार पुलिस बल के जवान बलिदान हो गये हैं।

# जबलपुर बरगी डैम क्रूज हादसे में लापरवाही आयी सामने

**एजेंसी, भोपाल/जबलपुर।**

मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम पर्यटन विभाग का एक क्रूज तेज आंधी की चपेट में आकर डूब गया था। इस हादसे में अब तक 9 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 29 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। लेकिन अभी भी तीन बच्चों सहित 4 लोग लापता हैं। इस हादसे में कई तरह की लापरवाही भी सामने आयी है। जिसके बाद प्रशासन ने मामले को लेकर जांच के आदेश दिए हैं और कई कर्मियों पर कार्रवाई की गई है।

हादसे के समय राहत कार्य में भी गंभीर लापरवाही सामने आई। शाम 6 बजे क्रूज आंधी के कारण पलट गया। 6:15 बजे सूचना मिलने के बाद 6:40 बजे टीम रवाना हुई, लेकिन



**यात्रियों को नहीं दिए लाइफ जैकेट, रेस्क्यू में भी हुई देरी**

वाहन स्टार्ट नहीं हो पाया। इसके बाद संसाधनों को दूसरे वाहन में शिफ्ट किया गया। दूसरा दल शाम 7 बजे रवाना हुआ, जिससे बचाव कार्य में दो घंटे से ज्यादा की देरी हो गई। जबलपुर में नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में यह क्रूज पर्यटकों से भरा हुआ था। इस पर करीब 47 लोग सवार थे, जबकि टिकट केवल 29 यात्रियों के ही जारी किए गए थे। हादसा किनारे से लगभग 300 मीटर दूर हुआ। उस समय हवा की रफ्तार करीब 74 किलोमीटर प्रति घंटा थी। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल मिश्रा के मुताबिक एसडीआरएफ की टीम ने कई लोगों को बचाया, लेकिन तेज हवा, अंधेरा और खराब मौसम के कारण राहत कार्य में दिक्कतें आईं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस घटना के बाद बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए प्रदेश में सभी क्रूज, मोटर बोट और वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों पर तत्काल रोक लगा दी है। साथ ही सभी जल परिवहन साधनों का सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य किया गया है। सुरक्षा मानकों की पूरी समीक्षा के बाद ही दोबारा संचालन की अनुमति दी जाएगी।

### सील पैक मिलीं लाइफ जैकेट, यात्रियों ने खुद निकाली

शुक्रवार को सामने आए वीडियो में लापरवाही की तस्वीर साफ नजर आ रही है। मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बावजूद यात्रियों को बिना लाइफ जैकेट के ही क्रूज पर चढ़ा दिया गया था। हादसे से बचे रोशन आनंद ने बताया कि किसी भी यात्री को पहले से लाइफ जैकेट नहीं दी गई थी। जब क्रूज डगमगाने लगा, तो लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। करीब आधे घंटे तक अफरा-तफरी रही। बाद में यात्रियों ने खुद कैबिन में रखी सील पैक लाइफ जैकेट निकालीं और पहनने की कोशिश की। हादसे के दो वीडियो भी सामने आए हैं। पहले वीडियो में पर्यटक म्यूजिक और मस्ती में डूबे नजर आते हैं, जिनमें से ज्यादातर ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी है। दूसरे वीडियो में मौसम का खतरनाक रूप दिखाई देता है, तेज हवा, आंधी और ऊंची लहरें क्रूज के अंदर तक घुस रही थीं। हालात बिगड़ते दिखने के बावजूद क्रूज को किनारे लाने की कोशिश नहीं की गई।

# सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई जीवित पूरी तरह स्वस्थ हैं, ईरानी अधिकारी का दावा

**एजेंसी, तेहरान।**

ईरान की असेंबली ऑफ़ एक्सपर्ट्स लीडरशिप संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कार्यालय के प्रमुख मोहसिन कोमी ने पुष्टि की है कि गत 28 फरवरी के हमले में घायल हुए ईरानी सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

चूंकि मोजतबा खामेनेई को उनके पिता का उत्तराधिकारी घोषित किए जाने के बाद से न तो सीधे तौर पर देखा गया है और न ही उनकी आवाज सुनी गई है, इसलिए अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया है कि वे हमले में बुरी तरह घायल हो गए हैं और संभवतः उनका चेहरा भी बिगड़ गया है तथा अपनी चोटों के कारण



निर्णय लेने में उनकी भूमिका नगण्य रह गयी है।

ईरान की फ़ार्स समाचार एजेंसी द्वारा जारी एक वीडियो में कोमी ने कहा कि उस समय वे उसी इमारत में मौजूद थे, जिस पर बमबारी हुई थी और जिसके अंदर मौजूद लोग शहीद हो गए थे। कुछ मिनट पहले ही, संयोग से या ईश्वर की इच्छा से वह इमारत के अहाते में चले गए थे और ईश्वर ने चाहा कि वह बच जाएं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उन्हें लगी चोटों के बावजूद सर्वशक्तिमान ईश्वर ने उनकी रक्षा की। मोजतबा की हालत के बारे में अमेरिकी दावों को ईरान के भीतर अनिश्चितता पैदा करने और गलत जानकारी और मनगढ़ंत दावों के जरिए शासन पर दबाव बनाने की जानबूझकर की गई कोशिशें बताते हुए उन्होंने इसे एक सोची-समझी चाल का हिस्सा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह दुश्मन की एक चाल है, जिसके जरिए वे यह जताने की कोशिश कर रहे हैं। वह सामने क्यों नहीं आ रहे? वह कोई ऑडियो संदेश क्यों नहीं भेज रहे? वह कोई वीडियो संदेश क्यों नहीं भेज रहे? जिन लोगों ने उनसे मुलाकात की है, वे सामने आकर इस बारे में जानकारी क्यों नहीं दे रहे?

# अम्बेडकर नगर में चार बच्चों की हत्या, मां लापता

**अम्बेडकर नगर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र स्थित एक मोहल्ले में चार बच्चों के खून से लथपथ शव मिले। घटना के बाद से बच्चों की मां लापता है। पुलिस को शुरुआती तौर पर शक है कि महिला ने ही अपने चारों बच्चों की हत्या की होगी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में पता चला है कि अकबरपुर क्षेत्र के मीरानपुर मोहल्ले का नियाज (42) सऊदी अरब में रहकर काम करता है। उसकी पत्नी गासिया खातून (37) चार बच्चों शफीक (14), सउद (10), उमर (8) और बेटी बयान



बानो (7) के साथ यहां रहती थी। शनिवार दोपहर तक महिला के घर का दरवाजा नहीं खुला तो आस-पड़ोस के लोगों को शक हुआ। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस दरवाजा तोड़कर कमरे में पहुंची तो खून से लथपथ चारों बच्चों के शव पड़े मिले। इसके बाद फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद से महिला लापता है। आशंका जताई जा रही है कि अपने ही बच्चों की हत्या कर महिला फरार हो गयी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या लगता है कि महिला ने ही अपने चारों बच्चों की हत्या की है और फरार हो गयी है। फिलहाल पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य जुटाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की तलाश की जा रही है।

### पश्चिम बंगाल पुनर्मतदान

### शाम पांच बजे तक 86 प्रतिशत मतदान

**एजेंसी, कोलकाता।**



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में शनिवार को डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के चार और मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 बूथों पर पुनर्मतदान शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। शनिवार को हुए पुनर्मतदान में शाम 5 बजे तक 86.90 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज हुआ। दो चरणों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 15 बूथों पर पुनर्मतदान कराया गया। इनमें शाम पांच बजे तक मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 86.11 प्रतिशत और डायमंड हार्बर के चार बूथ पर 87.60 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ।

# हाईकोर्ट ने संभल में सार्वजनिक जमीन पर नमाज की अनुमति से किया इनकार

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक सार्वजनिक जमीन पर नमाज पढ़ने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि धार्मिक आजादी के नाम पर इस पर कब्जे की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

जस्टिस सरल श्रीवास्तव और जस्टिस गरिमा प्रसाद की डिवीजन बेंच ने यह आदेश असीन नाम के एक व्यक्ति की रिट याचिका को खारिज करते हुए दिया। असीन ने दावा किया था कि अधिकारी इकोना गांव में जमीन के एक टुकड़े पर नमाज अदा करने से रोक रहे हैं। याचिकाकर्ता ने



16 जून 2023 की एक रजिस्टर्ड गिफ्ट डीड (दान पत्र) के आधार पर जमीन पर अपना मालिकाना हक जताया। असीन ने तर्क दिया कि उसे और अन्य नमाजियों को परिसर में नमाज अदा करने से गैर-कानूनी रूप से रोका जा रहा है। उसने आगे आरोप लगाया कि यह रुकावट मनमानी थी और कुछ सामाजिक तत्वों के साथ मिलीभगत करके की गई थी, जो संविधान के तहत गारंटीकृत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

### यूएई से पकड़ा गया भारतीय भगोड़ा कमलेश पारेख, सैंकड़ों करोड़ के घोटाले का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बड़ी कामयाबी मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी कमलेश पारेख को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत प्रत्यर्पित कर लिया गया है। 1 मई को पारेख को भारत लाया गया और दिल्ली पहुंचते ही सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। यह सफलता विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और सीबीआई के बीच बेहतरीन समन्वय का नतीजा है। आरोपी के खिलाफ जारी इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर यूएई पुलिस ने उसे ट्रैक किया और हिरासत में लिया।

# जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू, यात्रियों ने बताया ऐतिहासिक क्षण

**एजेंसी, जम्मू।**

जम्मू से श्रीनगर तक विस्तारित वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शनिवार से शुरू हो गया है। यात्रियों ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को आर्थिक रूप से भी लाभ होगा।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल में जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से विस्तारित श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया था, जिसका आज विधिवत संचालन शुरू हो गया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह संचालन शुरू हुआ है। यात्रियों ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे बेहतर कनेक्टिविटी, यात्रा के समय में कमी और क्षेत्र के आर्थिक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। यात्रियों



ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के उद्घाटन के बाद यह ट्रेन आज से नियमित रूप से चलने लगी है और हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इस ट्रेन से कई चीजें बदलेंगी और जम्मू-कश्मीर के लोगों को भी इससे आर्थिक रूप से लाभ होगा। जम्मू तवी और श्रीनगर के बीच चलने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस न केवल यात्रियों का समय बचा रही है, बल्कि पहाड़ों के बीच एक प्रीमियम और आरामदायक अनुभव दे रही है। जम्मू तवी से श्रीनगर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ने लगभग 270 किलोमीटर की दूरी तय की। जम्मू तवी से श्रीनगर पहुंचने में वंदे भारत एक्सप्रेस को 04 घंटे 50 मिनट का समय लगा। पहले इस सफर में सड़क मार्ग से 7 से 8 घंटे लग जाते थे लेकिन अब वंदे भारत के जरिए यह दूरी काफी कम समय में और बिना किसी थकान के पूरी की जा सकेगी। इस ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन पर भी रुकेगी। इससे उन श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत मिलेगी जो माता के दर्शन के बाद कश्मीर की सैर पर जाना चाहते हैं।

**दावा** | आपूर्ति ठप होने की कोई रिपोर्ट नहीं : सरकार

# एलपीजी सिलेंडरों की सौ फीसदी सप्लाई की जा रही सुनिश्चित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स पर सिलेंडर खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। घरेलू परिवारों को एलपीजी सिलेंडरों की 100 फीसदी सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है। विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रमों पर लगातार नजर रख रहा है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि कल ऑनलाइन घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की बुकिंग बढ़कर 99 फीसदी हो गई, जबकि ओटीपी आधारित डिलीवरी 94 फीसदी से ज्यादा हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि मार्च, 2026 से अब तक लगभग 5.96 लाख पीएनजी गैस कनेक्शन दिए गए हैं और 2.68 लाख अतिरिक्त कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, इसके साथ ही लगभग 6.66 लाख ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है। मंत्रालय ने कहा कि 9 अप्रैल, 2026 से मुंबई, कोच्चि, विजाग, चेन्नई, मथुरा और गुजरात की रिफाइनरियों ने रसायन, फार्मा और पेंट उद्योग को 10,000 मीट्रिक टन से अधिक प्रोपलीन और 1200 मीट्रिक टन से अधिक ब्यूटाइल एक्रिलेट बेचा है। वहीं, अबतक 2,922 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी हुई हैं,



इनमें पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से सुरक्षित स्वदेश वापसी करने वाले 30 नाविक भी शामिल हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में बताते हुए कहा कि नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी करने से बचें क्योंकि सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

मंत्रालय ने कहा कि अफवाहों से सावधान रहें और सही जानकारी के लिए आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करें। एलपीजी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे डिजिटल बुकिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करें और वितरकों के पास जाने से बचें। नागरिकों को वैकल्पिक ईंधन जैसे कि पीएनजी और इलेक्ट्रिक या इंडक्शन कुकटॉप का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# डीएम-एसपी ने समस्याओं के निस्तारण के दिये निर्देश

- सम्पूर्ण समाधान गोण्डा सदर में 128 शिकायतों में से 05 का मौके पर हुआ निस्तारण
- राशन कार्ड से संबंधित लाभार्थियों को मौके पर ही राशन कार्ड बनवा कर किया गया वितरित




गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील गोण्डा सदर में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील गोण्डा सदर में कुल 128 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही राशन कार्ड बनवा कर लाभार्थियों को वितरण किया।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतलाल, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा जितेंद्र गौतम, तहसीलदार मनीष कुमार, नायब तहसीलदार अनुराग पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।




जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला बन्दियों से वार्ता की, उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास वकील नहीं है तो बता दीजिए वकील की व्यवस्था करा दी जायेगी। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर, कारागार डॉक्टर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## पूर्व जिला पंचायत सदस्य व सपा नेता अवधेश वर्मा के पिता की सड़क दुर्घटना में मौत

- क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर
- शुक्रवार की रात बाइक से गोंडा जिले में मरीज को दवा देने जा रहे थे

जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज़। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश वर्मा के पिता डॉ. जगदीश प्रसाद वर्मा की शुक्रवार रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डॉ. जगदीश प्रसाद वर्मा शुक्रवार की रात गोंडा जिले में किसी मरीज को दवा देने जा रहे थे। इसी दौरान गोंडा-लखनऊ राजमार्ग पर करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के मसोलिया प्रहलादगंज मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ले जाने लगे। हालांकि, नियति को कुछ और ही मंजूर था। बाराबंकी के रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। डॉ. जगदीश प्रसाद के निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने फोन पर शोकाकुल परिवार से बात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इसके अलावा सपा के कई अन्य दिग्गज नेताओं ने भी अवधेश वर्मा को ढांढस बंधाया और इसे पार्टी व समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को बाराबंकी में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके पश्चात उनके पार्थिव शरीर को पैतृक निवास ग्राम जतौरा थाना जरवल रोड, जनपद बहराइच लाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार संपन्न होगा।

## खबरें एक नजर में

### मिहींपुरवा में सफाईकर्मी की संदिग्ध मौत, अधिकारियों की दबंगई ने ली एक और जान



मिहींपुरवा, बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के मिहींपुरवा विकासखंड में एक बेहद चौंकाने वाली और गुस्सा पैदा करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक सफाई कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक सुरेश कुमार पुत्र बुद्धिलाल, जो ग्राम चुरवा में तैनात थे और उर्रा बाजार के मूल निवासी थे, अब इस दुनिया में नहीं रहे—लेकिन उनके पीछे कई गंभीर सवाल छोड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि सुरेश कुमार तीन दिन की छुट्टी पर थे, बावजूद इसके जिले के उच्च अधिकारियों ने उनसे जवाब तलब किया। दबाव में आकर वह डीपीआरओ कार्यालय पहुंचे, जहां कथित रूप से अधिकारियों से उनकी कहासुनी हुई। परिजनों का साफ आरोप है कि इसी मानसिक दबाव और तनाव के चलते सुरेश कुमार की हालत अचानक बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुरेश कुमार कार्यालय की बिल्डिंग से नीचे उतर रहे थे तभी अचानक जमीन पर गिर पड़े। आनन–फानन में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जो व्यक्ति घर से पूरी तरह स्वस्थ निकलता है, वह कुछ ही घंटों में ब्रेन हेमरेज का शिकार कैसे हो जाता है? क्या यह महज एक संयोग है या फिर प्रशासनिक दबाव और अपमान का नतीजा? परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और वे सीधे तौर पर डीपीआरओ कार्यालय पर आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर उस दिन सुरेश कुमार को इस तरह बुलाकर प्रताड़ित न किया जाता, तो शायद आज वह जिंदा होते। यह कोई पहली घटना नहीं है जब निचले स्तर के कर्मचारियों पर अधिकारियों की कथित दबंगई और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगे हों। सवाल यह है कि आखिर कब तक ऐसे ही बेगुनाह कर्मचारियों की जान जाती रहेगी और प्रशासन मूकदर्शक बना रहेगा? अब जरूरत है निष्पक्ष और सख्त जांच की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और मौके पर मौजूद लोगों के बयान ही इस पूरे मामले की सच्चाई उजागर कर सकते हैं। अगर इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या दबाव साबित होता है, तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वरना यह घटना भी बाकी मामलों की तरह फाइलों में दफन होकर रह जाएगी, और एक गरीब परिवार यूं ही न्याय के लिए भटकता रहेगा।

### श्रमिक दिवस पर अर्जुनपुरवा में लगा आरोग्य मेला 50 से अधिक श्रमिकों के स्वास्थ्य की हुई जांच



बहराइच, समृद्धि न्यूज। श्रमिक दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्र मनकापुर गंगवल के अर्जुनपुरवा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रमिक आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य टीम ने 50 से अधिक श्रमिकों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें गांव में ही चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराईं। आयोजित मेले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। टीम ने जहां 29 बच्चों का सुरक्षित टीकाकरण किया, वहीं 11 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व आवश्यक स्वास्थ्य जांच भी की गई। इसके साथ ही शिविर में आए 50 से अधिक श्रमिकों की गैर-संचारी रोगों की गहन स्क्रीनिंग की गई और उनकी बीमारी व स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक भी किया। आरोग्य मेले के सफल आयोजन और संचालन में क्षेत्र की स्वास्थ्य टीम ने अपना विशेष योगदान दिया। शिविर में मुख्य रूप से एएनएम सीमा वर्मा व साधना सिंह, सीएचओ अम्बालिका सिंह, बीपीएम ममता मिश्रा तथा बीसीपीएम धर्मेन्द्र मिश्र उपस्थित रहे और मरीजों को अपनी सेवाएं दीं।

### सोने-चांदी की महंगाई से चमक गया बर्तन कारोबार

- महंगाई के बीच बदला ग्राहकों का रुझान, हल्के बर्तनों की बढ़ी मांग

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। सहालग शुरू होते ही क्षेत्र की बाजारों में रौनक लौट आई है। बर्तन की दुकानों पर इन दिनों ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। सोने–चांदी की कीमतें ज्यादा होने से शादी–विवाह के सीजन में बर्तनों की खरीदारी में तेजी आई है। महंगाई के कारण इस बार ग्राहकों की पसंद में बदलाव साफ नजर आ रहा है। कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों का सीधा असर बाजार पर पड़ा है। पीतल, तांबा, स्टील, एल्युमिनियम और गिलट के बर्तनों के दाम बढ़ने से लोगों का बजट प्रभावित हुआ है। ऐसे में ग्राहक अब जरूरत और खर्च के बीच संतुलन बनाते हुए खरीदारी कर रहे हैं। भारी और महंगे बर्तनों की जगह हल्के व छोटे आकार के बर्तनों की मांग अधिक हो गई है। व्यापारी प्रेम चंद्र गुप्ता बताते हैं कि इस बार ग्राहक पहले की तुलना में ज्यादा सोच–समझकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं नंदकिशोर के अनुसार लोग अपनी क्षमता के अनुसार खर्च तय कर रहें हैं। सहालग में कारोबार तो अच्छा है। लेकिन खरीददारी का तरीका बदल गया है।

## डीएम-एसपी के सामने महिला बोलीं- मैं आत्मदाह कर लूंगी

- नानपारा में आयोजित तहसील दिवस पर कहा- दो साल से न्याय के लिए भटक रही हूं

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



**बिना बैनामे के जमीन बेचने का आरोप**
सुनीता सिंह के अनुसार, जयपत्तर सिंह ने बंटवारे में मिली जमीन बारी खान को बिना किसी बैनामे के बेच दी है। सुनीता इस जमीन पर अपना दावा कर रही हैं और पिछले दो वर्षों से इस पर से अवैध कब्जा हटाने के लिए तहसील के चक्कर काट रही हैं, लेकिन उन्हें कोई समाधान नहीं मिला है।

जिले के नानपारा में शनिवार को आयोजित तहसील दिवस पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के सामने एक महिला अचानक चिल्लाते हुए पहुंचीं।

वह अधिकारियों की मौजूदगी में आत्मदाह की चेतावनी देने लगी। उसने बताया कि उसके जमीन को अवैध तरीके से बेच दिया गया है। वह जमीन पर कब्जा पाने के लिए पिछले दो साल से भटक रही है। डीएम ने कहा कि पूरे मामले की जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित महिला की पहचान सुनीता सिंह पत्नी ओम प्रकाश सिंह निवासी पंडोहिया थाना नवाबगंज के रूप में हुई है। उन्होंने अपने ससुर दरोगा सिंह के भाई जयपत्तर सिंह पर बंटवारे में मिली जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को बेच देने का आरोप लगाया है। पीड़िता उस जमीन पर खुद का दावा कर रही है। हालांकि, जमीन का मामला सिविल न्यायालय में विचाराधीन है। क्षेत्रीय लेखपाल विनय ने बताया सुनीता के ससुर के भाई ने बंटवारे की जमीन बारी खान को बिना बैनामे के बेच दी थी।

बारी खान फिलहाल उस जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं। वह सिविल कोर्ट में मुकदमा दायर किए हैं। जिसके कारण कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

## पयागपुर में श्रमिक आरोग्य शिविर आयोजित, 117 को मिली सेवाएं

पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।



- शुगर, ब्लड प्रेशर, टीबी स्क्रीनिंग की हुई जांच

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच डॉ संजय कुमार शर्मा के निर्देशन में सीएचसी पयागपुर अंतर्गत उपकेंद्र चंदवापुर आकाश बिक्र फील्ड कलाम सतरही में श्रमिक आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। शिविर में पयागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। मेले में100 से अधिक श्रमिकों, का टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर, टीबी स्क्रीनिंग उपलब्ध कराई गई। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक टीकाकरण भी किया गया।शिविर में डॉ. प्रभात कुमार डॉ. तूलिका बाजपेई हिमांशु मिश्रा एवं नेत्र सहायक सुभाष तिवारी मुकीम अहमद ने भी सेवाएं दीं। मरीजों को आवश्यक परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में अधीक्षक डॉ. तिवारी ने श्रमिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित संचालक भानु प्रकाश मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे श्रमिक हित में सराहनीय कदम बताया और उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान बीपीएम अनुपम, बीसीपीएम अजय, वैशाली, सीएचओ सरस्वती शुक्ला, कुसुम, एएनएम, एसटीएस राजेश, आयुष्मान मित्र रोहित, आशाएं व लाभार्थियों की भारी भीड़ उपस्थिति रही।

## एएसपी सिटी ने किया थाना रिसिया का औचक निरीक्षण

- एएसपी सिटी ने अपराधियों पर सतत निगरानी बनाए रखने के दिए निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने थाना रिसिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, अभिलेखों के रख-रखाव, ड्यूटी/आगंतुक/अपराध रजिस्टर, मालखाना, हवालात एवं महिला हेल्प डेस्क आदि का गहन निरीक्षण किया। अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

थाना परिसर की साफ-सफाई, पुलिस बल की उपस्थिति, बीट प्रणाली एवं गश्त व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने तथा अपराधियों पर सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

महिला संबंधी अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। एएसपी सिटी ने समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई को प्राथमिकता पर लेते हुए शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्ण सतर्कता एवं सक्रियता बनाए रखें। इसके अतिरिक्त एएसपी सिटी ने पासिंग आउट परेड के उपरांत जनपद में नियुक्त नवदीक्षित आरक्षियों के थाने पर आवास एवं भोजन आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे उनके लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आवास तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

## नानपारा सीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण

- अधीक्षक अनुपस्थित, दलालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए



बहराइच, समृद्धि न्यूज। शनिवार को नानपारा तहसील दिवस में शामिल होने पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) संजय शर्मा ने नानपारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के नवागत चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नलिन राजा अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ ने कई बार फोन किया, जिसके बाद अधीक्षक डॉ. नलिन राजा 29 मिनट की देरी से अस्पताल पहुंचे। सीएमओ संजय शर्मा ने अधीक्षक को समय पर न पहुंचने के लिए फटकार लगाई और भविष्य में समय का पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में सक्रिय दलालों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। सीएमओ ने दलालों द्वारा मरीजों के पर्चे छीनने और एक्स–रे मशीन के संचालन को लेकर अधीक्षक को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने दलालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का संकेत दिया। कुछ दिन पहले ही अस्पताल में एक दलाल और पीआरडी जवान के बीच पर्चा छीनने को लेकर हाथापाई की नौबत आ गई थी। इस घटना के बावजूद दलाल अस्पताल में सक्रिय बने हुए थे। सीएमओ के जाते ही दलाल एक बार फिर अस्पताल परिसर में मरीजों के आसपास सक्रिय हो गए।

## आग का गोला बनी कार, बाल-बाल बचे वीडीओ

- ग्राम विकास अधिकारी ने कूदकर बचाई अपनी जान, कार पूरी तरह जलकर हो गई राख

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



शहर के पुलिस लाइन मार्ग पर शनिवार सुबह सीएनजी कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार ग्राम विकास अधिकारी ने कूदकर जान बचाई। देखते ही देखते पूरी कर जलकर राख हो गई।

आग लगने से सड़क के दोनों तरफ यातायात प्रभावित रहा। लोग शार्ट सर्किट से कार में आग लगने की आशंका जता रहे हैं।कोतवाली देहात के सिविल लाइन निवासी राकेश कुमार वर्मा श्रावस्ती जिले के इकौना में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात हैं। शनिवार को वह कार से ड्यूटी के लिए इकौना जा रहे थे। कोतवाली देहात इलाके के पुलिस लाइन स्थित साइबर थाने के सामने पहुंचने पर उन्हें गर्मी का अहसास हुआ।एसी चलने के बाद भी अंदर गर्मी ज्यादा होने पर उन्होने जांच के लिए कार को सड़क किनारे खड़ी किया। जैसे ही वह कार से नीचे उतरे वैसे ही कार से आग की लपटें निकलने लगी। जान बचाने के लिए वह दूर जाकर खड़े हो गए। घटना से सड़क पर अफरातफरी मच गई।जानकारी पर पहुंची पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर सड़क के दोनों तरफ वाहनों का आवागमन रोक दिया। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को चपेट में ले लिया। सूचना दमकलकर्मियों को भी दी गई, लेकिन जब तक दमकलकर्मी मौके पर पहुंचते वाहन पूरी तरह जल गया।आग लगने के चलते बलरामपुर, गोंडा व श्रावस्ती बाईपास मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। जिला अग्निशमन अधिकारी विशाल रामानुज गौड़ ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर कर्मचारियों को भेजा गया था।

## उतरौला में बैनामा पर रोक से बढ़ी परेशानी, बार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से प्रतिबंध हटाने की उठाई मांग

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र उतरौला में जमीन के क्रय-विक्रय (बैनामा) पर लगी रोक को लेकर अब अधिवक्ताओं और आम नागरिकों की चिंता खुलकर सामने आने लगी है। बार एसोसिएशन उतरौला, जनपद बलरामपुर ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर इस प्रतिबंध को हटाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उतरौला ग्रामीण क्षेत्र में दिसंबर 2025 से बैनामा प्रक्रिया बंद है, जिससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हो रहे हैं।

अधिवक्ता संघ की ओर से दिए गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि रोड साइड की जमीनों की खरीद-फरोख्त पर रोक के कारण कई लोगों के बयाने (एडवांस) फंस गए हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान का खतरा बना हुआ है। साथ ही, जमीनों की रजिस्ट्री न होने से सरकारी राजस्व को भी हानि हो रही है। पत्र में यह भी कहा गया है कि उतरौला ग्रामीण क्षेत्र की केवल कुछ भूमि ही संभावित हाईवे (शामली-गोरखपुर मार्ग) से प्रभावित हो सकती है, लेकिन पूरे क्षेत्र में क्रय-विक्रय पर रोक लगा देना न्यायोचित नहीं है। बार एसोसिएशन ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है कि इस निर्णय से स्थानीय जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के निजी कार्य, निवेश और भूमि संबंधी योजनाएं ठप पड़ गई हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अधिवक्ता संघ ने जिलाधिकारी से मांग की है कि स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करते हुए केवल प्रभावित भूमि को चिन्हित किया जाए और शेष क्षेत्र में जमीन के क्रय-विक्रय पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और राजस्व व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित हो सके। इस संबंध में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन इस मुद्दे ने स्थानीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण जनसमस्या का रूप ले लिया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर क्या निर्णय लेता है और प्रभावित लोगों को कब तक राहत मिलती है।

## रेहरा की रमा श्रीवास्तव बनीं मंडी सचिव

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



विकासखंड रेहरा बाजार के ग्राम अधीनपुर लाला डीह की बेटी रमा श्रीवास्तव ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (क्कस्स्स्ष्ट) की परीक्षा में मंडी सचिव पद पर चयन प्राप्त किया है। वर्तमान में लेखपाल के रूप में कार्यरत रमा की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

रमा श्रीवास्तव की सफलता की कहानी संघर्ष, अनुशासन और निरंतर प्रयास का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रेहरा स्थित बाल विद्या मंदिर से पूरी की, जबकि इंटरमीडिएट की पढ़ाई बीपीएस इंटर कॉलेज, रेहरा से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने एल.बी. शास्त्री इंटर कॉलेज, गोंडा से बीएससी की परीक्षा भी उत्कृष्ट अंकों के साथ पास की। उच्च शिक्षा के बाद उन्होंने अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रयागराज में तीन वर्षों तक रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और अंततः अपनी मेहनत को सफलता में बदल दिया। रमा के पिता रतन कुमार श्रीवास्तव जेई के पद पर कार्यरत हैं, जिन्होंने अपनी बेटी की शिक्षा और करियर में हमेशा सहयोग दिया। परिवार के समर्थन और रमा की अथक मेहनत ने मिलकर यह मुकाम दिलाया, जिससे आज पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने रमा को बधाई देते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। विधायक राम प्रताप वर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, हरवंश सिंह तथा अधिवक्ता संघ के महामंत्री रवि शंकर मिश्र सहित कई लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रमा श्रीवास्तव की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे रेहरा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गई है। यह उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

## उतरौला ट्रैफिक महोत्सव में आपका स्वागत है!, जहां गाड़ियां कम और धैर्य ज्यादा चलता है

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।
अनिल कुमार गुप्ता, उतरौला नगर इन दिनों किसी सामान्य शहर से ज्यादा एक फ्रट्रैफिक प्रयोगशालाफ्र बन चुका है, जहां हर दिन जाम के नए–नए प्रयोग किए जा रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां कोई वैज्ञानिक नहीं, बल्कि आम जनता खुद ही प्रयोग का हिस्सा बन गई है बिना किसी सहमति के।
सुबह होते ही शहर की सड़कों पर फ्रधीमी गतिफ्र का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। गाड़ियां इतनी शांति से रेंगती हैं कि लगता है मानो सबने अचानक योग और ध्यान का रास्ता अपना लिया हो। हॉर्न की आवाजें किसी संगीत समारोह का आभास देती हैं, जिसमें हर वाहन अपनी अलग धुन बजा रहा होता है।
लेकिन इस संगीत का सबसे ज्यादा असर उन मासूम स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है, जो रोजाना इस महोत्सव के मुख्य अतिथि बनते हैं। सुबह स्कूल के लिए निकलते ही बच्चे जाम में फंसकर समय की नई परिभाषा सीख रहे हैं दस मिनट का रास्ता, एक घंटे का अनुभव। भारी बस्तों के साथ धूप में खड़े बच्चे मानो धैर्य की परीक्षा दे रहे हों। शिक्षा के साथ–साथ उन्हें ट्रैफिक प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान भी मिल रहा है।
दोपहर में जब छुट्टी होती है, तो दृश्य और भी रोमांचक हो जाता है। तपती धूप, पसीने से लथपथ बच्चे और बीच सड़क पर खड़ी गाड़ियां ऐसा लगता है जैसे शहर ने 'स्टैच्यू गेम' खेलने का फैसला कर लिया हो। कोई आगे नहीं बढ़ेगा, जब तक कोई चमत्कार न हो जाए।



नगर के प्रमुख स्थान श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा, गौसिया स्कूल मार्ग, कारगिल मार्केट, ज्वाला महारानी मंदिर और गोंडा मोड़ जैसे इलाके अब ट्रैफिक जाम के स्थायी पर्यटन स्थल बन चुके हैं। यहां रोजाना घंटों तक जाम लगना अब परंपरा जैसा हो गया है। यदि कोई दिन बिना जाम के गुजर जाए, तो लोगों को लगता है कि कुछ तो गड़बड़ है! अब बात करते हैं इस महान उपलब्धि के पीछे के कारणों की। सबसे पहले, सड़क किनारे अतिक्रमण जो अब स्थायी दुकानों का रूप ले चुका है। दुकानदारों ने सड़क को भी अपने व्यवसाय का हिस्सा मान लिया है। दुकान के अंदर क्यों रहें, जब सड़क भी हमारी है शायद यही सोच काम कर रही है। दूसरा बड़ा योगदान ऑटो–रिक्शा चालकों का है। इनके लिए जहां मन किया, वहीं स्टैंड वाली नीति लागू है। सवारी दिखी नहीं कि ब्रेक लगा दिया, चाहे पीछे कितनी ही गाड़ियां क्यों न खड़ी हो जाएं। यह अचानक रुकने की कला इतनी परिपक्व हो चुकी है कि पीछे चलने वाले वाहन चालक भी अब इसे नियति मान चुके हैं। ट्रैफिक नियमों की बात करें, तो वे यहां सिर्फ किताबों और बोर्ड तक ही सीमित नजर आते हैं। सड़क पर उनका अस्तित्व ढूंढना किसी खजाने की खोज से कम नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह स्थिति अब मजाक का विषय नहीं रह गई, बल्कि एक गंभीर समस्या बन चुकी है। एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती हैं, जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। व्यापारी समय पर दुकान नहीं पहुंच पाते, कर्मचारी दफ्तर में देर से पहुंचते हैं और छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। लोगों की मांगें भी अब साफ हैं अतिक्रमण हटाया जाए, ऑटो–रिक्शा के लिए निर्धारित स्टैंड बनाए जाएं, और ट्रैफिक व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए। लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि ये मांगें भी जाम में कहीं फंसी हुई हैं। उतरौला की सड़कों पर पसरा यह जाम अब सिर्फ वाहनों का नहीं, बल्कि व्यवस्था की धीमी चाल का भी प्रतीक बन चुका है। शहर के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि कभी तो कोई ग्रीन सिग्नल मिलेगा, जिससे यह जाम खुलेगा और जिंदगी फिर से रफ्तार पकड़ेगी। तब तक, उतरौला के नागरिकों से यही कहना है धैर्य रखिए, जाम में रहिएज क्योंकि यहां जल्दी किसी को नहीं है!



# जनगणना के दौरान जाति गणना भी की जाएगी : शीतल वर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की जनगणना निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने शनिवार को कहा कि जनगणना के दौरान जाति गणना भी की जाएगी।

जनगणना निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने यहां पत्रकारों से कहा कि हम हर आम नागरिक तक पहुंच रहे हैं और उनकी गणना कर रहे हैं। हम घरों की गिनती कर रहे हैं और घरेलू संपत्ति के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रह रहे हैं।

दूसरा चरण फरवरी में निर्धारित है और जब हम दूसरे चरण में जाएंगे तो व्यक्तिगत विशेषताओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, हम साक्षरता स्तर और व्यक्ति के व्यवसाय की प्रकृति पर डेटा एकत्र करने वाले हैं। इस बार, एक जाति गणना भी की जाएगी। जाति आधारित जनगणना वास्तव में की जाएगी।

वर्मा ने कहा कि जो जनगणना होने वाली है वह आजादी के बाद से आठवीं और 1872 में शुरू हुई इस श्रृंखला की 16वीं जनगणना होगी। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के संदर्भ में, यदि आप आम तौर पर किसी विशेष स्थान पर रह रहे हैं, तो आपको उस क्षेत्र की आबादी का हिस्सा माना जाता है और आपकी गणना की जाएगी। जब तक आपके पास राजनयिक छूट न हो या आप किसी अन्य देश के नागरिक न हों, आपको जनसंख्या का हिस्सा माना जाएगा और आपकी गणना की जाएगी। वर्मा ने कहा कि क्षेत्र से तात्पर्य उस भौगोलिक क्षेत्र से है जिसकी सीमाएं जनगणना के उद्देश्य से प्रभावी रूप से स्थायी कर दी गई हैं।




### जनगणना अपनी तरह का एकमात्र ऐसा अभियान है जो वास्तव में सार्वभौमिक है

शीतल वर्मा ने कहा कि 31 मार्च, 2027 तक कोई नयी तहसील नहीं बनाई जाएगी, कोई नया राज्य नहीं बनाया जाएगा, कोई नया राजस्व गांव स्थापित नहीं किया जाएगा तथा कोई नया प्रशासनिक ब्लॉक गठित नहीं किया जाएगा। अधिकारी ने पत्रकारों से कहा कि इस कदम के पीछे तर्क वह यह है कि पूरी होने के बाद, प्राप्त आंकड़ों को राजस्व-ग्राम-वार और वार्ड-वार प्रकाशित किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनगणना अपनी तरह का एकमात्र ऐसा अभियान है जो वास्तव में सार्वभौमिक है। वर्मा ने कहा, हम हर एक नागरिक, हर व्यक्ति तक पहुंचेंगे और उनकी गिनती करेंगे। भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने 30 मार्च को लोगों से गणना कर्मियों को सटीक जानकारी प्रदान करने की अपील की थी। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया था कि उनका व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा और इसका उपयोग साक्ष्य के रूप में या किसी भी योजना के तहत कोई लाभ प्राप्त करने के लिए नहीं किया जा सकता है। नारायण ने कहा था कि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत इसे किसी भी संगठन के साथ साझा नहीं किया जा सकता है, चाहे वह सरकारी हो या निजी, या अदालत में साक्ष्य के रूप में भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

# लेखपाल खफा, बस्ता जमा करने की चेतावनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- लेखपाल संघ का मांगो को लेकर एसडीएम को ज्ञापन
- एक-एक लेखपाल दो या तीन क्षेत्र संभालने को विवश

समस्याओं और मांगों का निदान न होने से खफा लेखपालों ने आंदोलन का रास्ता अख्तियार कर लिया है।

कहते हैं कि शासन स्तर से लेकर जिला प्रशासन स्तर तक उनकी समस्याओं को गम्भीरता से नही लिया जा रहा है इसलिए मजबूर होकर आवाज उठाने के लिए आंदोलनात्मक रूख अख्तियार करना पड़ रहा है।

लेखपाल संघ के अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा ने एसडीएम को दिये गए ज्ञापन में अवगत कराया कि जनपद में लेखपाल के 490 पद स्वीकृत हैं और इनके सापेक्ष केवल लेखपाल कार्यरत हैं 345, यानि मुश्किल से 69 फीसदी, जिनमें 85 नवनियुक्त लेखपाल हैं। इनमें कई लेखपाल कलेक्ट्रेट, तहसीलदर न्यायालय, रजिस्ट्रार कार्यालय, भूलेख आपदा अभिलेखागार, भूमि अध्याप्ति, राजस्व लिपिक पद पर कार्य कर रहे हैं। इन्हें मुक्त कर मूल जिम्मेदारी दी जाये, क्योंकि असल काम में बाधा उत्पन्न हो रही है।

लखनऊ के करीबी जनपद बाराबंकी की तहसील रामसनहीघाट में लेखपाल संघ के अध्यक्ष ने अन्य सहयोगियों के साथ तहसील समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम को सम्बोधित अपनी मांगों से सम्बंधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा।

लेखपाल संघ अध्यक्ष ने कहा कि स्वीकृत पदों के सापेक्ष लेखपाल कम है जिसकी वजह से लेखपालों को अपने क्षेत्र के साथ अतिरिक्त क्षेत्र का भी दायित्व सौंपा गया है।

एक एक लेखपाल दो या तीन क्षेत्र संभालने को मजबूर हैं। काम की अधिकता के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक एक लेखपाल को दो या तीन क्षेत्रों को जिम्मेदारी मिली है, यह अनुचित है। लेखपाल संघ ने मांगपत्र ने साफ उल्लेख किया है कि यदि 5 मई तक लेखपालो की समबद्धता समाप्त न की गई तो सभी लेखपाल अतिरिक्त क्षेत्र का कार्य 6 मई से नहीं करेंगे। यही नहीं अतिरिक्त क्षेत्र का बस्ता रजिस्ट्रार कार्यलय में जमा कर देगे।

## खबरें एक नजर में

### कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड में नि:शुल्क जनसुविधा कैंप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजाजीपुरम् क्षेत्र में स्थित कुवंर ज्योति प्रसाद वार्ड की पार्षद गौरी सांवरिया अनेक जन सुविधाओं की नि:शुल्क सेवा कर रही है। पार्षद कार्यालय एफ-2234, राजाजीपुरम् निकट नवजीवन अस्पताल पर इसका आयोजन किया जा रहा है। इस अवसरर पर पूर्व पार्षद शिवपाल सांवरिया ने बताया कि कैंप के माध्यम से 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क बनाया जा रहा है। इसके लिये लाभार्थी को 2011 की जनगणना में होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त कैंप में जीरो बैलेन्स बैंक खाता, पैन कार्ड, राशन कार्ड, हेल्थ कार्ड जैसी अनेक जन सुविधाओ की नि:शुल्क सहायता व सेवा प्रदान की जा रही है। जन सुविधाओं का लाभ लेने के लिये उन्होने लोगों से अधिक से अधिक संख्याा में कैंप में आने की अपील की।

### माटीकला कारीगरों के लिए 15 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण, 250 रुपये प्रतिदिन मिलेगा मानदेय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा परम्परागत कारीगरों एवं शिल्पियों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण जिला ग्रामोद्योग कार्यालय लखनऊ के माध्यम से मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र लखनऊ में होगा। प्रशिक्षार्थियों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं, सजावटी सामग्री, खिलौने एवं मूर्तियां बनाने के साथ मिट्टी के उत्पादों पर कटिंग, चित्रकारी, नक्खाशी आदि विधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्णत: आवासीय होगा, जिसमें प्रतिभागियों के रहने एवं भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को 250 रुपये प्रतिदिन की दर से मानदेय भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है।प्रशिक्षण हेतु आवेदन के इच्छुक परम्परागत कारीगर, मूर्तिकार एवं अन्य माटीकला से जुड़े अभ्यर्थी योजना की आधिकारिक वेबसाइट नचउंजपांसंइवंतक.पद पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात अभ्यर्थियों को अपना आवेदन पत्र 20 मई तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 8 कैण्ट रोड कैसरबाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

### शहर में अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने शनिवार को एक सघन और बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध कराना रहा। नगर निगम के जोन-3 में जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में 296 टीम के साथ साहू एजेंसी से महानगर की दोनों पटरियों तथा बादशाह नगर से अकबर नगर तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान गन्ने की मशीनें, पान की दुकानें, गुमटियां और कुल 25 अवैध दुकानों को हटाया गया। इसके अलावा मौके से 2 पानी के ड्रम, 1 इंजन स्टार्ट करने वाला हैंडल, 3 कुर्सियां, 1 ठेला, 1 काउंटर और 1 हाइड्रोलिक जैक सहित अन्य सामान जब्त किया गया। जोन-7 में जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में भी अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान पॉलिटेक्निक चौराहे से कमता तक तथा सेक्टर-9 सेंट मैरी स्कूल के आसपास नालियों, नालों और सड़कों की दोनों पटरियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान 1 भगोना, 4 कुर्सियां और 7 कैरेट जब्त किए गए, जबकि 3 लोहे के काउंटर, 2 ठेले, 4 ठेलियां और 1 गुमटी को हटाया गया। अभियान के दौरान कर अधीक्षक विनय मौर्य, ईटीएफटीम और 296 टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### 5 लाख के पार हुई रूफटॉप सोलर संयंत्र की स्थापना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रूफटॉप सोलर स्थापना के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश में अब तक 5,00,115 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।राज्य में 8,94,217 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से बड़े पैमाने पर स्वीकृति एवं स्थापना की गई है। प्रदेश में 1,696.68 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता सृजित हुई है तथा 3,038.08 करोड़ की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा एवं 1,000 करोड़ से अधिक की सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा जारी की जा चुकी है। नेडा डायरेक्टर रविन्दर सिंह ने बताया कि कुल उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 5 करोड़ मूल्य की मुफ्त बिजली उत्पन्न हो रही है तथा लाखों टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई गई है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में लगभग 5,000 कंपनियों के माध्यम से 65,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार एवं लाखों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। साथ ही, सौर परियोजनाओं को लोगों के छतों पर स्थापित किए जाने से प्रदेश की लगभग 6,500 एकड़ भूमि को संरक्षित करते हुए उसे कृषि एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु सुरक्षित रखा गया है। अप्रैल में मात्र 30 दिनों में 51,882 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कर प्रदेश ने स्थापना की गति में नया मानक स्थापित किया तथा योजना प्रारंभ से अब तक किसी भी राज्य द्वारा 50,000 संयंत्रों की सर्वाधिक तीव्र स्थापना का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। अप्रैल में प्रदेश की औसत दैनिक स्थापना 1,729 संयंत्र प्रति दिन रही, जो अब तक का सर्वाधिक है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश ने अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मार्च में औसत दैनिक स्थापना 1,700 संयंत्र प्रतिदिन थी, जिसे पीछे छोड़ते हुए अप्रैल में नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। यह उपलब्धि प्रदेश के प्रभावी क्रियान्वयन, सुदृढ़ समन्वय और निरंतर निगरानी का प्रत्यक्ष परिणाम है।

# समाधान दिवस में जिलाधिकारी के सामने महिला बेहोश

- जेठ ने कब्जा ली थी हिस्से की जमीन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ डीएम विशाख जी के सामने शनिवार को एक महिला बेहोश हो गई। वह समाधान दिवस में जमीन विवाद की शिकायत लेकर आई थी। महिला शिकायत करते हुए रोने लगी। वापस जाते समय अचानक उसको चक्कर आया और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। उसे आनन-फानन में कुर्सी पर बैठाया गया।

होश नहीं आने पर तुरंत सरोजनी नगर सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। महिला की पहचान सरोजनी नगर थाने के अनौरा गांव की प्रिया यादव (45) के रूप में हुई है। महिला का जेठ से जमीनी विवाद सरोजनी नगर तहसील न्यायालय में विचाराधीन है। इस जमीन पर न्यायालय के स्टे के बाद भी जेठ निर्माण करा रहे है। इस निर्माण कार्य को रुकवाने के लिए वह समाधान दिवस में शिकायत करने आई थी। लखनऊ के सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन था।

तहसील के अनौरा गांव की प्रिया यादव शिकायत लेकर पहुंची थीं। महिला ने जिलाधिकारी के सामने अपनी बात रखी। इसके बाद वह पीछे हटकर खड़ी हो गई। अचानक उसे चक्कर आया। वह वहीं बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जिलाधिकारी समेत अधिकारी भी हैरान रह गए। घटना के तुरंत बाद, जिलाधिकारी सहित अन्य सभी अधिकारी अपनी कुर्सियों से उठकर महिला के पास पहुंचे। उसे आनन-फानन उठाकर कुर्सी पर बिठाया गया और उसके चेहरे पर पानी छिड़का गया। बाद में, एक सरकारी गाड़ी के माध्यम से महिला को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां उसे भर्ती कराया गया है। महिला का एक जमीनी विवाद सरोजनी नगर तहसील में न्यायालय में विचाराधीन है। 16 बिस्वा जमीन को लेकर महिला और उसके जेठ इंद्रजीत से विवाद चल रहा है। महिला का आरोप है कि उसके जेठ इन्द्रजीत पूरी जमीन को बेच रहे हैं और उस पर निर्माण कर रहे हैं। महिला को जो हिस्सा दे रहे हैं, वह वन विभाग की जमीन है। वह जब उस पर कुछ करने जाती तो वन विभाग वाले रोक देते हैं। इसको लेकर महिला ने करीब 6 माह पहले सरोजनी नगर एसडीएम न्यायालय में वाद दायर किया था। लेकिन स्टे नहीं मिल रहा है। इसी से परेशान होकर डीएम के सामने शिकायत करने आई थी।

# पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल चला रहा संरक्षा अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डा. शिल्पी कनौजिया के नेतृत्व में संरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विभाग के कर्मचारियों हेतु व्यापक संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके अन्तर्गत गोरखपुर यार्ड में शंटिंग मास्टर, स्टेशन मास्टर, कांटा वाला, शंटर एवं सभी शंटिंग स्टाफ को सामान्य एवं सहायक नियम - 5.13 के अनुसार सुरक्षित शंटिंग करने हेतु शंटिंग मे बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत काउंसिल किया गया तथा संरक्षा पोस्टरो का वितरण किया गया।

इसी क्रम में गोरखपुर यार्ड में इंजीनियरिंग कर्मचारियों की गैंग सं. 3 और यार्ड में कार्य करने वाले अन्य इंजीनियरिंग स्टाफ को ग्रीष्मकालीन पेट्रोलिंग के समय डयूटी करने और रेलवे ट्रैक के किनारे आग लगने के बचाव के संबंध में संरक्षा पोस्टरो के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान गोरखपुर स्टेशन परिक्षेत्र स्थित न्यू कोचिंग डिपो, ओल्ड कोचिंग डिपो, गोरखपुर स्टेशन रोलिंग स्टाफ तथा गोरखपुर स्टेशन इंजी. स्टाफ को पिट लाइन,सिक लाइन में कार्य कर रोलिंग इन और आउट परीक्षण तथा यार्ड में कार्य करने के दौरान सावधानी बरतने एवं गर्मी के मौसम में संरक्षित ढंग से व सावधानी पूर्वक कार्य करने के संबंध मे समझाया गया। इस दौरान लगभग 200 संरक्षा पम्फ्लेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर संरक्षा सलाहकार तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# बड़े मंगल पर जीरो वेस्ट भंडार के लिए नगर आयुक्त की अपील

- आयोजन पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल हो

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



नगर आयुक्त गौरव कुमार ने ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले बड़े मंगल के अवसर पर शहरवासियों और भंडारा आयोजकों से जीरो वेस्ट बड़ा मंगल भंडारा आयोजित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की यह परंपरा 400 वर्षों से अधिक पुरानी है, जो सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस वर्ष इसे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़कर और भी आदर्श बनाया जा सकता है। नगर आयुक्त ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी में लगने वाले इन भंडारों में लाखों श्रद्धालु प्रसाद और जल ग्रहण करते हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि आयोजन पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल हों। उन्होंने आयोजकों से अनुरोध किया कि प्लास्टिक और थर्माकोल के उपयोग से बचें तथा पत्तलों और मिट्टी के कुल्हड़ों का प्रयोग करें, जिससे परंपरा के साथ-साथ प्रकृति का भी संरक्षण हो सके।

महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि जो भी लोग भंडारे का आयोजन करें, वे उसकी जानकारी कम से कम 24 घंटे पहले नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर 1533 पर अवश्य दें। गौरव कुमार ने निर्देश दिया कि भंडारों में लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए। ध्वनि स्तर पर्यावरण मंत्रालय द्वारा तय सीमा के भीतर रखा जाए और लाउडस्पीकर केवल निर्धारित समय तक ही बजाए जाएं, ताकि आमजन को असुविधा न हो और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित रहे। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जीरो वेस्ट भंडारा के लिए कचरा प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता संबंधी किसी भी समस्या के लिए नगर निगम के हेल्पलाइन नंबरों जारी गए है। इनमें टोल-फ्री नंबर:- 1533, मोबाइल नंबर. 9219902911, 9219902912, 9219902913, 9219902914, जलकल कंट्रोल रूम 8177054100, 8177054010, 8177054003, लखनऊ स्वच्छता अभियान (जोन 1, 3, 4, 6, 7) 18001234999 और लायन एनवायरो (जोन 2, 5, 8) 18002026172 पर सहायता ली जा सकती है।

# एलपीजी कीमतों में भारी उछाल पर मायावती ने जताई चिंता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- आशंका से लोगों में चिंता बढ़ी है कि जल्द ही रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें भी बढ़ेंगी



बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हुई भारी वृद्धि पर चिंता जताते हुए शनिवार को कहा कि इससे आम जनजीवन पर असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि इस आशंका से लोगों में बेचैनी व्याप्त है कि जल्द ही रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश में वाणिज्यिक सिलेंडर की कमी के बीच उसकी कीमत में एकमुश्त 993 रुपये की फिर से की गई वृद्धि और उसके आम जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभाव से जुड़ी खबरें सभी माध्यमों में प्रमुखता से सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि, इस आशंका से लोगों में चिंता बढ़ी है कि जल्द ही रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें भी बढ़ेंगी।

उन्होंने कहा, इसका वास्तविक कारण चाहे अमेरिका-इजरायल का ईरान पर युद्ध हो या अन्य कोई वजह, सरकार ने जिस प्रकार राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर खासकर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों को काफी हद तक नियंत्रण में रखा, उस नीति को वर्तमान में भी व्यापक जनहित और जनकल्याण के तहत जारी रखना देशहित में होगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी नयी दर के अनुसार वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत अब लगभग तीन हजार रुपये से अधिक हो जाएगी। बसपा प्रमुख ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में इस प्रकार की बढ़ोतरी से पहले से ही महंगाई से त्रस्त गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका आकलन कर ही सरकार को अपनी नीतियां तय करनी चाहिए।

वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में शुक्रवार को अब तक की सबसे बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई और 19 किलोग्राम के सिलेंडर पर 993 रुपये की वृद्धि की गई।

# जल जीवन मिशन : खोदी गईं सड़कों व गड्ढों को तत्काल भरने का फरमान, किसी भी स्तर पर चूक बर्दाश्त नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जल जीवन मिशन के तहत खुदाई का काम करते समय सुरक्षा के सभी मानकों का सख्ती से पालन किया जाए और कार्य संपन्न होते ही खोदी गई सड़कों व गड्ढों को तत्काल भरा जाए।

जिलाधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी खुद स्थलीय निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योगी सरकार शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में साफ पानी पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। जल जीवन मिशन के जरिए करोड़ों लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश के मुताबिक प्रदेश के सभी जिलों में जिलाधिकारी, जल जीवन मिशन से जुड़े वरिष्ठ अधिकरी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर खुदी हुई सड़कों व गड्ढों की स्थिति का पता करें। साथ ही इन्हें तत्काल भरना भी सुनिश्चित करें। इस काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। काम को समय से पूरा नहीं करने, अधूरा छोड़ने या इसमें लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं व ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने के साथ ही उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। सीएम ने निर्देश दिया कि जल समाधान पोर्टल पर आपूर्ति, लीकेज व खुदाई से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति या मरम्मत संबंधित शिकायतों के लिए लोग 18001212164 टोल फ्री नंबर पर शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में करीब 2.50 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन पहुंचाया जा चुका है।

### लुलु मॉल के लुलु फनटुरा में हाइपर ग्रिड गेम का भव्य उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के प्रतिष्ठित लुलु मॉल स्थित लुलु फनटुरा में आज एक नए और अत्याधुनिक गेम हाइपर ग्रिड का भव्य उद्घाटन किया गया। यह इनोवेटिव और इंटरएक्टिव गेमिंग कॉन्सेप्ट शहरवासियों, विशेषकर युवाओं और परिवारों के लिए एक रोमांचक और अनोखा मनोरंजन अनुभव लेकर आया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक एवं एस. आर. ग्लोबल स्कूल के चेयरमैन, पवन सिंह चौहान उपस्थित रहे। उन्होंने विधिवत फीता काटकर हाइपर ग्रिड गेम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान (फेलिसिटेशन) किया गया।इस अवसर पर लुलु ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें जयकुमार गंगाधरण-डायरेक्टर, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना एवं दिल्ली, नोमान अजीज खान रीजनल डायरेक्टर, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना एवं दिल्ली, तथा वसीम अहमद खान-ऑपरेशन्स मैनेजर, लुलु फनटुरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने कहा कि हाइपर ग्रिड जैसे आधुनिक और इनोवेटिव गेम लखनऊ में मनोरंजन के स्तर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और युवाओं को एक नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। श्री जयकुमार गंगाधरण ने कहा कि लुलु फनटुरा हमेशा से ग्राहकों को विश्वस्तरीय मनोरंजन अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, और हाइपर ग्रिड इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। श्री नोमान अजीज खान ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह नई गेमिंग सुविधा लखनऊ के मनोरंजन परिदृश्य में एक नया आयाम जोड़ेगी और परिवारों के लिए एक आकर्षक डेस्टिनेशन बनेगी।

**सराहनीय** | **योगी सरकार बना रही 'स्मार्ट रोड नेटवर्क'**

# एआई व स्विस तकनीक से लैस हो रहे यूपी के एक्सप्रेस-वे

- लोकार्पित गंगा एक्सप्रेस-वे में तकनीक का किया गया उपयोग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे निर्माण का मॉडल अब पारंपरिक ढांचे से आगे निकलकर तकनीक-आधारित निगरानी और प्रबंधन की दिशा में प्रवेश कर चुका है। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में जहां एक ओर तेज गति से एक्सप्रेसवे नेटवर्क का विस्तार हुआ, वहीं अब इन परियोजनाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई और स्विस सेंसर तकनीक को केंद्र में रखा गया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीडा द्वारा स्विट्जरलैंड की ईटीएच ज्यूरिख और आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी के साथ की गई साझेदारी इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत सड़क निर्माण को 'डेटा-ड्रिवन' और 'रियल-टाइम मॉनिटरिंग' आधारित बनाया जा रहा है। पीएम मोदी द्वारा लोकार्पित गंगा एक्सप्रेसवे में भी इस तकनीक का उपयोग किया गया है। अब तक सड़क निर्माण में गुणवत्ता का आकलन प्राय: निर्माण पूरा होने के बाद होता था, जिससे खामियों के सुधार में समय और लागत दोनों बढ़ते थे। नई प्रणाली में यह पूरी प्रक्रिया बदल गई है। सेंसर आधारित मॉड्यूल के जरिए निर्माण के दौरान ही सड़क की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी कमी को उसी समय दुरुस्त किया जा सके। इस तकनीक का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा वह विशेष वाहन है, जिसमें सात एक्सेलेरोमीटर सेंसर लगाए गए हैं। यह वाहन एक्सप्रेसवे की हर लेन पर चलकर सतह की एकरूपता, ऊंचाई में उतार-चढ़ाव और कंपन का डेटा जुटाता है। यह डेटा सड़क की वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक आकलन प्रस्तुत करता है, जो पारंपरिक विजुअल इंस्पेक्शन से कहीं अधिक सटीक माना जा रहा है।सेंसर से प्राप्त आंकड़ों को एआई सॉफ्टवेयर के जरिए प्रोसेस कर सड़क की गुणवत्ता को 'एक्सीलेंट', 'गुड' और 'पुअर' जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। इससे न केवल गुणवत्ता का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन संभव होता हैबल्कि निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही भी तय होती है। खास बात यह है कि एआई आधारित यह सिस्टम सड़क की छोटी-से-छोटी खामी को भी पहचान लेता है, जिससे समय रहते सुधार किया जा सकता है।योगी सरकार का फोकस केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। एक्सप्रेसवे के संचालन चरण में भी एआई का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। एआई-सक्षम कैमरे ओवरस्पीडिंग या गलत लेन में चलने जैसे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को स्वत: चिन्हित करेंगे। इससे न केवल प्रवर्तन मजबूत होगा, बल्कि मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।यह पहल उत्तर प्रदेश को पारंपरिक इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल से आगे ले जाकर 'स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर' की श्रेणी में स्थापित करती है। एक्सप्रेसवे अब केवल कनेक्टिविटी का माध्यम नहीं, बल्कि डेटा, तकनीक और प्रबंधन के समन्वय से संचालित एक इंटेलिजेंट नेटवर्क के रूप में विकसित हो रहे हैं। स्पष्ट है कि योगी सरकार अब इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के दूसरे चरण में प्रवेश कर चुकी है, जहां फोकस केवल निर्माण पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता, सुरक्षा और टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन पर है।

# लड्डू गोपाल के आठवें जन्मोत्सव पर हुआ विशाल भंडारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




शनिवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिश्रा परिवार ने अपने लड्डू गोपाल के आठवें जन्मोत्सव पर संगीतमाई सुंदरकांड के साथ एवं विशाल भंडारे का आयोजन पार्षद विनोद यादव द्वारा कराया गया।

शनिवार सुबह 10:30 बजे से सुंदरकांड का आयोजन मिश्रा परिवार ने अपने निज निवास पर आयोजित कराया जिसमें सभी लोगों ने सुंदरकांड पाठ का आनंद लिया।

तत्पश्चात दोपहर 1:30 बजे से क्षेत्र के लोकप्रिय पार्षद विनोद यादव एवं मंदिर समित के सदस्यों जितेंद्र निगम, तीर्थराज यादव, अभिषेक मिश्रा , जितेंद्र निगम, अनुराग दीक्षित, सचिन देवल, शिवम, देवेश, अवस्थी, शिवांशु अवस्थी द्वारा सब्जी-पूरी, बूंदी शरबत का भंडारा वितरण किया गया जिसमें क्षेत्र के सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मिश्रा परिवार प्रत्येक वर्ष यह आयोजन सुनिश्चित करता रहा है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन में मौलाना की पीट-पीटकर हत्या

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** ताजुश्शरिया बरेली उर्स में शामिल होकर बिहार के लिए लौट रहे मौलाना की ट्रेन में पीट पीटकर हत्या कर दी गई। शव ट्रेन से बहार फेंकने के आरोप में पूरनपुर में मुस्लिम समुदाय ने कड़ी नाराजगी जताई। मौलाना के परिजनों को इंसाफ दिलाने की मांग की गई। लोगों ने मौलाना की मौत के जिम्मेदारों को सजा दिलाने को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पूरनपुर तहसीलदार को सौंपा है। शनिवार को पूरनपुर के ब्लॉक रोड पर सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकजुट हुए जहां पर बरेली के ताजुश्शरिया उर्स में शामिल होकर अपने घर बरेली लौट रहे मौलाना की ट्रेन में यात्रा के दौरान मुस्लिम होने के चलते पीट पीट कर हत्या किए जाने के विरोध में जमकर नाराजगी जताई। मुसलमान ने मौलाना की हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। जिसको लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने राष्ट्रपति को सबोधित ज्ञापन पूरनपुर तहसीलदार को सौंपा। जिस ज्ञापन में मृतक मौलाना के परिजनों को इंसाफ दिलाए जाने की मांग की है।

### नहर में नहाते समय दो दोस्तों की डूबने से हुई मौत

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में एक नहर में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान नगर निवासी विनीत और आशू के रूप में हुई है। शुक्रवार दोपहर को विनीत और आशू गर्मी से बचने के लिए क्षेत्र से गुजर रही नहर में नहाने पहुंचे थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुरुआत में वे किनारे पर थे, लेकिन पानी का तेज बहाव और गहराई का अंदाजा न मिल पाने के कारण वे गहरे पानी में चले गए। देखते ही देखते दोनों युवक पानी की तेज धार में फंसकर डूबने लगे। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर सुनकर उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन जलस्तर और बहाव अधिक होने के कारण वे युवकों तक नहीं पहुंच सके। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर नहर में तलाशी अभियान शुरू किया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने घटनास्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर दोनों युवकों के शव बरामद किए। युवकों की मौत की खबर उनके घर पहुंचने पर परिजनों में दुख का माहौल है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### एसपी के आदेश पर गजरौला पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने की कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** गजरौला में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस ने कस्बे और प्रमुख मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट बाइक चला रहे चालकों, सीट बेल्ट न लगाने वाले वाहन चालकों और ओवरलोड सवारी ढो रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।पुलिस ने कई वाहनों के चालान काटे और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और लोगों की सुरक्षा के उद्देश्य से चलाया गया है।चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने और वाहन चालकों को निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने की हिदायत दी।पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी लगातार अभियान जारी रहेगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पूरनपुर में अष्टभुजा महारानी देवी मंदिर और गड़ी मंदिर के नवनिर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न



**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** पूरनपुर नगर के मोहल्ला साहूकारा (लाइन पार) स्थित प्राचीन अष्टभुजा महारानी देवी मंदिर एवं निकट एलआईसी ऑफिस के पास स्थित प्राचीन गड़ी मंदिर के नवनिर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कानपुर से पधारे सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित हरिओम द्विवेदी जी ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कराया। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। भूमि पूजन में नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवीन अग्रवाल (प्रबंधक, मंदिर कमेटी), राम बहादुर गुप्ता, रवि प्रकाश गुप्ता (अध्यक्ष), अंशु गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य रितुराज पासवान, अशोक गुप्ता, सभासद डॉ. रोहित मिश्रा, सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू', सभासद अनुज कुमार गुप्ता, सभासद सूरज बाथम, सभासद उदित सिंह, सभासद गौरव जायसवाल, सुधांशु गुप्ता (कार्यकारिणी सदस्य), डॉ. सुधाकर पांडेय, रोहित गुप्ता एवं पुजारी दिनेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने माता रानी से पूरनपुर नगर की सुख-समृद्धि, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

### घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में चार नामजद

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हरनोखा निवासी नीलम पत्नी सुरेंद्र ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार को अपरान्ह करीब चार बजे वह उसकी भाभी व ससुर घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के राकेश व बूटी पुत्र महिपाल , अरविन्द पुत्र राकेश व राकेश के ससुर रामपाल उसके घर मे घुस आये । और उसे गालियां देने लगे । जब उसके ससुर मुंगालाल व भावी ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने तीनों के साथ लाठी डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया । गांव बालों के आ जाने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

### सीनियर सिटीजन की बैठक आज

**शाहजहांपुर।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी शाहजहॉपुर की माह मई की मासिक बैठक 03 मई रविवार समय प्रातः 10:00 बजे एसपी हिन्दू इंटर कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण् साथियों से उपरोक्तनुसार बैठक में सम्मिलित होने की अपील की गई। यह जानकारी सरोज कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष, सर्वेश कुमार गुप्ता, सचिव ने दी।

### कल मौसम खराब रहने की संभावना

**शाहजहांपुर।** कल तक मध्यम वर्षा के साथ बिजली चमकने तथा तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार इस अवधि में अधिकतम तापमान 34 से 37 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। पूर्वी दिशा से हवाएं झोंकों के साथ 6 से 21 किमी प्रति घंटा की गति से चल सकती हैं। पूर्वानुमानित अवधि में बादल छाए रहने के साथ गरज-चमक एवं तूफान की भी संभावना है। अतः किसान कृषि कार्यों में विशेष सावधानी बरतें।

### सदर में 38 में 2 का निस्तारण

**शाहजहांपुर।** तहसील सदर में शनिवार को एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें 38 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 2 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया और शेष प्रार्थना पत्रों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। एसडीएम ने अधीनस्थ को दिशा निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का ससमय निस्तारण करे।

# प्रधानों की 9 मांगों का ज्ञापन वित्त मंत्री को सौंपा, सहयोग का मिला आश्वासन



समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम 9 सूत्रीय ज्ञापन सुरेश कुमार खन्ना वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं डॉ. सुधीर गुप्ता एमएलसी को सौंपा। इस दौरान मंत्री ने प्रधानों की सभी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने और सहयोग का आश्वासन दिया। संगठन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बताया कि ज्ञापन में सरकार के सामने ग्राम प्रधानों की 9 प्रमुख मांगें रखी गईं। इनमें पंचायत चुनाव समय पर कराए जाने या चुनाव तक कार्यकाल बढ़ाने, छोटी ग्राम पंचायतों का बजट बढ़ाने, मनरेगा कार्यों के भुगतान की समय सीमा तय करने, जांच पूरी होने से पहले प्रधानों पर कार्रवाई न करने तथा बिजली बिल निशुल्क करने की मांग प्रमुख रही। इसके अलावा ग्राम पंचायत की परती जमीन व तालाब निर्धनों को पट्टा देने का अधिकार, पंचायत की आय बढ़ाने के लिए प्रधानों के अधिकारों का विस्तार, सामग्री के बाजार और सरकारी रेट में अंतर समाप्त करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल रही। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रधानों की सभी मांगें मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएंगी और उन्हें पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। वहीं एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रधानों ने हमेशा उनका साथ दिया है और अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे प्रधानों के हितों की आवाज सरकार तक पहुंचाएं। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप, जिला अध्यक्ष झब्बू सिंह यादव, महासचिव बृजपाल, कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, प्रधान जयप्रकाश गुप्ता, वशीउल्ला खां, फिरासत अली, सोनू वर्मा, धीरज, मीता खां, अमर सिंह, मदन लाल वर्मा, सुनील वर्मा, आकाश गुप्ता, राजाराम गिरी, आगा खां, वसीम खां, महेश चंद्र गौतम सहित सभी 15 ब्लॉकों के अध्यक्ष और सैकड़ों प्रधान मौजूद रहे।

## साहित्य गौरव सम्मान से अलंकृत किए गए कवि डॉ. प्रदीप वैरागी




समृद्धि न्यूज

**पुवायां।** बरेली कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में विश्व हिंदी परिषद दिल्ली एवं बरेली कॉलेज बरेली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित काव्य संध्या एवं साहित्यकार अलंकरण समारोह में जनपद के चर्चित राष्ट्रवादी कवि और साहित्यकार डॉ प्रदीप वैरागी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए साहित्य गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। जिसकी अध्यक्षता बरेली कॉलेज के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. श्यामपाल सिंह मौर्य ने किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दी परिषद् दिल्ली के महासचिव डॉ विपिन कुमार और आयोजन समिति के सचिव प्रो मनुप्रताप ने उन्हें यह सम्मान प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर पुवायां के शायर संतोष श्रृद्धा को भी अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त बरेली के वरिष्ठ अधिवक्ता कवि उपमेंद्र सक्सेना, कवियत्री राजबाला धैर्य, अभिषेक अग्निहोत्री, निर्दोष कुमार विन, डॉ. शालिनी शर्मा मुक्ता, को भी अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पीलीभीत के उपाधि कॉलेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रणव कुमार, बरेली कॉलेज के डॉ योगेश शर्मा, डॉ विवेक कुमार, डॉ विवेक आस्तिक सहित तमाम शिक्षाविद्, प्रोफेसर, निदेशक, कुलगुरु, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के खंडसार निवासी राजपाल पुत्र विशराम 45 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी सीमा ने बताया कि मेरा पति राजपाल शराब पीने का आदी था।

शुक्रवार रात पूरा परिवार सो गया। सुबह लगभग 3 बजकर 30 मिनट पर देखा कि शौचालय और कमरे की



दीवार में लगे पाइप में गर्म चादर से फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई।

आत्महत्या करने का कारण पता नहीं चल सका। मृतक अपने पीछे पत्नी सीमा और तीन बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## कुर्की कराने को लेकर पीड़िता काट रही अधिकारियों के चक्कर

समृद्धि न्यूज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** खुटार थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी रेखा देवी पत्नी राम विनोद शुक्ला ने उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज को प्रार्थना पत्र देकर खेत की कुर्की के आदेश व खेत में झंडी लगे होने के बाबजूद खेत में खड़ी गन्ने की फसल काटने वाले के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि पीड़िता के गुजारा वसूली के लिए एक मुकदमा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें न्यायालय द्वारा 309100 रु का रिकवरी वारंट जारी किया। जिसके तहत पीड़िता के पति की ग्राम चांदपुर में कृषि भूमि है। जिसमें गन्ने तथा लाही की



फसल खड़ी है। जिसमें न्यायालय ने जिलाधिकारी को 22 जनवरी 2026 को वसूली कुर्की हेतु पत्र भेजा गया था। जिसमें से गन्ने की 59720 रुपए की वसूली की गई। तथा शेष खेत में झंडी लगा दी गई। जिसके बाबजूद विपक्षी रामविनोद ने खेत में लगी झंडी उखाड़ कर फेंक दी तथा गन्ने की फसल को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर बेंच दिया। जिससे पीड़िता की वसूली नहीं हो पाई। पीड़िता की एक शादी योग्य बेटी है जिसकी शादी करनी है। साथ ही गुजर बसर का कोई जरिया नहीं है। वही हल्का अमीन विपक्षी से सांठ गांठ कर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर बकाया धनराशि की वसूली किए जाने तथा सरकारी वसूली में बाधा डालने वाले उक्त के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने आत्महत्या करने की चेतावनी भी दी। वही नायब तहसीलदार ने बताया कि 15 दिन के अंदर बकाया भुगतान कराया जाएगा तथा अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सिख समाज की सामाजिक न्याय यात्रा शाहजहांपुर पहुंची, भुल्लर बोले: '10 साल से ठगा महसूस कर रहा समाज, अब बदलाव तय'

शाहजहांपुर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सिख समाज की सामाजिक न्याय यात्रा पीलीभीत से शुरू होकर लखीमपुर खीरी होते हुए शाहजहांपुर पहुंची। राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा कि यात्रा को अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है और सिख समाज पिछले दस वर्षों से खुद को ठगा महसूस कर रहा है, अब बदलाव का समय आ गया है।1 मई को भुल्लर पुवायां विधानसभा क्षेत्र से होते हुए बिजलीपुरा स्थित सपा जिला कार्यालय पहुंचे, जहां सपा जिला



अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके व फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।इस दौरान भुल्लर ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की तथा प्रेस वार्ता कर पार्टी की नीतियों को मजबूती से रखा।कार्यक्रम में सैयद रिजवान अहमद, सरदार हरभजन सिंह दुआ, नीरज मिश्रा, अतिउल्ला सिद्दीकी, चौधरी रामकुमार भोजवाल, सरदार तेजेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू, सरदार बलविंदर सिंह उर्फ बग्गा, अजीम खान, गुफरान खान, हफीज अंसारी, सरदार कुलविंदर सिंह, सरदार धीरेंद्र सिंह, फैजान खान, फरमान खान, सईद, अनिल भास्कर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अपूर्वा ठाकुर के समर्थन में उमड़ रहा जनसैलाब



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र में इस वक्त सियासी हलचल चरम पर है। जहां भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी अपूर्वा ठाकुर और उनके सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम का गांव गांव और मोहल्ला मोहल्ला जनसंपर्क गति पकड़ रहा है। भाजपा से विधानसभा टिकट की दावेदार अपूर्वा ठाकुर लगातार जनता से सीधा संवाद कर रही हैं। जिससे जनता उनसे सीधी जुड़ रही है। यही वजह है कि इस विधानसभा क्षेत्र से अन्य उम्मीदवारों के होश उड़ गए हैं इस बार चुनावी समीकरणों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि अपूर्वा ठाकुर को हर जाति वर्ग की महिलाएं,युवाओं,किसानों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। ग्रामीण अपूर्वा ठाकुर के जनसंपर्क के दौरान लोग खुलकर अपनी समस्याएं उनके सामने रख रहे हैं। वे भी ग्रामीणों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनते हुए समाधान का भरोसा दे रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो वे शिक्षा,स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों पर प्राथमिकता से काम करेंगी।

## ई-रिक्शा में सफर करती महिलाओं को बनाते थे निशाना, 7 शातिर गिरफ्तार




**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद पुलिस व एसओजी व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा में सफर कर रही महिलाओं को निशाना बनाने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सात शातिर अभियुक्तों और अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, चार मोबाइल फोन, दो अवैध चाकू तथा एक टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य सुनियोजित तरीके से सार्वजनिक वाहनों, विशेषकर ई-रिक्शा में सवार होते थे। सफर के दौरान मौका मिलते ही महिलाओं के बैग व पर्स से नगदी, जेवरात और कीमती सामान पार कर देते थे। कई बार विरोध होने पर आरोपी चाकू दिखाकर महिलाओं को डराते-धमकाते भी थे। पूछताछ में आरोपियों ने जलालाबाद और खुटार क्षेत्र में की गई कई घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की जानकारी जुटाने में लगी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता को लेकर आमजन में भरोसा बढ़ा है, वहीं महिलाओं ने भी राहत की सांस ली है।

## ठेकेदार की मनमानी से गंदे पानी मे डूबा थाना परिसर, फरियादियों को हो रही दिक्कत



**काँट, शाहजहांपुर।** बरेली मोड़ से जलालाबाद तक बन रही फोरलेन सड़क परियोजना में कस्बा कांट के भीतर चल रहा नाला निर्माण ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी का उदाहरण बन गया है। करोड़ों की परियोजना के बीच जिम्मेदारों की अनदेखी से हल्की बारिश ने ही पूरे सिस्टम की पोल खोल दी।कस्बे में दोनों ओर नालों का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। कहीं खुदाई कर रास्ते बंद कर दिए गए, तो कहीं निकासी की व्यवस्था तक नहीं की गई। नतीजा यह रहा कि हल्की बारिश में ही सड़कें तालाब बन गई और गंदा पानी सीधे कांट कोतवाली तक पहुंच गया।विडंबना यह रही कि जहां से आम जनता को न्याय मिलता है, वही कोतवाली जलभराव से जूझती नजर आई। फरियाद लेकर पहुंचे लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार को न जनता की चिंता है, न व्यापारियों की और न प्रशासनिक व्यवस्था की।

प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि परिसर में भरा पानी बारिश और नाले के पानी के कारण जमा हुआ है।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य बिना योजना, बिना निगरानी और बिना जवाबदेही के कराया जा रहा है। अगर हल्की बारिश में यह हाल है तो बरसात के मौसम में कांट कस्बे की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जनता ने प्रशासन से ठेकेदार पर कार्रवाई कर तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, शाहजहांपुर**
**उपभोक्ता परिवाद संख्या 173/2025**
**कमलेश्वर सिंह बनाम खंडेलवाल फर्नीचर**

मैसर्स खंडेलवाल फर्नीचर द्वारा मालिक अशोक खंडेलवाल, निकट घंटाघर, शाहजहांपुर चूंकि उपरोक्त नामित परिवादी ने आपके विरुद्ध उपभोक्ता परिवार प्रस्तुत किया है। जिसकी प्रति संलग्न है, का उत्तर स्वयं अथवा अपने पैरोकार के माध्यम से दिनांक 26-05-2026 को समय 11:00 बजे पेश करें,अन्यथा परिवाद की कार्यवाही आपके विरुद्ध एक पक्षीय रूप से चलाई जाएगी। आज दिनांक 29-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर सहित नोटिस जारी किया गया।

**आयोग के आदेशानुसार**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, शाहजहांपुर**

## नगर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर महापौर ने की बैठक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** नगर निगम कार्यालय में महापौर की अध्यक्षता में शहर की स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सके।



महापौर अर्चना वर्मा ने निर्देशित किया कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से नाला-नाली की सफाई पर प्राथमिकता के साथ ध्यान दिया जाए, जिससे जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। इसके साथ ही कूड़ा उठान की व्यवस्था को समयबद्ध एवं सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी कहा गया कि सार्वजनिक स्थलों, बाजारों एवं प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई पर विशेष निगरानी रखी जाए। डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण को और अधिक प्रभावी बनाते हुए नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। महापौर अर्चना वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नियमित निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की जाए। साथ ही, शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए जनसहभागिता को भी बढ़ावा देने की बात कही गई। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

## सपा सरकार में ही सुरक्षा सम्मान पंकज पांडेय से मिले सपा नेता नीरज

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज मिश्रा शनिवार को अपने साथियों के सहित साउथ सिटी निवासी समाजसेवी पंकज पाण्डेय के आवास पर उनका हालचाल जानने पहुंचे। अभी घल ही में ही पंकज पाण्डेय के आवास के सामने भाजपा सांसद के पुत्र एवं नीटू सिंह के बीच वाद विवाद हो गया था। जिस पर पंकज पाण्डेय ने एक अच्छे नागरिक का फर्ज निभाते हुये बीच बचाव करवा दिया। इस पर भाजपा नेता ने फोन पर जहाँ पंकज पाण्डेप को धमकाया वहीं। अभद्र भाषा में दलितो एवं ब्राह्मणों को गालियां देकर जाति सूचक टिप्पणियां की। फोन पर हुई वार्ता के बाद पंकज पाण्डेय के आवास पर पहुंचकर नीरज मिश्रा ने पार्टी के जिलाध्यक्ष एव वरिष्ठ नेताओं से वार्ता कराई । जिपं सदस्य नीरज मिश्रा ने समाज के कमजोर पीड़ितों के उत्पीडन लोगों की बात याद दिलाते हुये उन्हें बताया कि सपा की सरकार में ही उन्हें सुरक्षा संरक्षण व सम्मान मिल सकता है। उन्होंने कहा सपा उनके साथ है। इसके बाद उन्होंने सपा जिलाध्यक्ष से फोन पर बात कराई। कहा वह उनके साथ है, उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**संबंध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र अमन गुप्ता एवं पुत्रवधू वर्षा को उनके गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करती/ करता हूं।

**सोना पत्नी**
**शिवकुमार/शिवकुमार**
**निवासी मोहल्ला गढ़ी पुवायां**
**शाहजहांपुर।**

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## शोर का न ओर-छोर

यूं तो हाल के वर्षों में आम भारतीय की अभिव्यक्ति में तल्खी व शोर का ग्राफ तेज हुआ है। अभिव्यक्ति का मुखर होना अच्छा है लेकिन उसका तल्ख होना, किसी की भी सेहत के लिए अच्छा नहीं है। वैसे हमारे परिवेश में लगातार बढ़ता शोर झेलना हमारी नियति हो चला है। सड़कों पर वाहनों के शोर, नये दौर के कर्कश संगीत से लेकर राजनीतिक विमर्श में होने वाले शोरगुल वाले संवाद से लेकर तमाम ऐसा कुछ घट रहा है, जो हमारी परेशानी का सबब बन रहा है। यूं तो कोई प्रमाणिक राष्ट्रव्यापी वैज्ञानिक शोध व्यापक रूप में हमारे सामने तो नहीं आए हैं जो ठीक-ठीक बताएं कि ध्वनि प्रदूषण हमारी सेहत पर कितना घातक असर डाल रहा है। लेकिन गाहे-बगाहे सामने आए आंकड़े इस बात की पुष्टि जरूर करते हैं कि लगातार बढ़ता शोर हमारी सेहत बिगाड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद इसे रोकने के लिए उचित निगरानी, समयबद्ध कार्रवाई और दंड के प्रावधान लागू होते नजर नहीं आते हैं। लेकिन विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्ष बता रहे हैं देश के महानगरों से लेकर कस्बों तक हमारे परिवेश का शोर तय मानकों से कहीं अधिक है। जाहिरा तौर ये शोर हमारी सेहत को गहरे तक प्रभावित कर रहा है। जिससे न केवल हमारी श्रवण शक्ति कमजोर हो रही है बल्कि नींद में कमी, मानसिक तनाव, उच्च रक्तचाप के अलावा हृदय रोग तक का खतरा बढ़ रहा है। लेकिन इस दिशा में कागजों में तो लुभावनी योजनाएं तो बनायी जाती हैं लेकिन जमीनी हकीकत बदलती नजर नहीं आती। यह सुखद है कि पिछले दिनों देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस दिशा में नई पहल शुरू की गई है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया आरंभ की है। दावा किया जा रहा है कि प्रदूषण के स्रोतों की कायदे से निगरानी होगी। इसके अलावा समयबद्ध ढंग से कार्रवाई होगी। साथ ही जुर्माना भी अनिवार्य रूप से वसूला जाएगा। ये तो आने वाला वक्त बताएगा कि अच्छी योजना कितनी जमीनी हकीकत बनती है। लेकिन सवाल यह है कि जब देश में पहले से शोर नियंत्रण के कानून मौजूद हैं और हमारी अदालतें भी समय-समय पर हमारे नीति नियंताओं को आगाह करती ही रहती हैं, तो फिर सूरत क्यों नहीं बदलती। आखिर इन नियम-कानूनों के क्रियान्वयन में कहां खोट रह जाता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम, 2000 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों, निर्माण कार्यों और उद्योगों में इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों, वाहनों के हार्न आदि अन्य स्रोतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया था। ताकि लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा हो पाए। उल्लेखनीय है कि ये प्रावधान दिन व रात के लिये अलग-अलग हैं। जिसके अंतर्गत रात के दस बजे से लेकर सुबह छह बजे के मध्य लाउडस्पीकर लगाना मना है। यदि अपरिहार्य कारणों से कुछ अधिक समय के लिये इसका उपयोग किया भी जाना है तो संबंधित अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन कानूनों का जमकर उल्लंघन करना शान समझा जाता है। जाहिर बात है कि जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी इसकी निगरानी और रोकने के लिये होती है वे अपने दायित्वों को भलीभांति निर्वहन नहीं करते हैं। सख्ती के अभाव में लोग इसे न्यू नॉर्मल बना देते हैं। विडंबना यह है कि छोटे शहरों व कस्बों ही नहीं, बड़े शहरों में भी ध्वनि का स्तर नापने वाले यंत्र या तो लगे नहीं हैं, या फिर वे ठीक से काम नहीं कर रहे होते हैं। यही वजह है कि देश के सामने वह तस्वीर नहीं उभरती कि देश में ध्वनि प्रदूषण का स्तर कितना घातक हो चला है। जाहिर बात है कि देश में जब प्रामाणिक डाटा ही उपलब्ध नहीं है तो उसके निदान और उसके पड़ने वाले घातक प्रभावों की हकीकत कैसे सामने आएगी। वास्तव में गैर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। यदि वे फिर भी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करते तो उनके खिलाफभी कार्रवाई होनी चाहिए।

# तकनीक का जाल या उपभोक्ता की मजबूरी?

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

दो-तीन वर्षों में नया मोबाइल खरीदना–यह केवल एक व्यक्ति का अनुभव नहीं, बल्कि आज के डिजिटल युग की एक व्यापक सच्चाई है। कभी तकनीक को जीवन को सरल, तेज़ और सुविधाजनक बनाने का माध्यम माना जाता था, लेकिन आज वही तकनीक कई बार उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक और मानसिक दबाव का कारण बनती दिखाई देती है। सवाल यह नहीं है कि तकनीक गलत है, बल्कि यह है कि उसका उपयोग और व्यापारिक ढांचा किस दिशा में जा रहा है।

मोबाइल कंपनियाँ हर वर्ष नए-नए मॉडल बाजार में उतारती हैं, जिनमें बेहतर कैमरा, तेज़ प्रोसेसर और आकर्षक डिज़ाइन का वादा किया जाता है। इसके साथ ही पुराने मोबाइल फोन के लिए सॉफ़्टवेयर अपडेट भी जारी किए जाते हैं। सिद्धांत रूप में ये अपडेट सुरक्षा और प्रदर्शन सुधारने के लिए होते हैं, लेकिन व्यवहार में कई उपयोगकर्ताओं को यह अनुभव होता है कि अपडेट के बाद उनका फोन धीमा हो जाता है, बैटरी जल्दी खत्म होती है और ऐप्स पहले की तरह सुचारू रूप से नहीं चलते। इस स्थिति ने "planned obsolescence" यानी योजनाबद्ध अप्रचलन की बहस को जन्म दिया है–एक ऐसी रणनीति, जिसमें उत्पाद को इस तरह डिज़ाइन किया जाता है कि वह कुछ समय बाद अप्रभावी हो जाए, ताकि उपभोक्ता नया उत्पाद खरीदने को मजबूर हो।

यह कहना पूरी तरह सही नहीं होगा कि हर बार कंपनियाँ जानबूझकर ऐसा करती हैं। तकनीकी रूप से, हर नया सॉफ़्टवेयर अधिक उन्नत होता है और उसे अधिक संसाधनों की आवश्यकता होती है। पुराने हार्डवेयर पर उसका प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन जब यही प्रक्रिया लगातार उपभोक्ता के अनुभव को खराब करती है, तो यह सवाल उठना लाज़मी है कि क्या कंपनियाँ अपने उत्पादों की दीर्घकालिक उपयोगिता को लेकर पर्याप्त ईमानदार हैं। उपभोक्ता के पास विकल्प सीमित होते जा रहे हैं–या तो वह धीमे होते फोन के साथ समझौता करे या फिर नया फोन खरीदे।

टेलीकॉम क्षेत्र में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। पहले जहाँ रिचार्ज प्लान 30 दिनों के होते थे, वहीं अब अधिकांश कंपनियाँ 28 दिनों का चक्र अपनाने लगी हैं। पहली नजर में यह अंतर छोटा लगता है, लेकिन साल भर में यह अंतर एक अतिरिक्त रिचार्ज में बदल जाता है। यानी उपभोक्ता को 12 के बजाय 13 बार भुगतान करना पड़ता है। यह एक सूक्ष्म लेकिन प्रभावी व्यावसायिक रणनीति है, जो कंपनियों के मुनाफे को बढ़ाती है, जबकि उपभोक्ता की जेब पर अतिरिक्त भार डालती है। यह व्यवस्था खासकर उन लोगों के लिए अधिक कठिन है, जिनकी आय सीमित है और जिनके लिए हर अतिरिक्त खर्च मायने रखता है।



***सरकार और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि डिजिटल सेवाएँ सभी के लिए सुलभ और किफायती हों। सार्वजनिक वाई-फाई, सस्ती डेटा योजनाएँ और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जब तक हर व्यक्ति को समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक तकनीक का लाभ पूर्ण रूप से समाज तक नहीं पहुँच पाएगा। अंततः, तकनीक स्वयं में न तो अच्छी है और न ही बुरी–यह इस बात पर निर्भर करती है कि उसका उपयोग कैसे किया जाता है। यदि तकनीक का उद्देश्य केवल मुनाफा कमाना बन जाए, तो वह उपभोक्ताओं के लिए बोझ बन सकती है। लेकिन यदि उसे मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए उपयोग किया जाए, तो वह एक शक्तिशाली साधन बन सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक और व्यापार के बीच संतुलन स्थापित करें। कंपनियाँ अपनी जिम्मेदारी समझें, नियामक संस्थाएँ सक्रिय रहें और उपभोक्ता जागरूक बनें। तभी हम एक ऐसे डिजिटल भविष्य की कल्पना कर सकते हैं, जहाँ तकनीक वास्तव में मानव जीवन को सरल और समृद्ध बनाए, न कि उसे आर्थिक दबाव और निर्भरता के जाल में फंसा दे।***

डिजिटल सेवाओं के बढ़ते विस्तार के साथ ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) का उपयोग भी अत्यधिक बढ़ गया है। बैंकिंग, ऑनलाइन खरीदारी, सोशल मीडिया, यहाँ तक कि कई सरकारी सेवाओं के लिए भी ओटीपी अनिवार्य हो गया है। सुरक्षा की दृष्टि से यह एक आवश्यक कदम है, क्योंकि साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। लेकिन इसका दूसरा पक्ष यह है कि इससे उपयोगकर्ता अनुभव जटिल हो जाता है। हर छोटे काम के लिए ओटीपी की आवश्यकता प्रक्रिया को धीमा और कभी-कभी निराशाजनक बना देती है। इसके अलावा, जिन लोगों के पास स्थिर नेटवर्क या आधुनिक उपकरण नहीं हैं, उनके लिए यह एक अतिरिक्त बाधा बन जाती है।

सबसे गंभीर मुद्दा डेटा की अनिवार्यता का है। आज के समय में इंटरनेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है; यह शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं तक पहुँच का मुख्य माध्यम बन चुका है। ऑनलाइन कक्षाएँ, डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस सेवाएँ–ये सभी इंटरनेट पर निर्भर हैं। ऐसे में डेटा खरीदना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। लेकिन जब डेटा की कीमतें लगातार बढ़ती हैं या योजनाएँ जटिल होती जाती हैं, तो इसका सीधा प्रभाव समाज के कमजोर वर्गों पर पड़ता है। डिजिटल विभाजन (digital divide) और गहरा हो जाता है, जहाँ एक वर्ग तेजी से आगे बढ़ता है, जबकि दूसरा वर्ग पीछे छूट जाता है।

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है–क्या इस स्थिति पर नियंत्रण संभव है? इसका उत्तर सरल नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। सबसे पहले, नियामक संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कंपनियाँ उपभोक्ताओं के साथ पारदर्शिता बनाए रखें और ऐसी नीतियाँ न अपनाएँ जो अप्रत्यक्ष रूप से शोषण का कारण बनें। उदाहरण के लिए, रिचार्ज योजनाओं की अवधि और संरचना को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जा सकते हैं, ताकि उपभोक्ता को भ्रमित न किया जाए।

दूसरा, उपभोक्ता संरक्षण कानूनों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। यदि कोई कंपनी जानबूझकर अपने उत्पाद की कार्यक्षमता को कम करती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, उपभोक्ताओं को यह अधिकार मिलना चाहिए कि वे अपने उपकरणों की मरम्मत आसानी से करा सकें। "Right to Repair" जैसे विचार इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं, जो उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों पर अधिक नियंत्रण देते हैं और उन्हें बार-बार नया उत्पाद खरीदने की मजबूरी से बचाते हैं।

तीसरा, उपभोक्ता जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कई बार हम स्वयं भी बिना सोचे-समझे नए उत्पादों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। विज्ञापन, सोशल मीडिया और साथियों का प्रभाव हमें यह महसूस कराता है कि नया फोन या नई योजना आवश्यक है, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं होता। यदि उपभोक्ता अपने निर्णय सोच-समझकर लें, अनावश्यक अपडेट्स से बचें और अपने उपकरणों का उपयोग अधिक समय तक करें, तो इस चक्र को कुछ हद तक तोड़ा जा सकता है।

इसके अलावा, सरकार और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि डिजिटल सेवाएँ सभी के लिए सुलभ और किफायती हों। सार्वजनिक वाई-फाई, सस्ती डेटा योजनाएँ और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जब तक हर व्यक्ति को समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक तकनीक का लाभ पूर्ण रूप से समाज तक नहीं पहुँच पाएगा।

अंततः, तकनीक स्वयं में न तो अच्छी है और न ही बुरी–यह इस बात पर निर्भर करती है कि उसका उपयोग कैसे किया जाता है। यदि तकनीक का उद्देश्य केवल मुनाफा कमाना बन जाए, तो वह उपभोक्ताओं के लिए बोझ बन सकती है। लेकिन यदि उसे मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए उपयोग किया जाए, तो वह एक शक्तिशाली साधन बन सकती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक और व्यापार के बीच संतुलन स्थापित करें। कंपनियाँ अपनी जिम्मेदारी समझें, नियामक संस्थाएँ सक्रिय रहें और उपभोक्ता जागरूक बनें। तभी हम एक ऐसे डिजिटल भविष्य की कल्पना कर सकते हैं, जहाँ तकनीक वास्तव में मानव जीवन को सरल और समृद्ध बनाए, न कि उसे आर्थिक दबाव और निर्भरता के जाल में फंसा दे।

***(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)***


विचार

# सरकारी सुविधाओं से गन्ना किसानों की हुई आय में वृद्धि

गन्ना की खेती भारत वर्ष की महत्वपूर्ण वाणिज्यिक फसलों में से एक है और इसका नकदी फसल के रूप में प्रमुख स्थान हैं। चीनी का मुख्य स्त्रोत गन्ना हैं। भारत दुनिया में चीनी का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। गन्ने की खेती में बड़ी संख्या में लोगों को रोज़गार मिलता है और इससे विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होती हैं। उत्तर प्रदेश में 29.66 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि पर गन्ना की खेती की जाती है। प्रदेश में 45 जिलों से अधिक लगभग 48 लाख किसान गन्ना की खेती करते है। नकदी फसल होने के कारण गन्ना किसान गन्ना उत्पादन में परिश्रम कर उत्पादकता बढ़ाते हुए समृद्ध हो रहे है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में गन्ना किसानों को हर स्तर पर सहायता दी जा रही है। नवीन तकनीक और नवीन उत्पादकता बढ़ाने वाले बीजों का वैज्ञानिक ढंग से प्रयोग करते हुए किसान गन्ना उत्पादन बढ़ा रहे है। गत नौ वर्षों में 48 लाख गन्ना किसानों को अब तक रु. 3,20,461 करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया है। यह वर्ष 1995 से 15 मार्च 2017 (22 वर्ष) में हुए कुल भुगतान से रू0 66,703 करोड़ अधिक है। समय पर गन्ना मूल्य का भुगतान मिलने से किसानों की आय में बढ़ोश्री हो रही है। प्रदेश में वर्ष 2016-17 में गन्ना का क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर था, जो 2025-26 में बढ़कर 29.66 लाख से अधिक हेक्टेयर हो गया है। गन्ना क्षेत्र बढ़ने से किसानों की आय में औसतन 400 रूपये प्रति कुन्तल की दर से 46,880 रूपये प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को दिये गये प्रशिक्षण और नवीन तकनीक का ही परिणाम हैं कि वर्ष 2016-17 से पहले, जहां गन्ना उत्पादन 72 टन प्रति हेक्टेयर था, वही वर्ष 2025-26 में गन्ना उत्पादन 84 टन प्रति हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश में किसानों को क्षेत्रीय स्तर पर गन्ना चीनी मिलों तक पहुचाने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्थापित चीनी मिलों में आसानी से पहुचाया जाता है। किसानों को दी गयी पर्ची के हिसाब से चीनी मिलों द्वारा गन्ना प्राप्त किया जाता है। प्रदेश में वर्तमान में 125 चीनी मिलें क्रियाशील है। चीनी मिलों की दैनिक पेराई क्षमता जो वर्ष 2017 से पूर्व 7.50 लाख टीसीडी थी, वह बढ़कर अब 8.36 लाख टीसीडी हो गयी है। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर प्रदेश में बन्द चीनी मिलों को भी संचालित किया गया है। मार्च, 2017 से अब तक 03 नई चीनी मिलों की स्थापना की गयी है तथा 06 चीनी मिलों का पुर्नसंचालन एवं 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार किया गया है। इन चीनी मिलों में लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है।





प्रदेश सरकार ने बन्द पिपराईच चीनी मिल में 60 क्षमता की आसवानी तथा बंद पड़ी छाता चीनी मिल पर 2000 टीसीडी क्षमता की नई चीनी मिल एवं लॉजिस्टिक हब वेयर हाउसिंग काम्प्लेक्स की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में पेराई सत्र 2018-19 में नवीन खाण्डसारी लाइसेन्सिंग नीति निर्गत की गयी है। नई खाण्डसारी इकाई के लाइसेंस हेतु चीनी मिल से त्रिज्यात्मक दूरी 15 कि.मी. से घटाकर 7.5 किमी कर दी गयी। विगत 25 वर्षों में प्रथम बार अद्यावधिक तिथि तक कुल 285 नई खाण्डसारी इकाइयों हेतु लाइसेंस निर्गत किये गये है, जिसमें से 176 इकाईयां संचालित हो चुकी हैं। 285 इकाईयों की स्थापना के बाद 73700 टीसीडी की अतिरिक्त पेराई क्षमता का सृजन हुआ है जिससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग रू0 1241.25 करोड़ का पूंजीगत निवेश सहित लगभग 42,000 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार प्राप्त हो रहा है।

प्रदेश में वर्ष 2017 तक एथेनॉल का कुल उत्पादन 42 करोड़ लीटर था, जो सत्र 2023-24 में बढ़कर 180 करोड़ लीटर हो गया है। वर्ष 2024-25 में यह ऑकड़ा बढ़कर 223 करोड़ ली0 पर पहुँच गया है। देश में एथेनॉल उत्पादन में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के किसानों को गन्ना फसल के क्षेत्र में गत 09 वर्षों में 36.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने के साथ अंतःफसली खेती करने से किसानों को 25 प्रतिशत की अतिरिक्त आय हुई है। ग्रामीण महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रदेश के 37 जिलों में 3208 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है जिनमे 60,092 ग्रामीण क्षेत्र की महिला उद्यमी के रूप में पंजीकृत हुई है। महिला स्वयं सहायता समूहो को अबतक रू0 6622.92 लाख का अनुदान भी वितरित किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना किसानों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का ही परिणाम है कि प्रदेश के किसान गन्ना उत्पादन कर आर्थि रूप से समृद्ध हो रहे है।

साहित्य



## माँ एक अनंत अहसास...!

**संजय एम तराणेकर**

*माँ की गोद में सोया था एक नन्हा-सा सपना,*
*सीने से लगाए उसे थामे थी देख रहीं तड़पना।*
*आँखों में था डर, पर बाँहों में था बहुत साहस,*
*यूं ममता की छाया में थम गया करके आहत।*

*वो क्षण खूब भारी, समय भी जैसे ठहर गया,*
*माँ का आँचल बन कफ़न, दर्द में निखर गया।*
*खुद को भुलाके भी उसने बच्चे को थामे रखा,*
*यूं मौत के साए में प्यार का दीया जलाएँ रखा।*

*क्रूज के आगे नि:शब्द धरा, गगन भी रो पड़ा,*
*जैसे ममता का सागर उस दिन लहू संग पड़ा।*
*पर हार नहीं मानी उस माँ ने अंतिम पल तक,*
*अपने लाल को सहेजा है उसने हलचल तक।*

*माँ सिर्फ़ शब्द नहीं, एक अनंत अहसास है,*
*तेरे त्याग के आगे हर रिश्ता कितना उदास है।*
*तू ढाल है, तू शक्ति है, तू ही जीवन की हैं रीत,*
*तेरे चरणों में झुकता है हर युग, करता हैं प्रीत।*
*(संदर्भ - जबलपुर, बरगी डैम से*
*निकले माँ-बेटे के शव)*



## राशिफल

**मेषः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृषभः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**मिथुनः-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्कः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्याः-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनाएं। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**वृश्चिकः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकरः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**कुंभः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। किसी कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

**मीनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# बलरामपुर में पंचायत भवनों का कायाकल्प

*अमित कुमार शुक्ला*

**ग्रामीण सशक्तिकरण और डिजिटल सेवाओं का नया युग**

उत्तर प्रदेश के जनपद बलरामपुर में ग्रामीण विकास और डिजिटल गवर्नेंस की एक नया अध्याय मुकम्मल हो रहा है। जिला प्रशासन के निरंतर प्रयासों और विजनरी दृष्टिकोण के फलस्वरूप, गांव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना अब एक वास्तविकता बन चुका है। शासन की मंशा के अनुरूप, ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में ग्राम स्तर पर डिजिटल ढांचे को अभूतपूर्व मजबूती दी गई है।

पंचायत भवन, जो कभी केवल प्रशासनिक बैठकों के केंद्र हुआ करते थे, आज वे गतिशील डिजिटल सेवा केंद्रों के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अब तक जनपद के विभिन्न ग्रामों में 58 हजार से अधिक सेवाओं का लाभ आमजन को प्रदान किया जा चुका है, जो ग्रामीण सशक्तीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है।

उत्तर प्रदेश सरकार की 'स्मार्ट विलेज' और 'डिजिटल उत्तर प्रदेश' जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत पंचायत भवनों का आधुनिकीकरण किया गया है। राज्य सरकार द्वारा संचालित 'पंचायत सचिवालय' योजना ने इन केंद्रों को एक नई शक्ति प्रदान की है, जिसके तहत हर पंचायत भवन में एक पंचायत सहायक की नियुक्ति सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा इन पंचायत सहायकों को समुचित प्रशिक्षण और उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे वे आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, खतौनी और पेंशन जैसी महत्वपूर्ण सरकारी सेवाएं ग्रामीणों को गांव में ही उपलब्ध करा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए तहसील या शहर की दौड़ नहीं लगानी पड़ती, जिससे उनके समय और धन दोनों की भारी बचत हो रही है।



बलरामपुर में इस डिजिटल क्रांति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू आधार सेवाओं का विस्तार है। जिला प्रशासन ने प्रथम चरण में जनपद के 50 चुनिंदा पंचायत भवनों पर आधार कार्ड बनवाने और उनमें संशोधन करने की सुविधा प्रारंभ की है। इसके लिए पंचायत सहायकों को आवश्यक बायोमेट्रिक डिवाइस और तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया है, जिससे कार्यों में न केवल तेजी आई है बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ी है। ग्रामीण अब अपने बच्चों के आधार बनवाने या अपने पुराने डेटा में सुधार कराने के लिए पंचायत भवनों पर ही निर्भर हैं, जो पहले एक जटिल प्रक्रिया मानी जाती थी।

इस पूरी व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी यहाँ का मजबूत डिजिटल नेटवर्क और निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी है। पंचायती राज विभाग द्वारा जनपद के सभी पंचायत भवनों में हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह वाई-फाई कनेक्टिविटी सुनिश्चित करती है कि ऑनलाइन सेवाओं के क्रियान्वयन में कोई तकनीकी बाधा उत्पन्न न हो। निर्बाध इंटरनेट के माध्यम से पंचायत सहायक रियल-टाइम में डेटा अपलोड और अपडेट कर पा रहे हैं, जिससे प्रमाण पत्रों और अन्य आवेदनों का निस्तारण त्वरित गति से हो रहा है। इसके अतिरिक्त, जिला प्रशासन द्वारा पंचायत सहायकों के मनोबल को बढ़ाने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई है। उनके मानदेय का नियमित भुगतान करने के साथ-साथ, प्रत्येक डिजिटल सेवा प्रदान करने पर उन्हें 05 रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे उनमें अधिक सक्रियता और सेवा भाव जाग्रत हुआ है।

पंचायत भवनों के माध्यम से दी जा रही इन सुविधाओं ने ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में बड़ा परिवर्तन लाया है। बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट (बी.सी. सखी) और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों के साथ जुड़कर ये भवन अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र बन रहे हैं।

जिला प्रशासन की इस सक्रियता से न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुँच रहा है। बलरामपुर का यह मॉडल आज प्रदेश के अन्य जनपदों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### खेत में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** जिले के खरेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर सीओ कुलपहाड़ फील्ड यूनिट व खरेला पुलिस टीम के साथ पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। बताया है कि यह घटना खरेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत खरेला-अतरौली पैदल मार्ग का है, जहां मलखान चौधरी के खेत में करीब 46 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ के पास पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक के पास से शराब के पाउच और एक कीटनाशक की डिब्बी भी बरामद हुई है। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या की है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है मृतक की पहचान दीपू सिंह उर्फ देवेंद्र सिंह पुत्र शिव वरन सिंह निवासी ग्राम पहरेथा थाना खरेला के रूप में हुई है। सीओ कुलपहाड़ रविकांत गोंड का कहना है कि पहरेथा जाने वाले कचचे रास्ते पर मलखान सिंह के खेत में बबूल पेड़ के नीचे मिले शव की शिनाख्त देवेन्द्र सिंह गौर पुत्र शिववरन 46 बर्ष निवासी पहरेथा जनपद महोबा के रूप में हुई। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है तथा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### माध्यमिक शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय में मांगों को लेकर दिया धरना

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** शनिवार को उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई के तत्वावधान में माध्यमिक शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना सभा का आयोजित हुआ जिसका नेतृत्व पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह राजावत ने किया जबकि अध्यक्षता संगठन जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह गुर्जर ने की। धरना सभा को संबोधित करते हुये माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री डा. राकेश निरंजन ने कहा कि 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त नवीन पेंशन योजना से आच्छादित शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों में नहीं है। क्योंकि एमपीएस की कटौती प्रान नंबर में समय-समयस पर प्रदर्शित नहीं होती है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा. धर्मेन्द्र मिश्रा एवं अजीत सक्सेना ने कहा कि ग्रीष्मकाल अवकाश के दौरान शिक्षकों से अगर कार्य लिया जाता है तो उसको शासनादेश के अनुसार उपार्जित अवकाश दिया जाये एवं जालौन को नगर क्षेत्र का मकान किराया भत्ता का अवशेष एरियर दिया जाये। सह मंत्री महेश प्रजापति ने पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा एवं सरकार की शिक्षकों के प्रति मंशा की घोर निंदा की। माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह गुर्जर ने जनपद की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुये शीघ्र निस्तारण नहीं किया गया तो शिक्षक निर्णायक आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे। संघर्ष समिति संयोजक डा. संजीव पाल एवं कोषाध्यक्ष ठाकुरदास निरंजन ने अवशेष एरियरों का भुगतान समय से किये जाने पर जोर दिया। जिला मंत्री रामहेत सिंह ने एनपीएस एवं ओपीएस में गये शिक्षकों की एनपीएस की धनराशि को जीपीएफ में जमा की जाये ताकि उनके लेजर अपडेड किये जा सके। आय व्यय निरीक्षक सुनील गुप्ता ने कहा कि बुंदेलखंड की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुये विद्यालय समय में परिवर्तन किया जये यह समय प्रातः 7.30 से 12.30 बजे तक किया जाये। धरना सभा में प्रताप सिंह राजावत, प्रदीप गुप्ता, कृष्ण अवतार चतुर्वेदी, धीरेंद्र यादव, राम निरंजन, कैलाश, राखी गुप्ता, अरविंद शुक्ला, सुनील गुप्ता, देवेंद्र झां, रजत कुलश्रेष्ठ, विमल व सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक साथी मौजूद रहे।

### प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में डीएम ने किया अधिकारियों का फेरबदल

**उरई (जालौन)।** प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाने की दिशा में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने दो उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान में उप जिलाधिकारी (न्यायिक), उरई के पद पर तैनात विनय कुमार मौर्य को अब उप जिलाधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट, माधौगढ़ के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, उप जिलाधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट, माधौगढ़ के पद पर कार्यरत राकेश कुमार सोनी को स्थानांतरित करते हुए उप जिलाधिकारी (न्यायिक), उरई के पद पर नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह फेरबदल प्रशासनिक कार्यों में गति, पारदर्शिता और बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया है, जिससे आमजन की समस्याओं का समाधान और अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने नवीन कार्यभार को तत्काल ग्रहण करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें तथा क्षेत्रीय स्तर पर कानून-व्यवस्था एवं राजस्व कार्यों में गुणवत्ता और संवेदनशीलता बनाए रखें।

### दबंगों का आतंक घर में घुसकर युवक पर किया हमला

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा में दबंगों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि मामूली कहासुनी के बाद युवक के घर में घुसकर उस पर हमला बोल दिया गया। हमले में युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सात नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित के पिता आनंद सिंह पुत्र मनमोहन सिंह निवासी ग्राम लहचूरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 अप्रैल 2026 की रात करीब 9 बजे उनके पुत्र योगेंद्र सिंह की गांव के अशोक चौरसिया से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। विवाद के बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए, लेकिन कुछ देर बाद अशोक अपने साथियों के साथ पीड़ित के घर पहुंच गया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर योगेंद्र सिंह को घेर लिया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर जब परिजन बाहर आए तो आरोपी भाग निकले और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अशोक चौरसिया, सत्यम चौरसिया, शिवम चौरसिया, सुंदरम चौरसिया, रामस्वरूप चौरसिया, देवेश एवं प्रद्युम्न चौरसिया के खिलाफ धारा 191(2), 115(2), 352 एवं 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। चौकी प्रभारी आलोक पाल ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### संयुक्त टीम ने अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन के विरुद्ध चलाया सघन चेकिंग अभियान

**हमीरपुर।** परिवहन एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार सुबह अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया।टीम ने 22 ओवरलोड अनाधिकृत परिवहन कर रहे ट्रकों को पकड़ा है।जिसमे सात को सीज किया है 15 ट्रकों का ऑनलाइन चालान कर लगभग 10 लाख रूपये का राजस्व वसूल किया। टीम की इस कार्यवाही से ट्रक संचालकों में हड़कंप मच गया है। एआरटीओ अमिताभ राय, पी टी ओ चंदन पांडे एवं खनन निरीक्षक उमाकांत द्वारा ओवरलोड अनाधिकृत संचालन के विरुद्ध चलाए गए इस अभियान में पत्योरा मार्ग से 5 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा है।जिनके चालक मौके से ट्रकों को छोड़कर भाग गए थे। 4 ट्रकों का ऑनलाइन जुर्माना जमा कराया गया एक ट्रक को सीज कर कुछेछा चौकी पुलिस के सुपुर्द किया है। इसके बाद संयुक्त टीम ने सुमेरपुर बांदा मार्ग पर चेकिंग की। लोकेटरों द्वारा टीम की लोकेशन मिलने पर 17 ट्रकों को पीछे खड़ा कर सभी चालक ट्रकों को छोड़कर भाग गए थे जिसे संयुक्त टीम सुमेरपुर पुलिस की मदद से इन ट्रकों को पकड़ा है। इनमें से छह ट्रकों को सीज कर इंडस्ट्रीयल एरिया चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया है, शेष 11 के ट्रकों के स्वामियों से वार्ता कर परिवहन और खनिज का ऑनलाइन प्रशमन शुल्क जमा कराया। टीम ने कुल 22 ओवरलोड अनाधिकृत परिवहन कर रहे ट्रकों के विरुद्ध कार्रवाई कर लगभग 10 लाख से अधिक का प्रशमन शुल्क ऑनलाइन जमा कराया है।

### एआरटीओ ने कैफे संचालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने को सीओ को लिखा पत्र

**हमीरपुर।** एआरटीओ कार्यालय के बाहर अवैध रूप से संचालित साइबर कैफे में कंडक्टर लाइसेंस बनवाने के नाम पर महिला से जबरन वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमे एआरटीओ ने पीड़िता की शिकायत संज्ञान लेकर कैफे संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाई करने को लेकर सीओ सदर को पत्र लिखा है। एआरटीओ अमिताभ राय ने सीओ सदर को लिखें पत्र में बताया कि सुमेरपुर थाना क्षेत्र के नजरपुर गांव निवासी संध्या पुत्री नंदकिशोर ने उनको प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि बीते 15 अप्रैल को वह अपना कण्डक्टर लाईसेंस बनवाने हेतु परिवहन कार्यालय आयी थी।

# अतिक्रमित जमीनों को कब्जा मुक्त कराएं : जिलाधिकारी



**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** तहसील कुलपहाड़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर समस्त क्षेत्रीय लेखपालों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी ने कहा है कि जहां भी ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण किए हुए हैं, उसे जल्द खाली कराकर उस जमीन की नाप कराएं और पंचायत सचिव द्वारा उसकी तार बाउंड्री कराकर सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए लेखपालों की टीम बना दें। दोपहर में तहसील का काम निपटाएं और सुबह शाम प्रतिदिन क्षेत्र में जाकर अतिक्रमण जमीनों को कब्जा मुक्त कराएं, जिसकी फोटो खींचकर भेजने के निर्देश दिए हैं। कहा कि अगर कोई व्यक्ति तार बाड़ी हटाता है, तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए। इसमें हीलाहवाली न की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जितनी भी पुरानी धरोहर है, उन्हें भी कब्जा मुक्त कराकर उसकी साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। कहा कि जिला महोबा का नाम पीछे नहीं रहना चाहिए। खाली पड़ी जमीन पर पौधारोपण कर हरा भरा बनाना है। जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी सुखबीर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह की मौजूदगी में आयोजित तहसील समाधान दिवस में 70 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया है। समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें भूमि सम्बन्धी राजस्व विभाग की प्राप्त हुई हैं, जिन्हें निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपकर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायतकर्ता रामकिशोर, मुन्ना, किशुन प्रसाद कुलपहाड़ ने गाटा संख्या 1680 व रकवा 0.34 जो नगर पंचायत की सीमा के अंदर की पैमाइश कराने की मांग की। सुनील कुमार राय संरक्षक होली एन्जिल कान्वेंट स्कूल पनवाड़ी ने चक मार्ग 417 की पैमाइश कराकर खुलवाए जाने।

अरविन्द पुत्र जगदीश महुआ इटौरा पनवाड़ी ने मैन रास्ता सीसी रोड 679 पर अवैध कब्जा हटाए जाने, भगत सिंह, बृजेंद्र राजपूत, अरविन्द महुआ इटौरा ने गाटा संख्या 602 जो आवादी से लगा है उस पर दबंग द्वारा कब्जा कर निर्माण करना, गोविन्द विश्वकर्मा ग्राम मुढ़ारी ने नमामि गंगे योजना के अंतर्गत मुहल्ला पिपरया में पाइप लाइन डाले जाने हेतु, बरकत पत्नी मुस्तफा ग्राम जैलवारा अजनर ने कब्रिस्तान व ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा हटाए जाने की मांग की है। इस अवसर पर सीडीओ, उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, तहसीलदार प्रमित सचान, नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा, नायब तहसीलदार मुकुल कुमार, अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, एसडीओ विधुत प्रदीप कुमार, पूर्ति निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम ने लाइब्रेरी का निरीक्षण कर सीसीटीवी लगाने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज,कुलपहाड़ महोबा।** ग्राम पंचायत सुगिरा में गढ़ी किले के ऊपर हेरिटेज लाइब्रेरी का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया है, जिसमें फर्नीचर एवं पुस्तक भी आ चुकी हैं। इस लाइब्रेरी का जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज द्वारा निरीक्षण कर कूलर एवं सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए हैं। जैतपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुगिरा में गढ़ी का किला के ऊपर हेरिटेज लाइब्रेरी के भवन का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा किया गया है। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देशन पर इस लाइब्रेरी का निर्माण कार्य कराया गया है। जिसमें एक बड़े कमरे को पुनर्निर्माण कर 46 बच्चों को बैठने वाली लाइब्रेरी का भवन बनाया गया है। इस लाइब्रेरी में इनवर्टर, पानी की समुचित व्यवस्था सहित सारी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। जिलाधिकारी लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिया है कि लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से किताबों का चयन किया जाए। साथ ही लाइब्रेरी के बगल में बाथरूम का निर्माण कराने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी लगवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीपीआरओ चंद्र किशोर वर्मा, एडीओ कमलेश अनुरागी, सचिव रमेश गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि काशीराम, अमित द्विवेदी, श्यामलाल, विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




### सपा की मासिक बैठक संपन्न, सांसद नरेश उत्तम पटेल ने दिए संगठनात्मक निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित तिथि पर पार्टी कार्यालय में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसआईआर के बाद प्राप्त मतदाता सूची के बूथ स्तर तक वितरण की समीक्षा की गई। सांसद ने बीएलए को निर्देशित किया कि वे मतदाता सूची का गहन अध्ययन कर उसमें आवश्यक सुधार कार्य करें। उन्होंने कहा कि कटे हुए नामों को जोड़ने, मृतक मतदाताओं के नाम हटवाने तथा बूथ पर निवास न करने वाले लोगों के नाम चिन्हित कर सूची तैयार की जाए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया।



### मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से वर्ष 2025 की गुमशुदा युवती बरामद

**समृद्धि न्यूज, महोबा**

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गुमशुदगी नं0 83/25 से संबंधित गुमशुदा नेहा पुत्री उदितनारायण कोरी उम्र लगभग 21 वर्ष निवासी ग्राम पचपहरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत गुमशुदा के पिता उदितनारायण कोरी को सूचना दी गई, जिस पर वह थाना कोतवाली नगर उपस्थित आए। तत्पश्चात मिशन शक्ति केन्द्र की पहल के तहत गुमशुदा नेहा की काउंसलिंग कर उसका बयान अंकित किया गया। काउंसलिंग के दौरान नेहा द्वारा बताया गया कि उसने अपनी इच्छा से शिवनारायण पुत्र देवीदीन यादव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पचपहरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के साथ विवाह कर लिया है। उसने अपने पति के साथ ही रहने की इच्छा व्यक्त की। गुमशुदा नेहा को उसकी इच्छानुसार उसके पति शिवनारायण के साथ थाना हाजा से सकुशल एवं सम्मानपूर्वक रुखसत किया गया। उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम, एसपी व विधायक ने सुनीं फरियादें

- अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश
- चकरोड भूमि विवाद और मारपीट के मामले प्रमुखता से उठे



**समृद्धि न्यूज़, बिंदकी, फतेहपुर।** तहसील बिंदकी के सभागार कक्ष में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक तथा जहानाबाद क्षेत्र के भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 141 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 25 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस सुबह करीब 11 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्राप्त शिकायतों का त्वरित और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने भी जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की सर्वाधिक 87 शिकायतें रहीं, जबकि पुलिस से संबंधित 33, विकास से जुड़ी 14, समाज कल्याण की 4, स्वास्थ्य विभाग की 1 और अन्य 2 शिकायतें शामिल रहीं। संपूर्ण समाधान दिवस में कई गंभीर मामले भी सामने आए। सेलावन गांव निवासी कृपा शंकर ने पट्टे की भूमि की पैमाइश कराने की मांग की। चांदपुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव की राम जानकी ने बटाई के खेत का 10 हजार रुपये न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। जाफरगंज थाना क्षेत्र के निबावर गांव के ग्रामीणों ने चकरोड खुलवाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने रास्ता अवरुद्ध कर रखा है। इसी तरह छोटा लालपुर मजीरे सरकंडी की उषा देवी ने आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति ने उनकी दीवार गिरा दी और बबूल का पेड़ काट दिया। वहीं डीघ गांव की सुमित्रा देवी ने पड़ोसियों पर अभद्रता और मारपीट की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी प्रियंका अग्रवाल, तहसीलदार अचिलेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इश्तियाक अहमद, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, रचना यादव, प्रतिमा द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने लोगों को आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण किया जाएगा।

### थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, महोबा**

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। इस अभियान के तहत उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह द्वारा अपने देखभाल क्षेत्र में रोकथाम जुर्म-जरायम एवं वाँछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मु0अ0सं0-51/2026 धारा 137(2)/64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु कार्यवाही की गई। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त बृगभान अनुरागी पुत्र हरिश्चन्द्र अनुरागी, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी ग्राम बसरिया, थाना महोबकंठ, जनपद महोबा को यात्री प्रतीक्षालय धवार मोड़ से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।


**कार्यालय ग्रा0पं0 खारबंदी कुइयां बूट वि0ख0 बढ़पुर, फर्रु0**

पत्रांक:मीमो/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक 01/05/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत खारबंदी कुइयां बूट विकास खण्ड बढ़पुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 02/05/2026 से दिनांक 9/05/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 9/05/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 02/05/2026 से दिनांक 9/05/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रुपेन्द्र सिंह के घर से नंदकिशोर के घर तक नाली व सीसी कार्य | 208411 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (अभय कुमार)** **सचिव ( प्रभात यादव)**
**ग्राम पंचायत खारबंदी कुइयां बूट, विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रुखाबाद**


### शिक्षकों में आक्रोश, समस्याएं न सुलझीं तो आंदोलन की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** जनपद में शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, फतेहपुर के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो शिक्षक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2026 में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों के देयों का भुगतान अभी तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जीपीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी समेत अन्य भुगतान में देरी को लेकर शिक्षकों में रोष व्याप्त है। उनका आरोप है कि विभागीय प्रक्रियाएं धीमी गति से चल रही हैं, जिससे फाइलें लंबे समय से लंबित हैं। ज्ञापन में मृतक आश्रितों को नौकरी देने में हो रही देरी को भी गंभीर मुद्दा बताया गया।


**कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज जनपद, फर्रुखाबाद।**

पत्रांक:-46/न0प0नवाबगंज/नि0 प्रकाशन/2026-27 दिनॉक-02/05/2026

**विज्ञप्ति प्रकाशन**

शासन द्वारा उत्तर प्रदेश शासन पार्क, खेल मैदान और खुली जगह (विनियम और नियंत्रण) नियमावली, 2005 लागू की गयी है नियमावली के बिन्दु 4 में उल्लिखित पार्कों, खेल के मैदानों तथा खुली जगह की सूची की तैयारी (1) स्थानीय निकायों द्वारा अपनी-अपनी अधिकारिता क्षेत्र से सम्बन्धित पार्कों, खेल के मैदानों और खुली जगह के सम्बन्ध में सूची तैयार की जायेगी। (2) सूची में पार्कों, खेल के मैदान और खुली जगह की 'वार्ड वार क्रम संख्या, नाम, अवस्थिति, आकार/क्षेत्रफल तथा सुसंगत सूचनायें होगी। उक्त नियमावली के क्रियान्वयन हेतु नगर पंचायत, नवाबगंज की सीमान्तर्गत आने वाले खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की सूची निम्न विवरण के अनुसार तैयार की गयी है। जिसका विवरण निम्नंवत है:-

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | पार्क का नाम | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार (ल0Xचौ0) | अनुरक्षण,सफाई, सुन्दरीकरण आदि के लिए उठाये गये कदम। |
|---|---|---|---|---|---|
| | 07 | रानी अवंतीबॉई नगर | अर्ध विकसित | 200X1500= 30000 वर्ग मी0 | निकाय अन्तर्गत आने वाले पार्क का **अनुरक्षण/संरक्षण** निकाय द्वारा किया जा रहा है। |

अतः उपरोक्तानुसार पार्कों, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की सूची नियमावली के बिन्दु 5 में दी गयी व्यवस्थानुसार प्रकाशित की जा रही है तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन माह के अंदर, उक्त सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह नगर पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत नवाबगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत नवाबगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद।**



**कार्यालय-नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांक:-148/नं0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक-18/04/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में **15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रान्ट)** के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-8/807/320(6)/15वां वि0आ0/2025-26 लखनऊ दिनांक 18 नवम्बर, 2025 द्वारा 5374639/- एवं शासनादेश संख्या-8/1058/320(6)/15वां वि0आ0/2025-26 लखनऊ दिनांक 22 जनवरी, 2026 द्वारा मु0रू0 5374639/- एवं 15वाँ वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-8/806/320(6)/15वां वि0आ0/2025-26 लखनऊ दिनांक 18 नवम्बर, 2026 द्वारा 8001959/- एवं शासनादेश संख्या-8/1057/320(6)/15वां वि0आ0/2025-20 लखनऊ दिनांक 22 जनवरी, 2026 द्वारा 8001959/-शुल्क के अन्तर्गत शासनादेश **8/001/139(2)/02 प्रतिशत अति0स्टा0 शुल्क/2024-25 लखनऊ दिनांक 02 अप्रैल 2025** द्वारा मु0सं0 4470772/-से प्रेषित कार्ययोजना की जिलास्तरीय समिति की बैठक दिनांक 25/04/2025 की कार्यवृत में **कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के पत्र संख्या-2475/इक्कीस-वि0/एल0बी0सी0/2025-26 दिनांक 08 मार्च, 2026** द्वारा 15वें वित्त आयोग अनटाइड ग्रान्ट के अन्तर्गत निम्न कार्य कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदारों/फर्मों/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 04/05/2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 25/05/2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पालिका परिषद् कायमगंजए द्वारा संचालित खाता संख्या-11233380100, IFS Code-SBIN0000661 भारतीय स्टेट बैंक कायमगंज में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी. 05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् कायमगंज के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर दिनांक 25/05/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य है। ऑनलाईन निविदा **दिनांक 25/05/2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे** समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद् कायमगंज में निहित है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पा0परि0का0/2026-27 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 04.05.2026 10:00 A.M. |
| Date Time For Submission of E-Bids | 25.05.2026 12:00 A.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 25.05.2026 04:00 A.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive officer, Nagar Palika Parishad Kaimganj |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**फर्रुखाबाद**

# डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

- शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराएं अधिकारी : डीएम
- सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 55 शिकायतें आयी, 15 का मौके पर हुआ निस्तारण



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील सलोन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सलोन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 16, पुलिस विभाग 07, विकास विभाग 05, चकबंदी विभाग 04, नगर पंचायत विभाग 10, समाज कल्याण विभाग 05, जिला पूर्ति विभाग 06, विद्युत 01 व लोक निर्माण विभाग 01 कुल 55 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 15 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा, उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, तहसीलदार सलोन दीपिका सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली गई शोभा एवं धम्म यात्रा

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शोभा एवं धम्म यात्रा शुक्रवार को जे जे आरबी मेमोरियल सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में गोपालपुर बबुरिहा से निकाली गई।संस्थान के अध्यक्ष के नेतृत्व में समस्त पदाधिकारीगण और ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। गोपालपुर बबुरिहा से प्रारम्भ हुई बुद्ध शोभा एवं धम्म यात्रा सादुल्लापुर से सिहाली भैसुरिया, नहरवल, गौरैया, गंगौली,हसनपुर टांडा होते हुए सिहाली में समाप्त हुई।शोभा यात्रा से पूर्व भगवान बुद्ध और बाबा साहेब भीमराव डा. अंबेडकर की प्रतिमाओं पर मालयार्पण कर बुद्ध की शिक्षा एवं उपदेशों का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष किरन भारती ने आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें भगवान बुद्ध की शिक्षा एवं उपदेशों को आत्मसात करते हुए बेटियों को अवश्य शिक्षित करना चाहिए तभी समाज आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में बेटियां, बेटों से कम नहीं होती हैं। इस अवसर पर कार्यकर्ता कमरुल हसन, मोहम्मद जहीर अंसारी, शरीफ, बहुजन कार्यकर्ता राम मनोरथ (एडवोकेट)एस आर राव, सचिव कामिनी, प्रीति भारती,कोषाध्यक्ष संगीता भारती, सीताराम, राजकुमार, राजकिशोर और सी बी सिंह ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर सहज राम,निर्भय सिंह, हिमांशु,चंद्रशेखर आजाद,के के वर्मा,रंजीत कुमार गौतम, रामेश्वर प्रसाद रूपचंद, गया प्रसाद, छविनाथ गौतम, अशोक गौतम, जनमेष आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आयुष भारती ने किया।

## सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 82 शिकायतों में से 08 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील बिसवां में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सिधौली में प्राप्त 56 प्रार्थना पत्रों में से 11, तहसील लहरपुर में प्राप्त 92 प्रार्थना पत्रों में से 11, तहसील महोली में प्राप्त 37 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 31 प्रार्थना-पत्रों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# घर से चोरों ने उड़ाया आठ लाख की नकदी समेत जेवर गहने

**मसौली बाराबंकी ,समृद्धि न्यूज़।**



सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली मे शनिवार की सुबह करीब 8 बजे घर मे घुसे अज्ञात चोरो ने बड़ी घटना को अंजाम देते हुए घर की दूसरी मंजिल के कमरों एव अलमारियों का ताला तोड़कर 8 लाख रुपये की नगदी सहित जेवरात उठा ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के जरिये छानबीन शुरू कर दी है।

शनिवार की सुबह करीब 8 बजे लोग अपने अपने बिस्तरो से उठकर चाय नास्ते मे लगे तभी रसौली निवासी सईद अहमद उर्फ सईदू के घर मे हलचल मच गयी कि एसी के बिन्डो को तोड़कर घर मे घुसे चोरो ने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे मे रखे बक्सो, अलमारी का ताला तोड़कर 8 लाख रुपये की नगदी सहित जोड़ी झुमकी, मंगलसूत्र , बूंदा तीन ठप्पे का हार व एक ठप्पे का हार, नथुनी नाक की कील हथफूल ,दो जोड़ी पायल आदि उठा ले गये। मकान मे मौजूद परिजन जब दूसरी मंजिल पहुंचे तो अस्त व्यस्त पड़े सामानो को देख कर जब कमरे मे जायजा लिया तो नगदी सहित जेवरात गायब थे।

**चोरो ने दिखाई गजब की दुस्साहसिक हिम्मतः** चोरी की वारदात का समय कही न कही लोगो को सोचने को मजबूर कर दे रहा है कि जिस समय चोरी हुई वह समय घरो मे चाय नास्ते का होता है आबादी के बींच बने मो0 सईद के मकान मे चोर किस हिकमत से घुसे वह सोचनीय विषय है क्योकि चोर को यह पता था कि नगदी कहा पर रखी है और उसने उसी को टारगेट बनाते हुए नगदी एव जेवरात लेकर उसी रास्ते से फरार हो गया जिस रास्ते से आया था इस बींच न तो मो0 सईद के परिजनों को एहसास हुआ और न ही पड़ोसियों को जानकारी हुई बहरहाल घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई और पूरे कस्बे में दहशत का माहौल बन गया।

पीड़ित परिवार सदमे में है वहीं आसपास के लोग भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है चोरी की घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल दिनदहाड़े हुई इस बड़ी चोरी ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के मंगौली-जगदीशपुर अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक डंपर ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क पर सावधानी बरतने की अपील की है।



## लेखपालों ने मांगो का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी।** उप्र लेखपाल संघ के तहसील सिरौलीगौसपुर इकाई के अध्यक्ष शुभेन्द्र अवस्थी की अगुवाई में लेखपालों ने उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज को ज्ञापन मांग पत्र देते हुए मांग की है कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में लेखपालों का उत्पीडन रोका जाए रविवार सार्वजनिक अवकाश में जबरन कार्य न करवाये जाने का अनुरोध किया गया है। शनिवार को पारिजात सभागार सिरौलीगौसपुर में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ सिरौलीगौसपुर के अध्यक्ष की अगुवाई में आशुतोष मिश्रा,अजय रावत,आनन्द शर्मा आदि लेखपालों ने उपजिलाधिकारी को दिये गये पत्र में फार्मर रजिस्ट्री में उत्पीड़न रोकने तथा रविवार सार्वजनिक अवकाश में जबरन कार्य न करवाए जाने का अनुरोध किया गया है।अश्वनी कुमार , विवेक कुमार, प्रदीप वर्मा रामकरन आदि मौजूद रहे।

# सिरमौर बुद्ध विहार गंगौली में मना बुद्ध जयंती समारोह

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**



सिरमौर बुद्ध विहार सेवा संस्थान गंगौली सोइया के तत्वावधान में बुद्ध विहार परिसर में बुद्ध जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवप्रताप यादव रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ रूदल यादव पूर्व प्राचार्य एवं उच्च शिक्षा आयोग के सदस्य को बनाया गया था। समारोह की अध्यक्षता श्याम लाल उर्फ भंते धम्म दीप और संचालन रामकिशोर रसीला व रामसमुझ बौद्धाचार्य प्रबंधक बौधिसत्व डॉ भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल स्कूल भीमी के प्रबंधक ने संयुक्त रूप से किया गया। वक्ताओं ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धम्म उपासक और उपासिकाओं की उपस्थिति रही। कुछ प्रमुख उपस्थित लोगों व वक्ताओं में बौद्धाचार्य राम अभिलाष बौद्ध, धर्मेंद्र बौद्ध, इन्द्र पाल गौतम, बासुदेव मौर्य एडवोकेट, राम समुझ बौद्ध, रामबली, राजेश कुमार, जियालाल बौद्ध, नीरज बौद्ध, धनाऊ बौद्ध, बबलू यादव, अर्चना यादव प्रधान प्रतिनिधि गंगौली, पल्टूराम मास्टर सर्वेंद्र अम्बेडकर, फूलचंद्र बौद्ध, आर एस चक्रवर्ती, शीतला दाढ़ी, नागेश्वर नाथ, हीरालाल, बाबूलाल, रामसमुझ, रामदेव अमीन, सचिव रामफल फौजी, कोषाध्यक्ष रामटहल उर्फ भंते शीलरतन, विहार के प्रबंधक सुखदेव उर्फ भंते प्रज्ञा मित्र, छोटेलाल, नजरू आशा बौद्ध प्रधान लोहंगपुर श्रीनाथ, व के पी सविता बौद्ध पूर्व प्रधानाध्यापक एवं रचयिता बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य और महामंत्री भारतीय बौद्ध महासभा उ.प्र. शाखा जनपद अमेठी आदि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारम्परिक रूप से बौद्ध रीति त्रिशरण पंचशील ग्रहण पूर्वक बुद्ध पूजा वंदना से हुई। आगंतुकों के लिए भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था की गयी थी।

## सड़क हादसे में दो बाइक और ट्रेलर की टक्कर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रायबरेली-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर शंकरगंज कस्बे में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उल्टी दिशा में चल रही दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। इसी दौरान अयोध्या की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगाया, लेकिन नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर तोड़ते हुए दोनों बाइकों से टकरा गया। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सड़क से हटाकर मदद पहुंचाई और एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज तिलोई रेफर किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और यातायात को बहाल कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों की पड़ताल जारी है। स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# कुख्यात तस्कर की छह करोड़ की सम्पत्ति हुई फ्रीज

**बाराबंकी ,समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस, प्रशासन द्वारा कुख्यात ड्रग माफिया, हिस्ट्रीशीटर मिस्बाहुर्रहमान उर्फ अज्जन की अचल सम्पत्ति (कीमत लगभग 6 करोड़ रुपये से अधिक) को सीजिंग, फ्रीजिंग अथोरिटी न्यायनिर्णायक प्राधिकारी नई दिल्ली के आदेश के क्रम में धारा 68स्न(2) एनडीपीएस एक्ट-1985 के तहत कुर्क किया गया। थाना जैदपुर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 319/97 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के गिरोह सरगना/ कुख्यात ड्रग माफिया मिस्बाहुर्रहमान उर्फ अज्जन पुत्र मो. कलीम निवासी ग्राम टिकरा मुर्तजा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी (हिस्ट्रीशीट नं0- 56 बी) द्वारा विगत वर्षों से गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त हैं। गिरोह द्वारा अवैध तरीके से की जा रही मादक पदार्थ की तस्करी जैसे आपराधिक कृत्य से आम जनमानस के जीवन में संकटापन्न की स्थिति उत्पन्न होने के साथ ही साथ युवा वर्ग को नशे की लत में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ,जिससे आम जनमानस अपने बच्चों को असुरक्षित महसूस कर रहा है। गिरोह सरगना/ कुख्यात ड्रग माफिया मिस्बाहुर्रहमान उर्फ अज्जन उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी से धनोपार्जन करते हुए पत्नी नगमी खातून के नाम पर पैसार अन्दर सीमा नगर परिषद नवाबगंज बाराबंकी में गाटा संख्या 198 मिन0, क्षेत्रफल 558.70 वर्गमीटर (आवासीय मकान)* नाम दर्ज है। अभियुक्त/ गिरोह सरगना मिस्बाहुर्रहमान उर्फ अज्जन उपरोक्त द्वारा अर्जित की गई अचल सम्पत्ति (कीमत लगभग 6 करोड़ रूपये से अधिक) को सीजिंग / फ्रीजिंग अथोरिटी न्यायनिर्णायक प्राधिकारी नई दिल्ली द्वारा अन्तर्गत धारा 68F(2) एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत दिनांक 30.04.2026 को फ्रीजिंग का आदेश के तहत कुर्क किया गया। गिरोह सरगना/ कुख्यात ड्रग माफिया मिस्बाहुर्रहमान उर्फ अज्जन पुत्र मो0 कलीम निवासी ग्राम टिकरा मुर्तजा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अभियुक्त विगत 25 वर्षों से मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त है, अभियुक्त अज्जन उर्फ मिस्बाहुर्रहमान थाना जैदपुर तथा जनपद बाराबंकी व लखनऊ मे दो दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है।

# कार्यकर्ता काम करके अखिलेश यादव को बनाएं मुख्यमंत्री : गोप

**बाराबंकी ,समृद्धि न्यूज़।**



सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद सिंह बे जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप कार्य करने वाले गरीब कमजोर के दुख दर्द समझने वाले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने के लिए कठिन से कठिन रास्तों पर चलते हुए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने का काम करना होगा तभी उत्तर प्रदेश के नौजवानों किसानों महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान आएगी इसके लिए हम सभी को अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी मे लगते हुए अपने-अपने बूथ की सभी चुनावी तैयारी को समय रहते पूरा करना होगा। राष्ट्रीय सचिव गोप ने आगे कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में जिस प्रकार पूरी तन्मयता से पार्टी के हर पदाधिकारी कार्यकर्ता ने काम किया है।

वह निश्चित तौर पर सराहनीय इसकी जितनी तारीफ की जाए वह काम है किंतु अब हमारे सामने जो चुनौती है वह अत्यंत महत्वपूर्ण है इस चुनौती का सामना हम सबको अब दुगनी ताकत से करना होगा इसके लिए हम सभी को अभी से अपने-अपने बूथों को मजबूत करने के साथ मौजूदा सरकार की करगुजारियों, कमियों को गांव गांव जन जन तक पहुंचाने के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा छात्रों नौजवानों किसानों मजदूरों महिलाओं व्यापारियों के हक अधिकारों को बचाए रखने के लिए जिस प्रकार सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ रहे हैं उन सभी कार्यों विचारों को हम सभी को गांव-गांव जाकर आम जनमानस के बीच में रखना होगा तभी हम मौजूदा सरकार के प्रलोभनो का मुंह तोड़ जवाब देने के साथ प्रदेशवासियों को महंगाई बेरोजगारी से बचाने के साथ आम प्रदेश वासियों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर पाएंगे। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने अपने अध्यक्षिये संबोधन में कहा कि हमें बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए जो कार्य कर रहे हैं उसमें हम सबको और तेजी लाने के साथ मतदाता सूची में छूटे मतदाताओं के नामों को शामिल करने का कार्य भी तेजी से करने के लिए अपील किया। बैठक में मुख्य रूप से जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद यादव, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, मौलाना असलम, सुरेश चंद्र गौतम, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंडित रामचंद्र मिश्रा, अजय वर्मा बबलू, श्याम प्रकाश त्रिवेदी, चक्खन यादव, प्रदुमन यादव, यसवंत सिह यादव, अजय प्रताप सिंह, कामता प्रसाद यादव, रिजवान संजय, जिला सचिव शमीम फन्ने, लल्ला यादव, सिराज उस्मानी, ज्ञान सिंह यादव, रमेश यादव, निशांत अहमद, गुलरेज अहमद, धीरज गुलसिया, अजीत यादव, संजय सिंह, बसंत सिंह गौतम, क आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भारत युवा संसद के शीर्ष पांच विजेताओं को विधान सभा में भाषण देने का अवसर प्राप्त होगा



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत 2047 की ओर भारतीय युवाओं के मार्ग को सशक्त बनाना विषय पर जनपद के जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद के शीर्ष पांच विजेताओं को विधान सभा में भाषण देने का अवसर प्राप्त होगा। विधानसभा के सदन में 01 से 03 मई को होने वाले विकसित भारत युवा संसद में प्रदेश के सभी जिलों से जिला स्तरीय युवा संसद के शीर्ष पांच विजेताओं को भाषण देने का अवसर प्राप्त होगा। सीतापुर से प्रथम स्थान पर अमन कुमार त्रिपाठी, द्वितीय स्थान पर सक्षम श्रीवास्तव, तृतीय स्थान पर फ़ारोज़ा अक़मर, चतुर्थ स्थान पर इला मिश्रा तथा पांचवें स्थान पर भूमिका सिंह रहीं। वहीं विधान भवन में होने वाले कार्यक्रम में सीतापुर के सिधौली की मृणाली दीक्षित द्वारा संचालन किया जाएगा। मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

# बिना सक्षम अधिकारी के आदेश पर सचिव ने लगा दिया प्राइवेट कर्मचारी पर भुगतान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




विकासखंड हरगांव की ग्राम पंचायत वजीरपुर में तैनात सचिव नौशाद अली पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 के 15वें व 5वें वित्त आयोग की धनराशि से मनमाने तरीके से भुगतान लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रधान के चहेते व्यक्तियों के नाम पर मजदूरी के लाखों रुपये का भुगतान दर्शाया गया है, जबकि कई मामलों में वास्तविक कार्य और मजदूरों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव नौशाद अली द्वारा बिना किसी सक्षम आदेश के प्राइवेट कर्मचारी सचिन कुमार के खाते में भी भुगतान किया गया है, जो नियमों के विरुद्ध माना जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सचिव अपनी मनमानी से सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं और इससे सरकार व प्रशासन को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या विकासखंड स्तर के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले का संज्ञान लेकर जांच कर कार्रवाई करेंगे या फिर केवल नोटिस जारी कर फाइल दबा दी जाएगी।

### क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी

इस संदर्भ में जब सहायक विकास अधिकारी हरगांव से वार्ता की गई तो उनके द्वारा बताया गया मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच की जाएगी। क्या मामला मेरे संज्ञान में नहीं था आपके माध्यम से संज्ञान में आया है मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी जांच होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

खंड विकास अधिकारी
हरगांव

# ग्रापए आज पत्रकारों का सबसे बड़ा संगठन : केएन राय

**गाजीपुर, समृद्धि न्यूज।**



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद गाजीपुर जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को गाजीपुर कार्यालय पर मुख्य अतिथि, प्रदेश संरक्षक के एन राय की उपस्थिति में की गयी। ग्रापए जिला कार्यकारिणी की बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार बर्मा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को माला पहनाकर एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। ततपश्चात प्रदेश संरक्षक के एन राय ने नए जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार बर्मा का औपचारिक रूप से घोषणा किया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष विन्देश्वरी सिंह ने कहा कि ग्रापए गाजीपुर की कार्यशैली प्रदेश में हमेशा सबसे आगे रहा है। यहाँ की जिला इकाई एवं तहसील अध्यक्ष से लेकर सभी सदस्य पूरे मन से और अनुशासित ढंग संगठन के को मजबूत करने और बढ़ाने का काम करते हैं जिसकी बदौलत प्रदेश नेतृत्व द्वारा गाजीपुर को तीन बार सम्मानित भी किया जा चुका है। प्रदेश संरक्षक के एन राय ने कहा कि ग्रापए आज के समय मे पत्रकारो का सबसे बड़ा संगठन है और हमारा संगठन 7 प्रदेश में पत्रकारो की हितो के लिए मजबूती से खड़ा है। स्व0 बाबू बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों की दुर्दशा को देखने के बाद इस संगठन को खड़ा किया और शुरू में आज की तरह संशाधन नही होने के बावजूद पैदल और साइकिल से घूम घूमकर इस सँगठन को सींचने का काम किया जिसकी वजह से आज हम इस मुकाम पर खड़े हैं। उन्होने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है और मुझे पूरा विश्वास है की गाजीपुर ग्रापए सभी सदस्य अपने संगठन को बढ़ाने के लिए पूरा जोर लगा देंगे। बता दे कि आज की महत्वपूर्ण बैठक में ग्रापए के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह आने वाले थे लेकिन संरक्षक के एन राय ने बताया कि कुछ अपरिहार्य कारणों से प्रदेश अध्यक्ष नही आ सके। अंत मे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रापए के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार बर्मा ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गाजीपुर में ग्रापये को मजबूत करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री रविन्द्र श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर कासिमाबाद तहसील अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, चंद्रशेखर सिंह, राहुल सिंह, वृजेश प्रसाद, आनंद कुमार, राजेश चौरसिया, अकील अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील अमेठी में कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का मौके पर निस्तारण कराया गया।

# जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं

- 141 शिकायतों में 18 का मौके पर किया निस्तारण

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जनता की फरियादें सुनीं। विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 225 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 22 का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

शेष 203 प्रकरणों के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने साफ कहा कि चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण जैसी किसी भी समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारी स्वयं स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं निराश्रित महिला पेंशन जैसी योजनाओं से किसी पात्र व्यक्ति के वंचित न रहने के भी निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसमस्याएं सुनने और उनका समयबद्ध निस्तारण करने का आदेश दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों का एक सप्ताह में अनिवार्य निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनता दर्शन और जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों को प्राथमिकता पर उच्च गुणवत्ता से निपटाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सीएमओ स्वदेश गुप्ता उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### फौजी के प्लॉट की नींव गिराने के मामले में जांच के आदेश

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** तहसील परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमीन विवाद को लेकर उस समय माहौल गरमा गया, जब दोनों पक्ष जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे। ग्राम लालकपुर निवासी और थल सेना में तैनात जवान संदीप कुमार ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि वर्ष 2011 में उनकी माता के नाम खरीदे गए गाटा संख्या 335 के प्लॉट पर बनी नींव को विपक्षी संजीव कुमार द्विवेदी ने राजस्व कर्मियों के साथ मिलकर बिना सूचना के तुड़वा दिया। वहीं, संजीव द्विवेदी ने भी जिलाधिकारी के सामने अपना पक्ष रखा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जिलाधिकारी ने मामले को गंभीर मानते हुए नायब तहसीलदार को पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए और राजस्व अभिलेखों के आधार पर निष्पक्ष निस्तारण करने को कहा।

# संत निरंकारी सत्संग भवन में हुई अनोखी शादी

- बिना तामझाम सादगी की मिसाल
- सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से दो निरंकारी परिवार हो रहे है एक

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में शुक्रवार को बिना किसी ताम-झाम के अत्यंत सादगीपूर्ण माहौल में एक अनोखी शादी सम्पन्न हुई। सुबह 8 बजे बारात का स्वागत और शाम 4 बजे विदाई कर वर-वधू ने सादगी के साथ नए जीवन की शुरुआत की। जिले के ग्राम सुखसेनपुर निवासी रानी देवी एवं बंगाली बाबू की पुत्री सिमरन का विवाह फर्रूखाबाद के मोहल्ला तलैया फजल इमाम निवासी विजय कुमार के पुत्र सुब्रत कुमार से तय हुआ था। दोनों परिवार संत निरंकारी मिशन से जुड़े होने के कारण विवाह का आयोजन छिबरामऊ के संत निरंकारी सत्संग भवन में तय किया गया। स्थानीय शाखा के मुखी राजकुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न इस समारोह में कानपुर से पधारे परम पूज्य महात्मा सुशील पुरी जी ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा आज बहुत शुभ दिन है। सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से दो निरंकारी परिवार एक हो रहे हैं। दातार इन पर सदैव कृपा बनाए रखें। मुखी राजकुमार गुप्ता ने कहा निरंकारी परिवारों के एक होने पर बहुत खुशी मिलती है। वर-वधू भक्ति मार्ग पर चलें। सेवा दल संचालक मनीष कुमार शाक्य ने कहा कि भवन में दूसरी बार शादी समारोह हुआ है और नवदंपति सेवा, सुमिरन व सत्संग के साथ जीवन व्यतीत करें। कार्यक्रम में ज्योति प्रसाद, मंगल सिंह, जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, रवि कुमार, विनय कुमार, आर्यन सहित बड़ी संख्या में निरंकारी महात्माओं ने उपस्थित होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

### सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी में श्रमिकों का सम्मान, बच्चों ने जताया आभार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी की खुबरियापुर शाखा में श्रम सम्मान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बस चालक, कंडक्टर, सफाई कर्मी, आया, परिचारिकाओं सहित सभी सहयोगी कर्मचारियों को मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने एक-एक कर सभी कर्मचारियों को माल्यार्पण कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय प्रशासन ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के परिश्रम को सराहते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि संस्थान की सफलता में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और ईमानदारी से कार्य करने वाले लोग सम्मान के सच्चे हकदार हैं। प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद के. ने श्रमिकों को समाज का आधार बताते हुए उनके सम्मान पर जोर दिया। प्रशासिका सुधा प्रधान ने विद्यालय को एक परिवार बताते हुए सभी के योगदान को अहम बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, समूह गीत, कविता व कहानियों के माध्यम से श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। संचालन उत्कर्ष अग्निहोत्री व अनिल कुमारी यादव ने किया, जबकि संगीत संयोजन प्रदीप तिवारी और हर्षदीप ने संभाला।

# अकबरपुर से सिकंदरपुर तक निकली धम्म यात्रा

- मानवता की सेवा का मार्ग दिखाता है भगवान बुद्ध का जीवन

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



बुद्ध पूर्णिमा पर अकबरपुर से सलेमपुर बुद्ध विहार होते हुए विशाल धम्म पैदल यात्रा सिकंदरपुर नगर भ्रमण करते हुए हुए पानी की टंकी के पास समाप्त हुई।

इससे पहले पूज्य भंते शील रतन सागर ने बुद्ध विहार में भगवान बुद्ध की पूजा वंदना की धम्म यात्रा को संरक्षक एवं वरिष्ठ कवि पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य हरि ने पंचशील झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ धम्म यात्रा के अध्यक्ष शिवम शाक्य तथा उपाध्यक्ष नेत्रपाल शाक्य भी रहे। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, ओमकार शाक्य, हुकुम सिंह शाक्य प्रधान, शैलेंद्र सिंह शाक्य प्रधान, कोषाध्यक्ष डॉ अनिल शाक्य, उप कोषाध्यक्ष रोहन शाक्य, नगर पंचायत अध्यक्ष हरिहर सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीकांत दुबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य, बृजपाल शाक्य, अहिबरन शाक्य, रामानंद शाक्य, शिव प्रताप शाक्य एडवोकेट, रमेश बाबू बौद्ध, सचिन, रामलखन, भारत सिंह शाक्य, शिवपाल शाक्य, सर्वेश चं,द गुलशन सहित बड़ी संख्या में लोगों एवं महिलाओं ने भाग लिया द्य अंत में हरिहर सिंह ने खीर प्रसाद वितरित किया और भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। इस अवसर पर आयोजित बुद्ध विचार गोष्ठी का संचालन कर रहे संरक्षक एवं कवि हरिगोविंद शाक्य हरि ने कहा एक तरफ जहां हम युद्ध की विभीषिका से त्रस्त है वहीं भगवान बुद्ध के पंचशील मध्यम मार्ग और अष्टांगिक मार्ग से हम अपने आप को भव से पार कर सकते हैं शांति का माहौल बना सकते हैं अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद राम बख्श सिंह वर्मा ने कार्यक्रम का समापन किया।

### पानी की किल्लत से जूझ रहे लड़ैता गांव के लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

- सालों से सफेद हाथी बनी खड़ी पानी की टंकी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पंचायत लड़ैता में सरकारी तंत्र की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी बने 8 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन करोड़ों की लागत के बावजूद ग्रामीणों को आज तक एक बूंद पानी नसीब नहीं हुआ। मामले को लेकर हम ऐसा कल मंच के जिलाध्यक्ष राशिद रज़ा ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब आठ साल पहले पाइपलाइन बिछाने और टंकी निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया था। सरकार की मंशा हर घर जल पहुंचाने की थी, लेकिन धरातल पर विभाग की उदासीनता ने इस योजना को फेल कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन कई जगहों पर क्षतिग्रस्त है और विभाग इसे ठीक कराने में कोई रुचि नहीं ले रहा है। जिलाध्यक्ष राशिद रज़ा ने खंड विकास अधिकारी से कहा यह बेहद शर्मनाक है कि 8 साल में प्रशासन एक गांव की प्यास नहीं बुझा सका। अधिकारियों की बातचीत रिकॉर्ड की जा रही है और अब सीधे जनता की अदालत में जवाब मांगा जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर जलापूर्ति शुरू नहीं हुई, तो संगठन ब्लॉक मुख्यालय का घेराव करेगा। संगठन ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की तकनीकी जांच कराई जाए और जनता के पैसे की बर्बादी करने वाले दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए।

### प्राथमिक विद्यालय के रसोईघर से सिलेंडर सहित सामान चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्राथमिक विद्यालय पलिया बूचपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने रसोईघर का कुंडा तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर रसोईघर में रखे नए स्टील के बर्तन, एक बड़ा भगौना, 12 लीटर का कुकर, एक गैस सिलेंडर, बड़ी परात सहित अन्य सामान उठा ले गए। इसके अलावा आटे से भरी स्टील की कैन भी चोरी कर ली गई। घटना की जानकारी विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आरिफ ने संकुल प्रभारी अविनाश को दी, जिन्होंने तत्काल खंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया। मामले की सूचना डायल 112 पर पुलिस को भी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर जांच में जुट गई है। विद्यालय में हुई इस चोरी से शिक्षकों में चिंता का माहौल है।




# कलेक्ट्रेट में लगा प्याऊ, गर्मी में राहत के इंतजाम




- डीएम ने किया निरीक्षण,शीतल जल के साथ गुड़- पेठा देने के निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में प्याऊ की व्यवस्था की गई है। यहां आने वाले आगंतुकों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उन्हें गर्मी में राहत मिल सके। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने शुक्रवार को प्याऊ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को ठंडा पानी देने के साथ गुड़, पेठा व गट्टा जैसे मीठे पदार्थ भी उपलब्ध कराए जाएं, ताकि लू से बचाव हो सके। डीएम ने कहा कि जनसुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने प्याऊ स्थल पर साफ-सफाई बनाए रखने और पानी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्ट्रेट हॉल में आगंतुकों के बैठने के लिए पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था करने को भी कहा गया, ताकि लोगों को इंतजार के दौरान परेशानी न हो।

इस दौरान प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, उप जिलाधिकारी नवनीता राय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कच्ची चंदन की लकड़ी सहित तीन चढ़े पुलिस के हत्थे



- चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ा गया अभियुक्त

**ठठिया,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को चंदन की लकड़ी के अवैध कारोबार में लिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जानकारी के मुताबिक थाना ठठिया पुलिस के चेकिंग अभियान के दौरान नेरा पुल के निकट कार सवार न. यूपी 78 सीवाई 9622 पर सवार तीन लोगों को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूंछताँछ के दौरान ये सभी तीनों कुछ नहीं बता सके। तलाशी के दौरान इनके पास से पुलिस ने 18 बोटा चोरी की कच्ची चंदन की लकड़ी वजन एक क्विंटल 39 किलो बरामद की। पकड़े गए लोगों के नाम राजीव तिवारी पुत्र सुदामा निवासी अशोकनगर नजीराबाद कानपुर नगर, तहवीज पुत्र मो. तालिब निवासी बगिया फजल इमाम कन्नौज, आकाश बॉथम पुत्र पुत्र स्व. बाबूराम निवासी फूलमती मंदिर,काशीराम कालोनी,कन्नौज बताए गए हैं।

# नाला बंद होने से मोहल्ले में भरा पानी

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




नगर के मोहल्ला कस्सावान, कोलियान, कटरा गली में जल निकासी की गंभीर समस्या को लेकर शनिवार को तहसील सभागार में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि गंगेश्वर नाथ रोड की ओर जाने वाले मुख्य नाले को कुछ लोगों ने ट्रैक्टर से मिट्टी डालकर पूरी तरह बंद कर दिया है। इस अवैध बांध के कारण पिछले पांच दिनों से समूचे क्षेत्र की गलियां और लोगों के घर जलमग्न हैं। ज्ञापन के माध्यम से रानू कुरैशी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि नाला बंद होने से स्थिति नारकीय हो गई है। सड़कों पर जलभराव के कारण बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस विषय में नगर पालिका परिषद को पिछले पांच दिनों से लगातार सूचित किया जा रहा है, लेकिन अधिकारी अवैध बांध हटाने से कतरा रहे हैं। रानू कुरैशी ने साफ तौर पर कहा कि यदि शीघ्र ही नाले को नहीं खोला गया, तो वे नगर पालिका कार्यालय में आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे।

**आक्रोशित लोगों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

इस दौरान अजय बाल्मीकि, अनुराग शर्मा, रामकुमार शर्मा, इमरान खान, उस्मान अहमद, विष्णु दयाल, विमल बाल्मीकि, प्रशांत जाटव, फारूक, राहुल शर्मा, आजाद, जीतू, शिवा, करताब, राजन, विशाल और राजकिशोर जाटव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में किसान सहित तीन की मौत, कोहराम

- मामला कन्नौज जिले के सरायदौलत और जसोदा के निकट घटी सड़क दुर्घटनाओं का

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



रफ्तार का कहर दिनों दिन जानलेवा होता जा रहा है। शनिवार को दो अलग अलग सड़क हादसों में एक किसान सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी पर मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। बताते चलें कि, पहला हादसा गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के सरायदौलत के निकट हुआ। यहां दो बाईकों की आपस में हुई भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हुए। दूसरी घटना में जसोदा कस्बे के निकट सड़क पर कर रहे एक किसान को ट्रक ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताते चलें कि, जौनपुर जिले के अमाई बभानियावन निवासी 35 वर्षीय अंकित पुत्र शिवलाल और 35 वर्षीय रोहित पुत्र रामजी एक बाइक पर सवार थे, जबकि दूसरी बाइक पर गुरसहायगंज क्षेत्र के सुभाषनगर मोहल्ले के निवासी 50 वर्षीय मुन्नू पुत्र बलवीर और 22 वर्षीय दुर्गा पुत्र मुन्नू सवार थे। जैसे ही दोनों बाइकें छिबरामऊ की ओर जाने के दौरान सरायदौलत गांव के निकट मोहन आइस कोल्ड के निकट पहुंची, इसी दौरान ओवरटेकिंग के प्रयास में दोनों बाईकों के हैंडल आपस में भिड़ गए। दुर्घटना में जहां चारों लोग सड़क पर गिरे वहीं पीछे से आ रहे ट्रक ने चारो बाइक सवारों को चपेट में ले लिया। मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। उपचार के दौरान डाक्टरों ने जौनपुर निवासी अंकित और गुरसहायगंज निवासी मुन्नू की मौत की पुष्टि कर दी। अन्य दोनों का उपचार जारी था। दूसरी घटना में जसोदा कस्बे के निकट घटी घटना में हजरतपुर गांव निवासी 65 वर्षीय किसान नन्हें लाल वर्मा अपने घर से खेत जाने के लिए निकले थे। जैसे ही उन्होंने हाइवे पार करने का प्रयास किया इसी दौरान ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। घटना स्थल पर ही किसान की मौत हो गई। मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने किसान के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। दोनों घटनाओं में परिजनों के करुण क्रंदन का सिलसिला जारी था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।

# ऑपरेशन मुस्कान: दो घंटे में मिला गुमशुदा मासूम

### तालग्राम पुलिस ने 3 वर्षीय बच्चे को सकुशल ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**तालग्राम,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



थाना तालग्राम पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत सराहनीय कार्य करते हुए महज दो घंटे के भीतर 3 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। शनिवार को समर पाल निवासी कुशलपुरवा, थाना तालग्राम ने अपने 3 वर्षीय पुत्र के कस्बा तालग्राम में गुम हो जाने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना तालग्राम पुलिस ने मिशन शक्ति टीम के साथ अलग-अलग टीमें बनाकर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। त्वरित कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत पुलिस टीम ने मात्र दो घंटे में बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बरामदगी में उपनिरीक्षक दिनेशचंद्र, महिला आरक्षी सुनीता, शालिनी और राधा की अहम भूमिका रही।

### पारिवारिक विवाद निपटाने पहुंची डायल 112 पुलिस पर मारपीट का आरोप

**ठठिया,कन्नौज।** पति पत्नी के आपसी विवाद की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस डायल 112 पर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव सियापुर सरसई निवासी बबलू पुत्र सुरेश का उनकी पत्नी शीला से किसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद हो गया। मामले की शिकायत डायल 112 पुलिस को दी गई तो पुलिस मौके पर पहुँची। यहां बबलू का विवाद के दौरान एक पैर टूट गया। मामले में बबलू का कहना है कि, मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके साथ मारपीट की जिससे उसका पैर टूटा और चोट भी आई। युवक को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मामले में थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में ही नहीं है।शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच पड़ताल और कार्यवाही की जाएगी।

# वाहन की टक्कर से बुजुर्ग किसान की गई जान

- हाइवे पार कर घर से अपने खेतों की ओर जा रहा था बुजुर्ग किसान

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बुर्जुग किसान की मौके पर मौत हो गयी, घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित हो गयी, सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शनिवार को क्षेत्र के हजरतपुर गांव निवासी नन्हेलाल (66) पुत्र स्व. मिहीलाल क्वालिटी कोल्ड स्टोरेज के पास हाइवे पार कर घर से अपने खेतों की ओर जा रहे थे, तभी गुरसहायगंज की ओर से तेजी गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे नन्हेलाल की मौके पर मौत हो गयी, यह देख घटनास्थल पर भीड़ जुट गयी, परिजनों को सूचना मिलते ही चीख पुकार मच गई।

सूचना पर पहुँची जसोदा चौकी पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई जयलाल की पहले ही मृत्य हो चुकी है, मृतक के सात बेटे और दो बेटियां है, जिसमें छह बेटों और दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। हादसे के बाद से गांव में शोक की लहर है।

### आयुष्मान योजना से कन्नौज में बदली तस्वीर, हजारों को मिला मुफ्त इलाज



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना गरीब और वंचित परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिला प्रशासन की सतत निगरानी और स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से योजना का लाभ लगातार पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि जिले में 7,76,281 संभावित लाभार्थियों के सापेक्ष अब तक 4,83,383 गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। यह प्रगति दर्शाती है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि गोल्डन कार्ड धारकों में से 65,828 लाभार्थियों ने सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में 96.09 करोड़ रुपये की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त की है। योजना के तहत हृदय रोग, कैंसर, किडनी और दुर्घटना जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार संभव हुआ है। पहले आर्थिक तंगी के कारण लोग इलाज टाल देते थे, लेकिन अब उन्हें मुफ्त और बेहतर इलाज मिल रहा है।

जनपद में जागरूकता अभियान और शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। साथ ही अस्पतालों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जा रहा है।

आयुष्मान भारत योजना ने कन्नौज में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी है और गरीब परिवारों के लिए राहत और भरोसे का मजबूत आधार बनी है।

# गौशालाओं में पहुंचा 310 कुंतल भूसा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



गौशालाओं में निरंतर चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जलालाबाद, खण्डविकास अधिकारी रतीराम ने वीडीटी इंटर कॉलेज के मैदान से भूसे से भरी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर 310 कुंतल भूसा जिसमें पुरसा में 110, अनौगी में 150, सफीपुर जप्ती में 50 कुन्तल पंचायतों की गौशालाओं के लिए प्रेषित किया गया, जिससे निराश्रित एवं संरक्षित गौवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। बीडीओ रतीराम ने कहा कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंश की समुचित देखभाल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक गौशाला में चारे, पानी एवं साफ- सफाई की व्यवस्था नियमित रूप से बनी रहे, ताकि गौवंश को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के संचालन में पारदर्शिता और नियमित निरीक्षण अत्यंत आवश्यक है। शासन की मंशा के अनुरूप गौवंश संरक्षण के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पशुचिकित्सा अधिकारी सीपी सिंह, सचिव संदीप श्री वास्तव, प्रमोद यादव, पिंकी चक्रवर्ती, सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि रहे।

# डीएम के निर्देश पर खनन अधिकारी ने गिट्टी लदा डम्पर पकड़ा

**प्रपत्र न होने पर लगाया 55,780 हजार का जुर्माना**

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में उपखनिज के अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए निरंतर एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा इस संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत संबंधित विभागों को नियमित निगरानी एवं सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में शनिवार को थाना नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गनीपुर जोगपुर में खनन अधिकारी द्वारा औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एक डम्पर, जो गिट्टी से लदा हुआ था को रोककर उसकी सघन जांच की गई। जांच के दौरान वाहन चालक सोनू से परिवहन संबंधी वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वह कोई भी वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त वाहन द्वारा गिट्टी का परिवहन बिना वैध परिवहन प्रपत्र के किया जा रहा था, जो कि खनन नियमों का उल्लंघन है। इस पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए संबंधित के विरुद्ध अवैध परिवहन के जुर्म में ऑनलाइन नोटिस निर्गत किया गया तथा नियमानुसार 55,780 (पचपन हजार सात सौ अस्सी रुपये) का जुर्माना मौके पर ही वसूल किया गया। डीएम ने इस कार्रवाई को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में बख्शा न जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल राजस्व की हानि करती हैं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी प्रभावित करती हैं। अतः संबंधित विभाग पूरी सतर्कता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने खनन विभाग पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त एवं आकस्मिक छापेमारी की जाए तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। साथ ही, सभी प्रवर्तन कार्रवाइयों को और अधिक सघन एवं परिणामोन्मुख बनाने पर विशेष बल दिया जाए। प्रशासन द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि यदि कहीं अवैध खनन अथवा खनिजों के अवैध परिवहन की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल संबंधित विभाग अथवा स्थानीय प्रशासन को सूचित करें। नागरिकों के सहयोग से ही इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। जनपद प्रशासन कानून व्यवस्था एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इस दिशा में आगे भी कठोर एवं निरंतर कार्रवाई जारी रखी जाएगी।



पकड़े गये डम्पर की जानकारी देते अधिकारी

# नाले के निर्माण कार्य में देरी के चलते व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

मुख्य बाजार मार्ग पर नाले के निर्माण कार्य में देरी और सड़क पर मिट्टी डाले जाने से नाराज व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने सड़क पर बोर्ड लगाकर जाम लगा दिया, जिससे आवागमन बाधित हुआ।

नगर पंचायत द्वारा सराय स्थित मुख्य बाजार मार्ग पर नाले का निर्माण कराया जा रहा है। खुदाई के बाद मिट्टी को सड़क पर ही छोड़ दिया गया है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, काम की धीमी गति के कारण बाजार का यह हिस्सा हफ्तों से अव्यवस्थित है। सड़क पर मिट्टी के ढेर के कारण ग्राहकों का दुकानों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है, जिससे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान अंकित शाक्य, संदीप यादव, दिलीप कुमार, रवि सिंह, राहुल सिंह, सोहिल सिदकी और राम जी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बाजार मार्ग का काम है, इसलिए ठेकेदार को दिन और रात दोनों समय काम करने के लिए कहा गया है, ताकि इसे जल्द से जल्द पूरा किया जा सके।


प्रदर्शन के दौरान मौजूद व्यापारी

# उम्मरपुर मिल्किया पठान में मजार क्षतिग्रस्त, पुलिस ने की जांच

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर मिल्किया पठान में शनिवार सुबह गांव के बाहर स्थित एक मजार क्षतिग्रस्त पाई गई। मजार के गेट के ऊपर की दीवार और अंदर का हिस्सा टूटा हुआ था। सुबह पेड़ से बेल खाने आए बच्चों ने सबसे पहले इसे देखा और गांव वालों को इसकी जानकारी दी। बच्चों से सूचना मिलने के बाद गांव के लोग मौके पर पहुंचे। गांव के निवासी करू ने डायल 112 पर मजार के टूटने की सूचना दी। डायल 112 के पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को घटना से अवगत कराया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से जानकारी ली। उन्होंने कायमगंज के सीओ राजेश कुमार द्विवेदी को घटना की सूचना दी, जो स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बाद में अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने भी घटनास्थल का दौरा किया और थाना प्रभारी व सीओ से जानकारी ली, साथ ही गांव के लोगों से भी बातचीत की। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने मजार की मरम्मत के लिए सामग्री मंगवाई। गांव के लोगों द्वारा टूटी हुई दीवार और मजार को सही किया जा रहा है। गांव के लोगों, जिनमें इज्जत खां, इंतजार, आफताब, रहीश, नौशाद, अरविंद, इंद्रेश, विशाल, नीलेश, अंशुल, जितेंद्र और मटलू शामिल हैं ने बताया कि जुमे के दिन लोग मजार पर आते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने पुष्टि की कि मजार को सही कराया जा रहा है और पुताई का काम भी जारी है।


जांच पड़ताल करते सीओ

# आबकारी टीम ने संदिग्ध ग्रामों में छापेमारी कर सैकड़ों लीटर लहन किया नष्ट

**सघन चेकिंग के दौरान दुकानों का भी किया निरीक्षण**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आबकारी आयुक्त के आदेशों तथा जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशन में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है।

जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह ने अपनी टीम के साथ संदिग्ध ग्राम लकूला में सघन दबिश एवं छापेमारी की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध मदिरा निर्माण से जुड़े संदिग्ध स्थानों एवं अड्डों की गहन तलाशी ली गई। मौके पर लगभग 80 किलोग्राम लहन (अवैध शराब बनाने हेतु प्रयुक्त कच्चा माल) को नष्ट किया गया तथा 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इस संबंध में एक अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में स्थित कबाड़ी की दुकानों पर भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। क्षेत्रांतर्गत आबकारी दुकानों- बाग लकूला कम्पोजिट, बाग लकूला देशी, आवास विकास मॉडल शॉप एवं आवास विकास देशी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन के माध्यम से बिक्री, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। साथ ही देशी मदिरा दुकानों की कैंटीन व्यवस्था की भी गहन जांच की गई। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनपद में अवैध मदिरा के विरुद्ध यह प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर एवं प्रभावी रूप से जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी ने मय स्टाफ ग्राम ममापुर में संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान लगभग 20 लीटर अवैध शराब एवं करीब 140 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया तथा प्रकरण में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत 02 अभियोग पंजीकृत किए गए।

इसके उपरांत क्षेत्र के अंतर्गत बरझाला एवं धमगवा स्थित देशी शराब दुकानों तथा बरझाला कंपोजिट शॉप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन से बिक्री, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों का परीक्षण किया गया। साथ ही देशी शराब दुकानों की कैंटीनों की भी सघन जांच की गई।


मॉडल शाप पर शराब चेक करती आबकारी निरीक्षक

# चोरी के माल सहित युवक गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चोरी के माल सहित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 फरवरी को वादी जुवैर खाँ पुत्र इस्तयाक खाँ ग्राम प्रधान निवासी ग्राम पैलानी दक्षिण थाना शमसाबाद की लिखित तहरीर पर अज्ञात चोरों द्वारा पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरी करने के सम्बन्ध में धारा 305 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर लिया था। साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त नौशाद पुत्र इस्माइल निवासी आजाद नगर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर की सूचना पर चोरी किये गये माल सहित गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त नौशाद ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने अपने साथियों के साथ मिलकर एक पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।


पुलिस हिरासत में आरोपी

# एसडीएम ने जनता की सुनी समस्यायें, 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास, एवं अन्य विभागो से सम्बन्धित शिकायते प्रस्तुत की। उपजिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी प्रकरणों का गुणवत्ता पूर्ण पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 108, शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को अग्रसारित किया गया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी तथा प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा की जायेगी।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता एव प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, नगर पालिका परिषद कायमगंज अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह, रजिस्टार प्रीतम सिंह, कायमगज चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी, शमसाबाद थानाध्यक्ष रमेश सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तहसील स्तरीय अधिकारी एक कर्मचारी उपस्थित रहे।


समस्यायें सुनते उपजिलाधिकारी

# तिलक में बाइक न मिलने पर लड़के पक्ष ने काटा हंगामा

**पुलिस के पास पहुंचा मामला**

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के सिरोली गांव में एक युवक के तिलक समारोह में उस समय विवाद हो गया, जब लड़के पक्ष ने मोटरसाइकिल न मिलने पर हंगामा कर दिया। युवक की शादी जनपद कन्नौज के थाना इंदरगढ़ के लिलिपुट गांव की एक युवती से तय हुई थी। करीब एक वर्ष पहले दोनों की शादी पक्की हुई थी। 1 मई को तिलक का कार्यक्रम और 7 मई को बारात जानी थी। शुक्रवार रात 1 मई को लड़की पक्ष के लगभग 70 लोग तिलक चढ़ाने के लिए सिरोली गांव पहुंचे थे। जब तिलक चढ़ाने की बारी आई, तो मोटरसाइकिल न देने की बात पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही विवाद में बदल गई। विवाद बढ़ने पर लड़की पक्ष ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से जानकारी ली। पुलिस ने दोनों पक्षों को नवाबगंज थाने जाने को कहा।

शनिवार सुबह दोनों पक्ष नवाबगंज थाने पहुंचे और थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को अपनी शिकायत बताई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धरने पर बैठी दलित पीड़िता से मिले सपा नेता, कार्यवाही की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बीते दिन11 अप्रैल को नींबकरोरी में एक दलित महिला जो दुकानों के सामने फुटपाथ तथा नाली आदि की सफाई करके अपने परिवार का भरण पोषण करती है, उसके साथ वहीं कुछ दबंगों ने जातिसूचक गालियाँ दीं और मारपीट की। जिसके बाद महिला चौकी पहुंची, वहां फिर उसके साथ दूसरे पक्ष ने मारपीट की। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बाबजूद इसके आज तक पीड़िता की न तो रिपोर्ट लिखी गई और न ही चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

सपा सचिव राधेश्याम सविता ने बताया कि मारपीट के बाद पीड़िता उन दबंगों के भय से अपने परिवार सहित घर छोड़े हुए है, कार्यवाही न होने पर पीड़िता धरने पर बैठी गई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में जिला संगठन के पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और पीड़िता को हर संभव मदद का भरोसा दिया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि दोषियों के खिलाफ यदि सख्त कार्यवाही नहीं हुई तो पार्टी नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा, साथ ही पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए यदि पार्टी को आंदोलन करना पड़ा तो उसके लिए भी हम लोग तैयार हैं। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विशेष आमन्त्रित सदस्य डॉ0 जेपी वर्मा, सुभाष चंद्र शाक्य, पुष्पेंद्र यादव, विनीत परमार, नौशाद अहमद, सुलक्षणा सिंह, देवेंद्र सिंह यादव, निजाम अंसारी, लक्ष्मी राजपूत, विजय अनुरागी, अर्चित शर्मा, जदुनाथ सिंह यादव, साहिबे आलम, अनस खां, शीलू खां आदि मौजूद रहे।


पीड़िता से मिलते सपा नेता

# यूपीपीसीएस में 126वीं रैंक लाने वाले अभिषेक राजपूत का हुआ स्वागत


अभिषेक का स्वागत करते लोग

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

यूपीपीसीएस 2024 की प्रतिष्ठित परीक्षा में 126वीं रैंक हासिल कर जीएसटी विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयनित हुए अभिषेक राजपूत का शनिवार को कायमगंज पहुंचने पर जोरदार और भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही अभिषेक कायमगंज से सटे गांव टिलियां पहुंचे, स्थानीय लोगों ने उनका फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन कर उन्हें सिर-आंखों पर बिठा लिया। पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। अभिषेक राजपूत के स्वागत सम्मान का कार्यक्रम यहां के स्थानीय लोगों ने रखा था। अभिषेक राजपूत मूल रूप से एटा जनपद के मारहरा क्षेत्र के निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। स्वागत समारोह के दौरान उनके पिता डोरी सिंह शिक्षक और माता सर्वेश कुमारी शिक्षिका भी मौजूद रहीं। अभिषेक ने उपस्थित लोगों और खासकर स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए सफलता का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की असली कुंजी है। जो छात्र शुरुआत में ही अपने लक्ष्य को तय कर लेता है, वह उसे हासिल करके ही रहता है। उन्होंने बच्चों को माता-पिता की आज्ञा का पालन करने और पढ़ाई को प्राथमिकता देने की सीख दी। कार्यक्रम में हरिओम राजपूत, नीरज राजपूत, महेंद्र राजपूत, भूपेन्द्र सिंह राजपूत, कप्तान सिंह राजपूत, अनूप राजपूत, मंजेश राजपूत लोग उपस्थित रहे।

## विज्ञान मेले का आयोजन आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विज्ञान भारती द्वारा विज्ञान मेले का आयोजन ३ मई रविवार को आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ई-स्पिन नैनोटेक निदेशक डा0 संदीप पाटिल होंगे। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डा0 अंकुर लाठर होंगी। कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानफोर्ट इनोवेटिव स्कूल में प्रातः ८ बजे सम्पन्न होगा। जिसमें भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुरुस्कार वितरण का आयोजन होगा। यह जानकारी धीरेन्द्र वर्मा ने दी है।

# डीएम-एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनता की समस्यायें

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में तहसील अमृतपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 114 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व विभाग की 48, पुलिस विभाग की 22, विद्युत विभाग की 03, विकास विभाग की 18, खाद्य एवं रसद विभाग की 05 तथा अन्य विभागों की 13 शिकायतें शामिल रहीं। मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों में से 05 महत्वपूर्ण प्रकरणों पर उसी दिन सायं तक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यों में लापरवाही बरतने पर कड़ा रुख अपनाते हुए लेखपाल उत्कर्ष दुबे एवं ग्राम विकास अधिकारी मानेंद्र सिंह को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय एवं राहत प्रदान करना है, इसलिए सभी अधिकारी इस कार्य को गंभीरता से लें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखी जाए तथा शिकायतकर्ता को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर 03 लाभार्थियों को मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनवाकर वितरित किए गए।


समस्यायें सुनती डीएम एसपी

सबसे पहले विरासत के एक मामले में फरियादी अंशुल दीक्षित पत्नी स्वण् प्रियांशु ने शिकायत की कि पति की मृत्यु के बाद भी विरासत दर्ज नहीं की गई औरलेखपाल.कानूनगो ने मामला अनावश्यक रूप से कोर्ट भेज दिया। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और निष्पक्ष रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।इसके बाद पिथनापुर निवासी कुंती पत्नी भूरेलाल ने बताया कि वर्ष 2022 से लगातार शिकायत के बावजूद पैमाइश नहीं की गई। मामले को गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल उत्कर्ष दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। फखरपुर निवासी रागिनी पत्नी योगेश दत्त जो सामुदायिक शौचालय पर कार्यरत हैं, ने जुलाई 2021 से वेतन न मिलने की शिकायत की। इस पर डीएम ने ग्राम विकास अधिकारी मानवेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। इसके अलावा चकमार्ग खुलवाने, तालाबों से अवैध कब्जा हटवाने, सार्वजनिक मार्ग निर्माण, बंटवारे की नकल देने, सरकारी चकरोड खाली कराने तथा गांव में तालाब पुनर्निर्माण जैसी कई शिकायतें भी सामने आई, जिन पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षकए मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी अमृतपुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बच्चे के नामांकरण के दौरान हर्ष फायरिंग से दो बच्चे घायल

**पुलिस ने जांच पड़ताल कर दो को लिया हिरासत में**

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। बीते रात नामांकरण समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान चली गोली दो बच्चों को लग गयी। आनन-फानन में परिजनों ने एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और दो लोगों को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर मजरा बांसमई निवासी शिवभान सिंह सिसोदिया के पुत्र गोविंद के पुत्र का नामकरण संस्कार था। सभी नाते रिश्तेदार एकत्र हुए थे। नामांकरण संस्कार के दौरान हर्ष फायरिंग शुरू हो गई। हर्ष फायरिंग के दौरान शिवभान के भतीजे अभय पुत्र धर्मेंद्र ने नाजायज असला से फायरिंग करना शुरू कर दिया। फायरिंग से कार्यक्रम के संयोजक गोविंद की भांजी की 7 वर्षीय पुत्री निवासी भाननगर थाना मोहम्मदाबाद जो अपने माता-पिता के साथ दावत खाने आए थे। हर्ष फायरिंग के दौरान 7 वर्षीय बच्ची के गोली लग गयी। सूत्रों के मुताबिक जांग को चीरते हुए गोली पर हो गई। वही गोविंदा के भतीजी को भी गोली लग गयी, जो पीठ से रगड़ते हुए निकल गई। यह देखकर कार्यक्रम में हलचल मच गई और की चीखपुकार होने लगी, लेकिन सभी ने गोपनीयता बनाते हुए तत्काल प्रभाव से घायल बच्चों को प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां से दो लोगों को हिरासत में लेकर थाने लाए हैं। सूत्रों के मुताबिक गोविंदा के चचेरे भाई अभय कुमार पुत्र धर्मेंद्र के द्वारा की गई फायरिंग से दो लोगों के घायल होने से क्षेत्र में हलचल तेज हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर नाजायज असलाह तमंचा भी बरामद कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षकों ने लंबित समस्याओं को लेकर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

- शिक्षक संघ ने धरना देकर की 15 दिन के अंदर समस्याओं का निस्तारण करने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे के नेतृत्व में शिक्षकों की लंबित समस्याओं के निस्तारण हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय फतेहगढ़ में धरना दिया गया और लंबित समस्याओं को डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा गया।

दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि कई बार लिखित व मौखिक रुप से समस्याओं का निस्तारण हेतु ज्ञापन दिया गया। सभी समस्याओं का निस्तारण 15 दिन के अंदर किया जाये। जिसमें शिक्षकों की एन.पी.एस. कटौती का समुचित रखरखाव न होने से धनराशि शिक्षकों के प्रान खाता में प्रदर्शित नहीं हो रही है, जिससे शिक्षकों को व्याज का नुकसान हो रहा है। एन.पी.एस. से जी.पी.एफ. में सम्मिलित हुये शिक्षकों की पिछली कटौती जो एन.पी.एस. में हुई है धनराशि का वर्षवार ब्याज लगाते हुये धनराशि जी.पी.एफ. खाता में जमा की जाये। शिक्षकों के लम्बित पदोन्नति सम्बन्धी प्रकरणों का निस्तारण समय से नहीं हो पा रहा है। एमआईसी फतेहगढ़ में प्रवक्ता पद में 50 प्रतिशत कोटे का पद रिक्त है, परन्तु विद्यालय प्रशासन द्वारा कोई भी पत्रावली प्रेषित नहीं की जा रही है, जबकि विद्यालय के प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य को इस सम्बन्ध में पत्र भी लिखा जा चुका है। शिक्षकों के विभिन्न प्रकार के अवशेषों का भुगतान समय से नहीं हो रहा है। जिसके कारण शिक्षकों को बार-बार कार्यालय आना पड़ रहा है। पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित विषय विषेशज्ञ शिक्षकों की पेशन से सम्बन्धित प्रारूप पर सूचना एवं उनका निस्तारण करते हुये शीघ्र से शीघ्र शिक्षा निदेशक माध्यमिक को प्रेषित किया जाये। वर्तमान सत्र में सेवा निवृत्त शिक्षकों की पेंशन एवं जी.पी.एफ. का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। मानव सम्पदा पोर्टल पर शिक्षकों की सेवा सम्बन्धी अभिलेखों की प्रविष्टि एवं त्रुटियों को सुधारने के लिये जनपद के सम्बन्धित शिक्षकों को कार्यालय के पटल सहायक द्वारा परेशान किया जा रहा है। सेवानिवृत्त शिक्षकों के सामूहिक बीमा भुगतान के प्रकरणों के तत्काल निस्तरण करने की मांग की गई है। जनपद के प्रधानाचार्यगण की वर्तमान में जनगणना में ड्यूटी लगा दी गयी है, इसके कारण समी विद्यालय बन्द हो जायेंगे एवं विद्यालय की व्यवस्था में सभी कार्य वाधित हो जायेंगे। प्रधानाचार्यों की जनगणना ड्यूटी समाप्त की जाये। अतुल ऐन्थोनीदास व्यायाम शिक्षक क्रि0इ0 का0 में कार्यरत हैं, उन्हें शासनादेश के क्रम में प्रवक्ता पद नाम स्वीकृत होना है। प्रबंधक, प्रधानाचार्य पत्र का पालन नहीं कर रहे है। ऐसे में पत्रावली मंगवाकर निस्तारण किया जाये। लाल देवेन्द्र प्रताप सिंह दयानन्द इ0का0 अमृतपुर में स0अ0 पद पर कार्यरत है। उनका 12000/-रू0 को अवशेष वकाया है, लेखाकार को निर्देशित कर भुगतान कराया जाये। स्व0 रामवीर सिंह रस्तोगी इ0का0 में स0अ0 पद पर कार्यरत थे विगत वर्ष उनकी मृत्यु हो चुकी है। उनके एन.पी.एस. कटौती के भुगतान की पत्रावली कई माह पूर्व कार्यालय में भेजी जा चुकी है। परन्तु उसके भुगतान हेतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। भुगतान हेतु कार्यवाही की जाये। राकेश कुमार व्यायाम शिक्षक के.एस.आर. इ.का. कम्पिल में कार्यरत है उनकी 50 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत पदोन्नति होनी है, लेकिन विद्यालय प्रबन्धक द्वारा अपनी हट धर्मिता दिखाते हुये पदोन्नति पत्रावली कार्यालय प्रेषित नहीं कर रहे हैं, पत्रावली मंगवाई जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, जिला मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष शैलेश दुबे, संजीव चौहान, सुधाकर चतुर्वेदी, प्रशांत मिश्रा, प्रदीप जायसवाल, बृजेश कुमार, अभिनव दीक्षित, आशीष राजपूत, प्रभात दीक्षित, सतेन्द्र सिंह, संतोष दुबे, रजनीश शिवा, अतुल दास सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।


डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

## शिक्षकों ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद। माध्यमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपकर निस्तारण करने की मांग की है। जिसमें 1 अप्रैल 2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल की जाये। चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 एवं 21 की वापसी कर चयन बोर्ड अधिनियम 2023 में सम्मलित किया जाये। शिक्षकों के स्थानांतरण के संबंध में विद्यालय प्रबंधकों की भूमिका समाप्त की जाये। वित्त विहिन विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन का भुगतान किया जाये। 22 मार्च 2016 की साजाज्ञा से अच्छादित विनियमित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाये। वंचित तदर्थ शिक्षकों को विनियमितिकरण किया जाये। व्यवसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा दिया जाये।

# कला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

- सहस्त्रांशु प्रथम व कनिष्का द्वितीय तथा अनन्या तृतीय स्थान पर रहीं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विद्यालय में आयोजित कला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी फतेहगढ़ प्रांशु अवस्थी ने विद्यालय पहुँचकर और बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान शहर के आरआरपी पब्लिक स्कूल पहुँचकर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान किए गए। जिसके क्रम में प्रथम रैंक कक्षा10 के सहस्त्रांशु, द्वितीय रैंक पर कक्षा-9 की कनिष्का सिंह व तृतीय रैंक पर कक्षा-9 की अनन्या ने प्राप्त किया। इसके साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। अधिकारियों ने अपने संबोधन में बच्चों को अग्नि सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल बच्चों की रचनात्मकता को निखारती हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जागरूक भी बनाती हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने अग्निशमन विभाग का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी विजेताओं को भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



कार्यक्रम में सम्मानित होते विद्यार्थी

# श्रमिक दिवस पर आर्मी पब्लिक स्कूल में कर्मचारियों को किया गया सम्मानित


सम्मान के दौरान मौजूद विद्यालय कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने कर्मचारियों का सम्मान कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में श्रम के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता का विकास होता है। छात्र-छात्राओं ने काम की पूजा करने वाले, मेहनत से न डरने वाले, हमारा प्रणाम आपको समूह गीत प्रस्तुत कर कर्मवीरों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने हम जिगर पहाड़ का चीरें, जुर्रत की हम तस्वीरें, हम मजदूर गीत पर आधारित प्रभावशाली नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। चेयरमैन एवं स्टेशन कमांडर सिखलाई रेजीमेंट सेंटर, ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने कर्मचारियों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें समाज का कर्मयोद्धा बताया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें समाज का आधार स्तंभ बताया। इस अवसर पर डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी, अनूपा अग्निहोत्री, चंचल शर्मा, आस्तिकी मिश्रा, पूर्णिमा अग्निहोत्री, डॉ. नैन्सी आदि मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस व सामूहिक हवन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर 3 मई को जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में जनपद के समस्त आर्य समाज मंदिरों एवं हजारों आर्य परिवारों में प्रातः 9 बजे से सामूहिक यज्ञों का भव्य आयोजन किया जाएगा। भारतीय ऋषियों की अमूल्य धरोहर वेदों में वर्णित ईश्वर आज्ञा का पालन करते हुए यज्ञ के माध्यम से पर्यावरण शुद्धि व संरक्षण एवं आध्यात्मिक चेतना का दिव्य संदेश जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।

मंत्री डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्य समाज की सर्वोच्च संस्था के निर्देशानुसार यह आयोजन केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के 100 से अधिक देशों में व्यापक स्तर पर किया जा रहा है, जिसमें लाखों आर्यजन सहभागिता निभाएंगे। यह जानकारी आचार्य संदीप आर्य ने दी है।

# दसवीं की आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में दर्श कुमार ने विद्यालय में पाया प्रथम स्थान


टॉपर दर्श कुमार को मिठाई खिलाते परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सफलता सुविधा की मोहताज नहीं होती है। इसी प्रकार गरीब परिवार के बच्चे ने सच्चे मोती की तरह अपनी पहचान उजागर कर आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 92.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मॉडर्न पब्लिक स्कूल आईसीएसई परीक्षा फल में कक्षा 10 में अध्यरत्न दर्श कुमार ने विद्यालय स्तर पर 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार का मान बढ़ाया है। दर्श कुमार के पिता मुकेश कुमार शिक्षा विभाग से जुड़े हुए है। ब्लाक शमशाबाद में एआरपी रहे। वर्तमान में प्रधानाध्यापक सीएस भगवान में कार्यरत है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद के प्रधानाध्यापक राजकुमार के छोटे भाई है। दर्श कुमार ने बताया कि बिना कोचिंग के घर पर अध्यापन किया। भारतीय प्रशासनिक में जाने की इच्छा है। परिवार में मां ग्रहणी है, छोटी बहन आस्था कक्षा 8 में पढ़ रही है। परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। इस सफलता पर मां-बाप की मेहनत और त्याग व समर्पण बताया है। पिता ने दर्श कुमार को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। उहें आईएएस बनने के लिए परिवार प्रेरित करता है। इस दौरान राजकुमार, सविता देवी, सान्हया, सुमन आदि लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्वास्थ्य टीम ने बच्चों का किया टीकाकरण



विद्यालय में टीकाकरण करती स्वास्थ्य टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्वास्थ्य टीम द्वारा बच्चों का टीकाकरण किया गया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला की देखरेख में बच्चों को टीका लगाया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कायमगंज से आयी स्वास्थ्य टीम ने मदारपुर स्कूल में टीकाकरण किया। कम्युनिटी हेल्थ आफीसर प्रदीप वर्मा, एएनएम शिववती, आशा हेल्थ वर्कर रामदेवी ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में प्रात: 8 बजे पहुंच कर गर्भवती महिलाओं एवं शून्य से 16 साल तक के बच्चों का टीकाकरण किया गया। वजन कम मिलने, खून की कमी होने पर उन्हें नि:शुल्क दवाई वितरित कर उन्हें स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। इस अवसर पर कमलेश राजपूत, मेमवती, मोहिनी, सत्यवती, आशा देवी, प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सराहनीय सहयोग किया।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर 9 मई को मूर्ति का अनावरण करेंगे ठा. जयवीर सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बढ़पुर स्थित होटल राजपूताना के सभागार में वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में क्षत्रिय महासभा की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में करणी सेना के पदाधिकारी शामिल हुए। वीरेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि क्षत्रिय कुलभूषण वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 9 मई को जयंती है। उनकी जयंती पर रोडवेज परिसर में स्थित मूर्ति का अनावरण प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पर्यटन विभाग ठा0 जयवीर सिंह करेंगे। महारणा प्रताप की मूर्ति स्थापित कराने के लिए क्षत्रिय महासभा सहित सभी ने प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की थी। जिस पर रोडवेज परिवहन मंत्री दयाशंकर सहित दर्जनों विधायक जनप्रतिनिधियों ने इस मूर्ति लगवाने के लिए प्रस्ताव को स्वीकार किया। जिस पर कार्यवाही करते हुए महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित की गई। जिसका उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री ठा0 जयवीर सिंह 9 मई को प्रातः 10 बजे रोडवेज बस स्टैण्ड पहुंचकर करेंगे। इस मौके पर लक्ष्मी शरण सिंह राठौड़, राजेश सिंह, रामेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, धर्मवीर सिंह, रामप्रताप सिंह, भानु ठाकुर, वीपी चौहान, रजनीश सिंह राठौर आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद वीरेन्द्र सिंह राठौर व अन्य

# भाविप सहयोग शाखा द्वारा वितरित किया गया शरबत


शरबत वितरित करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुद्ध पूर्णिमा एवं अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वावधान में बस स्टैंड के पश्चिमी गेट पर शरबत वितरण किया गया। भाविप सहयोग शाखा के पदाधिकारियों ने रोडवेज बस स्टैण्ड पर शरबत एवं जरूरतमंदों के लिए अंगोछा भी वितरित किया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ0 आरके गुप्ता, सहयोग शाखा की अध्यक्षा रीता दुबे, सचिव मंजूश्री, कोषाध्यक्ष आशा वर्मा एवं महिला सहभागिता रचना वर्मा मौजूद रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य केके पाठक, डॉ0 कुष्णकांत अक्षर, संजय दुबे, आरके वर्मा, अजय शंकर तिवारी, अवधेश दुबे, संजीव कुमार वर्मा मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, किया विरोध प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्मार्ट मीटर को लेकर थाना कमालगंज के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में फतेहगढ़ आफीर्स क्लब पहुंच गये और स्मार्ट मीटर बदलने के लिए मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपा।

थाना कमालगंज के ग्राम जरारी के एक दर्जन से अधिक ग्रामीण आफीर्स क्लब पहुंचे। जहां उन्होंने स्मार्ट मीटर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में कहा कि जो स्मार्ट मीटर लगाये गये है उसमे बहुत ज्यादा बिल आने से बहुत परेशानी हो रही है, एक महीने मे दो-दो बार बिल आ रहा है और किसी का एक महीने का 4000 से 5000 तक बिल आ रहा। जिससे ग्रामीण तबके के लोग बहुत परेशान है। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री से पुराने मीटर लगवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में नाजरीन बेगम, तन्नो बेगम, क्यामुद्दीन, अकील, जमालुद्दीन, पप्पू, मोहम्मद नाजिम, हादीसा बेगम, निजामुद्दीन, बानो बेगम, रियाजुद्दीन, सकील, हसमतुल्ला, राजेन्द्र सिंह, रमेश चन्द्र, रामरतन, सहाना बेगम, जमीऊद्दीन, सादमा बेगम, जायद, इसवाना बेगम, कमरुद्दीन, नसीम, ओमप्रकाश, सर्वेश कुमार, बांकेलाल, सतीश, सुहाना बेगम आदि मौजूद रहे।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते ग्रामीण


बैठक में मौजूद बसपा नेता

## बसपा की बैठक में 50 प्रतिशत युवाओं को जोड़ने का दिया गया निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक कायमगंज विधानसभा में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी विजय भास्कर रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के निर्देश पर विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक में सेक्टर कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया गया। गठन के दौरान 50 प्रतिशत युवाओं को जोड़ने का निर्देश दिया गया और आगामी 2027 के चुनाव में पुन: बसपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नागेन्द्र पाल जाटव, अरुण त्रिवेदी, धर्मेन्द्र राणा, नेमसिंह गौतम, रामऔतार गौतम, अजीत पाल, गौरव, सिद्धार्थ, अहिवरन लोधी, संजय कुमार, राजेश गौतम, दिनेश कुमार, दीप सिंह जाटव, अजयवीर शाक्य, वीरेंद्र गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसपी ने 17 नई डायल 112 पीआरवी को दिखाई हरी झंडी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन फतेहगढ़ परिसर से आपातकालीन सेवा डायल 112 की 17 चार पहिया वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर विधिवत रवाना किया गया। इस अवसर पर संबंधित पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि डायल 112 सेवा आमजन की त्वरित सहायता एवं सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है नई गाड़ियों के आने से पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम बेहतर होगा और घटनास्थल पर तेजी से पहुंचना संभव होगा। साथ ही इन वाहनों से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त भी मजबूत होगी। जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। अतः प्रत्येक कॉल पर तत्काल, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शनिवार को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन परिसर से डायल 112 सेवा की 17 नई चार पहिया गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर जनता की सेवा में समर्पित किया। हाई-टेक बेड़ाइइन नए अत्याधुनिक वाहनों के आने से अब पुलिस घटनास्थल पर पलक झपकते ही पहुंच सकेगी। मजबूत गश्त शहर की तंग गलियों से लेकर ग्रामीण इलाकों के दूर-दराज रास्तों तक, अब पुलिस की मौजूदगी हर जगह और भी प्रभावी होगी। अपराध पर प्रहारगश्त तेज होने से न केवल रिस्पॉन्स बेहतर होगा, बल्कि अपराधियों के मन में खौफ भी बढ़ेगा। रवानगी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कड़ा संदेश देते हुए कहा डायल 112 आमजन का भरोसा है। हर कॉल पर संवेदनशीलता दिखाएं और तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनता की मदद में कोई देरी बर्दाश्त नहीं होगी। इन वाहनों के शामिल होने से फतेहगढ़ पुलिस अब और भी हाई-टेक और मुस्तैद नजर आ रही है।


नये वाहनों का पूजन करती एसपी



पीआरवी को हरी झण्डी दिखती पुलिस अधीक्षक

# डीएम-एसपी ने सुनी फरियादें, 10 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता एंव पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की उपस्थिती मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कुल 97 शिकायती प्रार्थना पत्र आये। जिसमे 10 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर शेष विभागीय अधिकारियो को निस्तारण के लिये सौंप दिये गये। जिलाधिकारी ने शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही को अक्षम्य बताया। समाधान दिवस मे ग्राम बुढ़वल निवासी नीरज शुक्ला ने नगर पंचायत क्षेत्र की सड़को व गलियो को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग उठाई। देवी शरण शर्मा एडवोकेट ने पीजी कॉलेज में बीएससी, एमएससी की विज्ञान कक्षाये संचालित कराये जाने की मांग की जिसे विशेष तरजीह मिली।ग्राम तिलवारी निवासी अजीत सिंह ने डिजिटल विद्युत मीटर में अधिक बिल आने की शिकायत करते हुए मीटर बदलवाने की मांग की।सभी शिकायतो को आलाधिकारी द्वय ने गंभीरता से सुनकर गुणवत्तापूर्ण समय सीमा के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिससे शासन की मंशा के अनुरुप लोगो को त्वरित न्याय मिल सके।

## सड़क दुर्घटना मे तीन की मौत

**गुरसहायगंज कन्नौज।** ओवरटेक करने के चक्कर में दो बाइके आपस में भिड गई और दोनों बाइकें सड़क पर पलट गई जिससे पीछे आ रहे ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया जिसमें तीन बाइक सवारो की मौत हो गई तथा एक युवती गम्भीर घायल हो गयी जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सरायदौलत के निकट स्थित मोहन कोल्ड स्टोरेज के पास ओवरटेक करने के चक्कर में दो बाइक सवार आपस में भिड़ गए जिससे बाइकें अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार युवकों को रौंद दिया जिसमें जौनपुर निवासी अंकेत विश्वकर्मा तथा गुरसहायगंज निवासी मन्नू तिवारी व अमाई जौनपुर निवासी रोहित को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

## 125 शिकायतें आईं, 10 का मौके पर निस्तारण

# पहली बार निघासन पहुंचे डीएम, संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी**



नवागत जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह के पहली बार निघासन आगमन पर शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस खासा चर्चाओं में रहा। डीएम के दौरे की सूचना मिलते ही क्षेत्र के दूर-दराज गांवों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर तहसील पहुंच गए, जिससे परिसर में खासा जनसमूह देखने को मिला।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के साथ करीब दो घंटे तक एक-एक फरियादी की शिकायत गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराह्न करीब 12:15 बजे तहसील परिसर पहुंचे डीएम-एसपी ने सबसे पहले परिसर स्थित वाटिका में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद दोनों अधिकारी सीधे तहसील सभागार पहुंचे, जहां समाधान दिवस के तहत फरियादियों की शिकायतें दर्ज की गईं। समाधान दिवस में कुल 125 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें पुलिस विभाग की 26, राजस्व विभाग की 64, आपूर्ति विभाग की 9, विकास विभाग की 7, विद्युत विभाग की 6, कार्यक्रम के 1, शिक्षा विभाग की 1, नगर पंचायत की 5, वन विभाग की 1, जल निगम की 1, बैंकिंग से संबंधित 1 तथा समाज कल्याण विभाग की 3 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जो सभी राजस्व विभाग से जुड़ी थीं, जबकि शेष 115 शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और प्रत्येक मामले में गुणवत्ता व पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मोतीपुर गांव की विपना चौधरी, सुमन, कुतुना और पूजा को आवास की चाबियां वितरित की गईं। इस अवसर पर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर मिले और कोई भी जरूरतमंद वंचित न रहे। इसके अलावा गौशालाओं के लिए भूसा दान करने वाले दानदाताओं को भी सम्मानित किया गया।

**पात्रों को सौंपी आवास की चाबियां**

## संपूर्ण समाधान दिवस में 44 शिकायतें प्राप्त, 4 का मौके पर निस्तारण

### शेष 40 मामलों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** तहसील गोला गोकर्णनाथ में शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 40 प्रार्थना पत्रों को स्थलीय जांच के लिए संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में सर्वाधिक 27 शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग से संबंधित रहीं, जिनमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया तथा 23 लंबित मामलों को जांच हेतु भेजा गया। पुलिस विभाग से 6 शिकायत, संयुक्त जांच से संबंधित 4 प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। खाद्य एवं रसद विभाग के 4, चीनी उत्पादन एवं गन्ना विकास विभाग का 1 तथा विद्युत विभाग का 1 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिनका निस्तारण संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। जबकि 40 मामलों को जांच के लिए अग्रसारित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### शादी का झांसा देकर युवती को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 24 वर्षीय युवती के लापता होने के मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने विपक्षी हरप्रीत सिंह उर्फ अर्पित उर्फ़ हैप्पी पुत्र अज्ञात नि0 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने युवक पर शादी का झांसा देकर युवती को अपने साथ भगा ले जाने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम रमुआपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी भतीजी का उक्त युवक से प्रेम संबंध था। आरोप है कि 26-27 अप्रैल की रात युवक युवती को शादी का आश्वासन देकर अपने साथ ले गया। युवती अपने साथ जरूरी दस्तावेज भी ले गई है। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद जब युवक से संपर्क किया गया तो उसने सही लोकेशन बताने से इंकार कर दिया। साथ ही आशंका जताई गई है कि युवती के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित युवक की होगी। परिजनों ने यह भी बताया कि आरोपी को पहले भी समझाया जा चुका था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### तेज रफ्तार कार का कहर: पिता-पुत्र की मौत, कई घायल

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखरावां निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 अप्रैल की दोपहर करीब 3 बजे उसके पिता रामचंद्र, माता माया देवी, पुत्र आर्यन और चचेरा भाई अनुपम एक वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। रास्ते में कपरहा-गोला लिंक मार्ग पर कोटवारा मोड़ के पास उनकी मोटरसाइकिल अचानक बंद हो गई। सभी लोग सड़क किनारे खड़े हो गए, जबकि अनुपम बाइक ठीक करने लगा। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार ने तेज रफ्तार और लापरवाही से गलत दिशा में आकर सड़क किनारे खड़े सभी लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान रामचंद्र की उसी दिन मौत हो गई, जबकि बाद में लखनऊ में उपचार के दौरान आर्यन ने भी दम तोड़ दिया। माया देवी की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। हादसे में मोटरसाइकिल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार के बाद कोतवाली में तहरीर दी गई, जिस पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा को सौंपी गई है।

### दो बाइको की भिड़ंत से बाइक चालक घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के समौती गांव में शनिवार की सुबह दो बाइको की आमने सामने भिड़ंत होने से एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । मौके पर पहुँची एम्बुलेंस 108 के कर्मियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफ़र कर दिया है । थाना क्षेत्र के छतरिहा गांव निवासी 30 वर्षीय अख्तर अली बाइक से केवटान बस्ती में गया था वापस लौटते समय समौती नहर पर पहुँचे की सामने से आ रहे बाइक सवार की बाइक से भिड़ंत होने से बाइक चालक अख्तर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस चालक विनोद कुमार व ईएमटी उमेश ने घायल बाइक चालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बाइक चालक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफ़र कर दिया है।

### भैंस से टकराकर बाइक सवार दंपती घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के पुरवा औसान सिंह गांव में शुक्रवार की शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उनका उपचार चल रहा है प्रयागराज जनपद के मांडा थाना क्षेत्र के देवा दसवार गांव निवासी सूरज (23) अपनी पत्नी मनीषा (20) के साथ थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी अपने साढ़ू राम सकल कोल के यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे पुरवा औसान सिंह गांव के पास पहुंचे अचानक सड़क पर आई भैंस से बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 को दी।सूचना पर पहुंची डायल 112 वाहन संख्या 5882 के उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार गुप्ता व कांस्टेबल कृष्ण कुमार पटेल ने घायल दंपती को अपने वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. विमल कुमार ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक के अनुसार घायलों की स्थिति फिलहाल सामान्य है। पुलिस की तत्परता से समय पर उपचार मिलने से बड़ा हादसा टल गया।

### युवक की तबियत बिगड़ने पर मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी युवक की तबियत बिगड़ने पर शनिवार को मौत हो गई युवक के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया है युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव 35 वर्षीय मोती कुमार की शनिवार की सुबह अचानक खून की उल्टी होने से अचानक तबियत बिगड गई ज़ब तक युवक के परिजनों द्वारा युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आते तब तक युवक ने दम तोड़ दिया युवक के परिजनों द्वारा युवक को मृत अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विमल कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना पर युवक के परिजनों में कोहराम मच गया है। युवक के परिजनों द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया है । इस संबंध में चिकित्सक विमल कुमार ने बताया की युवक के परिजनों द्वारा युवक को मृत अवस्था में लेकर आये थे युवक को मृत घोषित कर दिया गया है।

# बीच सड़क बिकी यूरिया खाद, सिस्टम पर उठे सवाल

- न अंगूठा, न आधार, न खतौनी-ट्रक से सीधे किसानों को बिक्री
- ट्रांसपोर्टर की मनमानी या लापरवाही ? जांच की मांग तेज

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**



किसानों के लिए जरूरी यूरिया खाद की किल्लत के बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सहकारी गन्ना विकास समिति लि. गोला गोकर्णनाथ की बताई जा रही यूरिया खाद को ट्रक से बीच रास्ते में ही उतारकर बेचे जाने का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन गोला गोकर्णनाथ से ट्रांसपोर्टर द्वारा खाद गोदाम ममरी ले जाई जा रही यूरिया खाद को ट्रक चालक ने नगर से करीब दो किलोमीटर दूर गांव कंजा के पास सड़क किनारे ही उतारकर बेचना शुरू कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि इस दौरान न तो किसी प्रकार का अंगूठा सत्यापन किया गया, न ही आधार या खतौनी की जांच हुई और न ही मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद था।

इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे एक व्यक्ति ने मौके का वीडियो बना लिया, जिसमें चालक से पूछताछ भी की गई। वीडियो के वायरल होते ही मामला चर्चा का विषय बन गया।

मामले की जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव बलवंत चौधरी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं उठाया गया। इसके बाद उन्होंने उप गन्ना आयुक्त परिक्षेत्र लखनऊ शशिधर द्विवेदी से बात की, जिन्होंने घटना की जानकारी न होने की बात कही और तत्काल सचिव से संपर्क किया।

बाद में सचिव बलवंत चौधरी ने फोन कर बताया कि वह पारिवारिक कार्यक्रम में गांव गए हुए हैं। उन्होंने कहा कि खाद गन्ना समिति की जरूर है, लेकिन जब तक ट्रांसपोर्टर द्वारा आरआई पर्चा देकर खाद गोदाम में सुपुर्द नहीं की जाती, तब तक उसकी जिम्मेदारी ट्रांसपोर्टर और चालक की ही होती है। समिति केवल उतनी ही खाद का भुगतान करेगी, जितनी बोरियों का आरआई प्राप्त होगा।

अब सवाल यह उठ रहा है कि एक ओर जहां किसानों को यूरिया के लिए जूझना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर खुलेआम सड़क पर खाद की बिक्री कैसे हो रही है। बिना किसी सत्यापन के हो रही इस बिक्री से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

फिलहाल, इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

# शादी की खुशियां मातम में बदलीं शारदा नदी में डूबने से युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी**

लखीमपुर खीरी के भीरा थाना क्षेत्र के सोनपीपर गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे ने खुशियों भरे माहौल को गम में बदल दिया। मुंडन संस्कार में शामिल होने आए 22 वर्षीय युवक की शारदा नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद जहां एक ओर परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनपीपर निवासी दिलीप गिरी के बच्चे का मुंडन संस्कार शारदा पुल के पास नदी किनारे आयोजित किया गया था। इस अवसर पर रिश्तेदारों, परिचितों और ग्रामीणों की बड़ी संख्या मौजूद थी। इसी दौरान गांव का युवक रामनिवास अपने साथियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा और नहाने के लिए नदी में उतर गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नहाते समय रामनिवास अचानक गहरे पानी में चला गया और कुछ ही पलों में लहरों में ओझल हो गया। युवक को डूबता देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथियों और ग्रामीणों ने तत्काल उसे बचाने के प्रयास शुरू किए, लेकिन तेज बहाव और गहराई के चलते सफलता नहीं मिल सकी।

करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को नदी से बाहर निकाला गया। परिजन और ग्रामीण उसे आनन-फानन में पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक के परिवार में उसी दिन शादी की तैयारियां भी चल रही थीं और शाम को बारात जानी थी।

## मेला मैदान में भीषण आग, कपड़ा दुकान का लाखों का सामान जलकर राख

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** नगर के मेला मैदान मार्केट स्थित एक कपड़ा दुकान में शुक्रवार देर रात भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना से व्यापारी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार, मेला मैदान स्थित शमीर क्लॉथ हाउस में 1 मई की रात करीब 11:30 बजे अचानक आग लग गई। दुकान के स्वामी रियाज अहमद को जैसे ही घटना की सूचना मिली, वह तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि दुकान में तेज लपटें उठ रही थीं और आग तेजी से फैल चुकी थी। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश कपड़ा और अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। घटना के बाद नगर उद्योग व्यापार मंडल ने प्रशासन से पीड़ित व्यापारी को आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि व्यापारी को हुए नुकसान की भरपाई के लिए शासन स्तर से मदद दी जानी चाहिए, ताकि वह दोबारा अपना व्यवसाय शुरू कर सके और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और आवश्यक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।



## आरआरसी सेंटर के गेट पर बांधे जा रहे मवेशी, ग्रामीणों के लिए छलावा साबित हो रहा स्वच्छता अभियान

- 13 लाख की योजना बेअसर, जिम्मेदार बने बेपरवाह
- उपयोग के अभाव में गांव में कचरा प्रबंधन ठप

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।**



हलिया विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बंजारी कला के गंवई मोहल्ले में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वर्ष 2022-23 में लगभग 13 लाख रुपये की लागत से निर्मित आरआरसी (रूरल रिसोर्स) सेंटर आज भी उपयोग के अभाव में बंद पड़ा है। मौके पर देखने से साफ जाहिर होता है कि यह केंद्र लंबे समय से संचालित नहीं हो रहा है।भवन के मुख्य द्वार पर लोहे का गेट बंद है और उस पर ताला जड़ा हुआ है।आर आर सी सेंटर की उपयोगिता नही होने से गेट के ठीक सामने मड़हा लगाकर मवेशियों को बांधा जा रहा जिससे स्पष्ट है कि यहां कोई नियमित गतिविधि नहीं हो रही है। दीवारों पर जगह-जगह दाग-धब्बे नजर आ रहे हैं, जो रखरखाव की कमी को दर्शाते हैं। उपयोग के अभाव में यह केंद्र अब ग्रामीणों के लिए नहीं, बल्कि मवेशियों का ठिकाना बन गया है।

मौके पर यह भी देखने को मिला कि सेंटर के सामने कचरे और सूखे पत्तों का ढेर जमा है, जिसे अस्थायी रूप से घेरकर रखा गया है। परिसर में जगह-जगह गोबर और गंदगी फैली हुई है, वहीं बर्तन और टोकरी जैसे सामान पड़े हैं, जो संकेत देते हैं कि यहां मवेशियों को बांधा और रखा जा रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि जिस भवन का उपयोग कचरा प्रबंधन के लिए होना था, वह अब पशुओं के उपयोग में आ रहा है। भवन के बाहर लगा शिलापट्ट योजना की जानकारी तो देता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत दिखाई देती है। परिसर में चारों ओर सूखी घास और मिट्टी फैली हुई है, जबकि एक ओर कचरे और सूखे पत्तों का अस्थायी ढांचा बना हुआ है। इससे यह प्रतीत होता है कि कचरा प्रबंधन की कोई व्यवस्थित व्यवस्था यहां लागू नहीं की गई है। वहीं, परिसर में लगा हैंडपंप भी ध्वस्त पड़ा है और आसपास साफ सफाई का अभाव दिखता है, जिससे इसकी उपयोगिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस आरसी सेंटर को चालू किया जाए तो गांव में कचरा प्रबंधन बेहतर हो सकता है और स्वच्छता अभियान को मजबूती मिल सकती है। साथ ही, स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते यह केंद्र केवल दिखावा बनकर रह गया है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस आरसी सेंटर को संचालित किया जाए और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर इसे उपयोग में लाया जाए, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप गांव को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सके। इस संबंध में एडिओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही निरीक्षण किया जाएगा।

## मजदूर दिवस पर तरुण चेतना ने श्रमिकों को किया जागरूक, ग्लूकोज़-डी का हुआ वितरण

- घंटाघर चौक पर मजदूरों संग जागरूकता कार्यक्रम, हीट-वेव से बचाव के बताए उपाय



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर तरुण चेतना संस्थान, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मजदूरों के साथ एक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता व कार्य के दौरान हीट-वेब से बचाव के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर उप श्रमायुक्त सुविज्ञ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि श्रम ही सम्मान है और श्रमिक ही देश की पहचान हैं।कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। श्रमिक अपने परिश्रम से न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, बल्कि देश की आर्थिक संरचना को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी।कार्यक्रम में तरुण चेतना संस्थान के निदेशक नसीम अंसारी ने श्रमिकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मजदूर समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि संस्था सदैव श्रमिकों के हितों के लिए कार्य करती रहेगी और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने श्रमिकों को संगठित रहने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आपदा विशेषज्ञ अनुपम शेखर तिवारी ने अपने संबोधन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बढ़ती गर्मी और हीट वेव के खतरे को देखते हुए मजदूरों को बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें पर्याप्त पानी पीने, धूप में काम करते समय सावधानी बरतने तथा लू से बचने के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में तरुण चेतना द्वारा मजदूरों को गर्मी से बचाव हेतु डाबर का ग्लूकोज़-डी और बोतल वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूरों की सहभागिता रही और उन्होंने इस पहल की सराहना की।इस कार्यक्रम में अधिवक्ता व समाजसेवी दीपेंद्र मिश्रा, हकीम अंसारी, श्याम शंकर शुक्ला, हुस्नारा बानो सहित कई गणमान्य लोगों ने श्रमिकों के सम्मान में अपने विचार व्यक्त कर सक्रिय भागीदारी निभाई।

## डीएम ने शुकुलपुर दहिलामऊ दक्षिणी में जल भराव का किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने नगर पालिका परिषद बेल्हा अन्तर्गत शुकुलपुर दहिलामऊ दक्षिणी में नगरवासियों के जल भराव की शिकायत का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार को तत्काल नाला चिन्हांकन करने के निर्देश दिये, साथ ही ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार को निर्देशित किया कि नाले की कच्ची खुदाई कराकर जल निकासी व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाय ताकि क्षेत्र में जमे पाने को तुरन्त निकाला जा सके। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि स्थायी समाधान के लिये पक्के नाले के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कराकर जल्द से जल्द शासन को भेजा जाय।

# श्रमिक दिवस पर लाल सितारा पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**समृद्धि न्यूज़**



**प्रतापगढ़।** विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल प्रतापगढ़ की ओर से जिला पंचायत सभागार में समारोह का आयोजन किया गया।जन कवि स्वर्गीय रघुवीर सिंह पवन की रचनाओं का संग्रह लाल सितारा का लोकार्पण किया गया। उल्लेखनीय है की लाल सितारा का प्रकाशन इंक पब्लिकेशन प्रयागराज ने किया है और इसकी मार्केटिंग और वितरण अनुज प्रशासन से किया गया।इस अवसर पर जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के महामंत्री एनपी मिश्रा ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का स्वागत किया। जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष हेमंत नंदन ओझा ने कार्यक्रम एवं पुस्तक की भूमिका रखते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर डीपी ओझा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय प्रगतिशील जनवादी शायर जमुना प्रसाद उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि सोभीनाथ अनाड़ी फैजाबादी तथा डॉक्टर एसके पांडे रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपना संबोधन देने वाले वक्ताओं ने मजदूरों की दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए शोषण विहीन समाज के निर्माण पर बल दिया। वक्ताओं में मुख्य रूप से रामबरन सिंह, वीपी त्रिपाठी, डीपी सिंह, राजमणि पांडे, सलीमुद्दीन, लाल बहादुर तिवारी जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पटेल, आदि अपने वक्तव्य दिए। इस अवसर पर साहित्यकारों में मुख्य रूप से आचार्य अनीश देहाती, निर्झर प्रतापगढ़ी, राजेंद्र राज, डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कवि सुनील प्रभाकर ने किया। साहित्यकारों में इस अवसर पर प्रमुख रूप से आफताब जौनपुरी, मुर्तजा आजाद, डॉ राजेंद्र यादव, वैध बरसाती आदि उपस्थित सभी साहित्यकारों का अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण के साथ सम्मान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों कर्मचारी संगठन के नेतागण आदि उपस्थित थे। डॉ डीपी ओझा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि रघुवीर सिंह पवन का व्यक्तित्व और उनकी रचनाएं प्रसिद्ध कवि धूमिल,अज्ञेय, निराला जैसे महान कवियों के स्तर की है।विशिष्ट अतिथि डॉक्टर एसके पांडे ने कहा कि प्रगतिशील आंदोलन को जो प्रेरणा देता है, संचालित करता है और उसे सार्थक दिशा देता है वही प्रगतिशील साहित्यकार है। लाल सितारा रघुवीर सिंह पवन की कृतियों का संग्रह प्रगतिशील साहित्य में श्री वृद्धि करेगा। सोभनाथ अनाड़ी प्रसिद्ध गीतकार एवं साहित्यकार ने इस अवसर तपता सूरज लम्बा रास्ता छोटे-छोटे लोग गीत सुना कर 1 मई 1886 से अब तक श्रमिक आंदोलन में अपनी शहादत देने वाले और योगदान देने वालों के प्रति सम्मान व्यक्त किया और रघुवीर सिंह पवन की स्मृतियो को लाल सलाम करते हुए अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। साहित्यकार कवि मुख्य अतिथि जमुना प्रसाद उपाध्याय ने इस अवसर पर लाल सितारा के प्रकाशन के लिए जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष हेमंत नंदन ओझा, अनुज प्रकाशन के नागेंद्र अनुज तथा संपादक साहित्यकार राजमूर्ति सिंह सौरभ और सुनील प्रभाकर के प्रति आभार व्यक्त किया।